23 अक्टूबर, 2025
कार्तिक, शुक्ल पक्ष, द्वितीया
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 11, अंक 05

‘जे नाची से बांची’ जो संस्कृति से जुड़ा रहेगा, वही समृद्धि से भरा रहेगा



SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery | KG - I
Nursery | KG - II
ADMISSION OPEN



Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHARM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

# बिहार चुनाव: अभी तक नहीं सुलझा ‘महागांठबंधन’

## ■ महागठबंधन में सीटों पर तनातनी जारी

● गुरुवार को संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में सब साफ हो जायेगा : गहलोत

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में ‘महागांठबंधन’ अभी तक नहीं सुलझ पाया है। महागठबंधन में सीट और साझा घोषणा पत्र पर खींचतान जारी है। इस मामले को सुलझाने के लिए कांग्रेस आलाकमान ने अशोक गहलोत को पटना भेजा है। गहलोत बुधवार सुबह पटना पहुंचे। उन्होंने राजद प्रमुख लालू यादव और तेजस्वी से उनके आवास पर मुलाकात की। मुलाकात के बाद गहलोत ने कहा कि हमारी लालू जी और तेजस्वी यादव से अच्छी बातचीत हुई है। गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस होगी और सब कुछ स्पष्ट हो जायेगा। सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल ने भी तेजस्वी से बात की है।

**5-7 सीटों पर दोस्ताना मुकाबला हो सकता है:** गहलोत ने कहा कि हम एनडीए के खिलाफ मजबूती से चुनाव लड़ने जा रहे हैं। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव मिलकर चुनाव अभियान की शुरुआत करेंगे। बिहार में कुल 243 सीटें हैं। 5-7 सीटों पर दोस्ताना मुकाबला हो सकता है। हम साथ मिलकर प्रचार करेंगे और चुनाव जीतेंगे।

## ■ लालू-तेजस्वी से मिले अशोक गहलोत



**गहलोत-तेजस्वी के बीच एक घंटे चली बैठक**

अशोक गहलोत और कृष्णा अल्लावरु की तेजस्वी के साथ एक घंटे से ज्यादा देर तक बैठक चली। मैराथन बैठक के बाद बाहर आये गहलोत ने दावा किया कि महागठबंधन में कोई रार नहीं है। कुछ सीटों पर दोस्ताना मुकाबला कोई इश्यू नहीं है। कई राज्यों में ऐसी स्थिति देखने को मिली है। सीटों की घोषणा में देरी भी कोई नयी बात नहीं है।

## तेजस्वी की चुनावी घोषणा

**पटना (आजाद सिपाही)।** महागठबंधन के साझा घोषणा पत्र से पहले ही राजद नेता तेजस्वी यादव ने तीन चुनावी घोषणा कर दी। उन्होंने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बिहार के लोगों ने बदलाव का मन बना लिया है। लोग गरीबी, महंगाई, बेरोजगारी से परेशान हैं। हमलोगों ने जो संकल्प लिया था, जो घोषणाएं की, नीतीश सरकार ने उसकी भी नकल की। आज हमलोग बिहारवासियों को लिए तीन बड़ी घोषणा करने जा रहे हैं। महागठबंधन की सरकार बनते ही इसे लागू करेंगे। तेजस्वी यादव जो कहता है, वह करता है। क्योंकि पिछले चुनाव के वक्त हमने जो बातें कहीं, उसे 17 महीने के कार्यकाल के दौरान पूरा कर दिया। पहला, सीएम जीविका दीदियों को सरकारी कर्मचारी दर्जा दिया जायेगा। इनका वेतन 10 हजार से बढ़ाकर 30 हजार रुपये महीने की जायेगी। दूसरा, सभी संविदा कर्मियों को स्थायी किया जायेगा। तीसरा हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जायेगी। उधर, तेजस्वी ने प्रेस कांफ्रेस में महागठबंधन में सीटों और साझा घोषणा पत्र को लेकर खींचतान पर कुछ भी नहीं कहा।



### तेजस्वी जनता के साथ मजाक करना बंद करें: सुधांशु त्रिवेदी



**पटना (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि तेजस्वी को बिहार की जनता के साथ मजाक करना बंद करना चाहिए। नीतीश कुमार की सरकार के सत्ता में आने के बाद, बिहार में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं चल रही हैं। हर घर शौचालय, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मुद्रा योजना, लाखपति दीदी और ड्रोन दीदी जैसी योजनाएं पिछले 10 सालों की हमारी सोच का प्रमाण हैं। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए, एनडीए और नीतीश जी का दृष्टिकोण व्यवस्थित, निरंतर और व्यावहारिक है। तेजस्वी जी ने कहा कि वे 10 लाख नौकरियां देंगे, लेकिन इसका असली मतलब है कि वे 10 लाख रुपये में एक नौकरी देंगे। इसका मतलब है कि अब वे नौकरी के लिए घर और संपत्ति लेंगे, जैसे पहले वे नौकरी के लिए जमीन लेते थे।

## घाटशिला उपचुनाव : 14 प्रत्याशी मैदान में, तीन का नामांकन रद्द

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** जिले के 45-घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के तहत बुधवार को नामांकन पत्रों की संवीक्षा प्रक्रिया पूरी कर ली गयी। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुल 17 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया था, जिनमें से 14 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र वैध पाये गये हैं। वहीं, तीन उम्मीदवारों के नामांकन पत्र विभिन्न कारणों से रद्द कर दिया गया। जिन अभ्यर्थियों के नामांकन स्वीकृत हुए हैं, उनमें प्रमुख दलों के उम्मीदवारों के साथ कई निर्दलीय प्रत्याशी भी शामिल हैं। भाजपा से बाबूलाल सोरेन और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) से सोमेश चंद्र सोरेन के बीच मुख्य मुकाबला होने की संभावना जतायी जा रही है। इनके अलावा पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) की पार्वती हांसदा, भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) के पंचानन सोरेन और जेएलकेएम के रामदास मुर्मू भी मैदान में हैं।

निर्दलीय प्रत्याशियों में परमेश्वर टुडू, श्रीलाल किस्कू, मनसा राम हांसदा, नारायण सिंह, विकास हेंब्रम, बसंत कुमार तोपनो, मनोज कुमार सिंह, विक्रम किस्कु और रामकृष्ण कांति महली शामिल हैं।

वहीं, जिन अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र रद्द किये गये हैं, उनमें निर्दलीय मालती टुडू, आपकी विकास पार्टी के दुखिराम मांडी और राष्ट्रीय सनातन पार्टी के मंगल मुर्मू के नाम शामिल हैं। निर्वाचन कार्यालय के अनुसार, इनके नामांकन पत्र अधूरे दस्तावेजों और प्रक्रिया संबंधी त्रुटियों के कारण अस्वीकृत किये गये हैं। अब अभ्यर्थियों के नाम वापस लेने की अंतिम तिथि तय की गयी है, जिसके बाद निर्वाचन आयोग अंतिम प्रत्याशी सूची जारी करेगा। उल्लेखनीय है कि घाटशिला सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है, जहां उपचुनाव को लेकर सभी प्रमुख राजनीतिक दलों ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं।




### ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा लेफ्टिनेंट कर्नल बने

**पानीपत।** ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा टेरिटोरियल आर्मी में लेफ्टिनेंट कर्नल (मानद) बन गये हैं। बुधवार को दिल्ली में अलंकरण समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने उन्हें उपाधि दी। इस दौरान उनकी मां सरोज देवी, पिता सतीश चोपड़ा, चाचा भीम चोपड़ा और पत्नी हिमानी मोर भी मौजूद रहीं। बताते चलें कि हरियाणा में पानीपत के रहने वाले नीरज चोपड़ा 26 अगस्त 2016 को सेना में नायब सूबेदार के पद पर भर्ती हुए थे।

## सैफ प्रतियोगिता की मेजबानी झारखंड के लिए गर्व की बात : हेमंत सोरेन

मंत्री सुदिव्य कुमार, मनोज कुमार, शेखर जमुआर और मधुकांत पाठक ने मुख्यमंत्री को उद्घाटन समारोह के लिए आमंत्रित किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को आवासीय कार्यालय में पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल और युवा मामले विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार, सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक शेखर जमुआर और झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव मधुकांत पाठक ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री को 24 से 26 अक्टूबर तक राजधानी रांची के मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में आयोजित होने वाली चौथी साउथ एशियन एथलेटिक्स फेडरेशन (सैफ) सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रण पत्र सौंपा। उद्घाटन समारोह 24 अक्टूबर को संध्या 6 बजे से आयोजित होगा। खेल मंत्री ने रांची में आयोजित हो रहे सैफ सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता की तैयारियों से संबंधित जानकारी से भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड लगातार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं की मेजबानी करता आ रहा है। इसी कड़ी में एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का रांची में आयोजित होना पूरे झारखंड के लिए गर्व की बात है। इसका भव्य, शानदार और सफल आयोजन हो ताकि खेलों के क्षेत्र में हमारे राज्य की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक अलग पहचान स्थापित हो।




## प्रसव के नाम पर अवैध वसूली

### एंबुलेंसकर्मी और नर्स पर पैसे ऐंठने का गंभीर आरोप

बच्चों को खिलाने के लिए भी पैसे नहीं थे, फिर मांगा गया पैसा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला/चैनपुर।** चैनपुर अनुमंडल अस्पताल में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एक बार फिर विवादों का केंद्र बन गया है। सरकारी दावों के विपरीत केंद्र पर प्रसव के लिए आने-वाली गरीब गर्भवती महिलाओं से अवैध वसूली किये जाने का मामला सामने आया है। पीड़ितों का आरोप है कि 108 एंबुलेंस सेवा से लेकर अस्पताल में मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों तक, प्रसव के नाम पर उनसे खुलेआम पैसे ऐंठ रहे हैं।

**एंबुलेंसकर्मी और नर्स दोनों ने वसूले 500-500 रुपये :** ताजा मामला दत्तरा गांव निवासी अनीता कुजूर से जुड़ा है। मिली जानकारी के मुताबिक अनीता को प्रसव पीड़ा होने पर चैनपुर 108 एंबुलेंस (गाड़ी संख्या जेएच-01-सीजी-8653) से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। पीड़िता का आरोप है कि एंबुलेंस के चालक और उपचालक ने उन्हें अस्पताल पहुंचाने के एवज में 500 रुपये की वसूली की। वहीं, अस्पताल में प्रसव के बाद वहां मौजूद एक नर्स द्वारा उनसे अतिरिक्त 500 रुपये वसूलने का आरोप लगाया। अनीता ने अपनी व्यथा सुनाते हुए कहा कि वह अपने छोटे-छोटे बच्चों को साथ लेकर आयीं थीं। उनके पास बच्चों को कुछ खिलाने तक के लिए पैसे नहीं थे। महिला की इस दयनीय स्थिति को देखकर चैनपुर के एक स्थानीय युवक शिवम कुमार ने मानवता दिखाते हुए उन्हें 500 रुपये की आर्थिक मदद की।

**‘मिठाई खाने’ के नाम पर भी मांगे पैसे:** ऐसा ही एक अन्य मामला कुरूमगाड़ निवासी आशा देवी के साथ भी हुआ। आशा देवी ने बताया कि प्रसव होने के बाद अस्पताल की नर्सों द्वारा ‘मिठाई खाने’ के नाम पर उनसे 200 रुपये की मांग की गयी और पैसे लिये गये।



**संलिप्त अधिकारियों पर कार्रवाई हो: मेरी लकड़ा**

मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा ने कहा कि चैनपुर क्षेत्र में इस तरह का रवैया बहुत ही निंदनीय है। यह बिल्कुल नहीं होना चाहिए। संबंधित अधिकारियों और संलिप्त कर्मियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिये।

**मामले की जांच कर होगी कार्रवाई : एसीएमओ**

मामले की जानकारी मिलने पर एसीएमओ सह चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. धनुराज सुब्रह्मरु ने कहा कि लोगों के द्वारा इस तरह की शिकायत मिली है। मामले की जांच की जा रही है। जो भी व्यक्ति इसमें संलिप्त पाया जायेगा, उसके ऊपर निश्चित रूप से कार्रवाई होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रसव या एंबुलेंस के लिए किसी भी प्रकार का पैसा नहीं लगता है। ग्रामीणों से अपील की कि वे इस तरह का कोई पैसा किसी को न दें।

## जमशेदपुर में नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोप में जेल वार्डर गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** सीतारामडेरा थाना क्षेत्र के घनी आबादी वाले भालूबासा इलाके में मंगलवार देर रात एक 50 वर्षीय व्यक्ति को नौ साल की बच्ची से छेड़छाड़ के आरोप में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान संजय कुमार सिंह के रूप में हुई है और वह घाघीडीह सेंट्रल जेल में वार्डर है। आरोपी ने नाबालिग लड़की को अपने साथ चलने का लालच दिया था। जब कुछ स्थानीय निवासियों ने उस व्यक्ति को लड़की के साथ इमारत परिसर में प्रवेश करते देखा, तो उन्हें गड़बड़ी का संदेह हुआ, क्योंकि वह व्यक्ति इलाके में एक अजनबी था। इसके तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने इमारत में रहने वालों से आवश्यक पूछताछ की और इमारत की छत पर चढ़ गये।

छत पर पहुंचने पर उन्होंने उस व्यक्ति को लड़की से छेड़छाड़ करते हुए पाया। लोगों को देखते ही उस व्यक्ति ने भागने की कोशिश की, लेकिन लोगों ने उसे पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। घटना की सूचना पाकर पुलिस दल घटनास्थल पर पहुंचा, लेकिन लोग इतने उत्तेजित थे कि उन्होंने पथराव करके पुलिस को रोक दिया। बाद में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी फिर से वहां पहुंचे और आरोपी को लोगों के चंगुल से छुड़ाने में कामयाब रहे। लोग बार-बार यह पूछ रहे थे कि आरोपी को गिरफ्तार किया गया है या नहीं। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बजाय उसके घर छोड़ दिया था। उसकी पहचान घाघीडीह जेल के वार्डर संजय कुमार सिंह के रूप में हुई।

**पूर्व सीएम रघुवर के हस्तक्षेप से गिरफ्तारी**

यह पता चलने पर कि आरोपी फरार है, लोग घटनास्थल से लगभग एक किलोमीटर दूर स्थित पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के आवास पर पहुंचे। रघुवर दास के हस्तक्षेप के बाद सिटी एसपी कुमार शिवाशीष समेत वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने पीड़िता के माता-पिता का बयान लिया और आरोपी की गिरफ्तारी का आदेश दिया। सीतारामडेरा थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी संजय कुमार सिंह को बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है और लड़की को मेडिकल जांच के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एमजीएमएमसीएच) भेज दिया गया है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की सुरक्षा में चूक, हेलीकॉप्टर गड्ढे में फंसा

पुलिस और अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने धक्का मारकर निकाला

आजाद सिपाही संवाददाता

**तिरुवनंतपुरम।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की सुरक्षा में लापरवाही का मामला सामने आया है। राष्ट्रपति को सबरीमाला यात्रा पर ले जा रहा वायुसेना का हेलीकॉप्टर बुधवार सुबह प्रमदम स्थित राजीव गांधी इंडोर स्टेडियम में नये कंक्रीट वाले हेलीपैड पर उतरते समय एक गड्ढे में फंस गया। राष्ट्रपति की सुरक्षा में चूक की यह घटना तब हुई, जब राष्ट्रपति मुर्मू के हेलीकॉप्टर की केरल के प्रमदम में लैंडिंग हुई।

**सूख नहीं पाया था कंक्रीट का बना हेलीपैड:** हेलीकॉप्टर से उतरने के बाद राष्ट्रपति का काफिला सड़क मार्ग से पंबा के लिए रवाना हो गया। राष्ट्रपति के रवाना होने के बाद कई पुलिसकर्मी और अग्निशमन बल के जवान राष्ट्रपति के हेलीकॉप्टर के पहियों को हैलीपैड पर बने गड्ढों से निकालते दिखायी दिये। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पहले राष्ट्रपति के हेलीकॉप्टर की लैंडिंग पंबा के पास निलक्कल में होनी थी, लेकिन खराब मौसम के कारण, राष्ट्रपति के हेलीकॉप्टर की लैंडिंग प्रमदम में हुई। आखिरी समय पर राष्ट्रपति के हेलीकॉप्टर को उतारने के लिए जगह तय की गयी थी, जिसके चलते मंगलवार देर रात ही हेलीपैड बनाया गया। हेलीपैड सूख नहीं पाया और जैसे ही राष्ट्रपति का हेलीकॉप्टर लैंड हुआ तो भारी वजन के चलते वह हेलीपैड में ही धंस गया। गनीमत रही कि इस वजह से कोई गड़बड़ी नहीं हुई।



**दक्षिणी राज्यों के दौरे पर हैं राष्ट्रपति**

बताते चलें कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दक्षिणी राज्य के चार दिवसीय आधिकारिक दौरे पर मंगलवार शाम तिरुवनंतपुरम पहुंचीं। राष्ट्रपति मुर्मू ने बिना किसी देरी के सड़क मार्ग से अपनी यात्रा जारी रखी। राष्ट्रपति ने बुधवार को सबरीमाला मंदिर में दर्शन किये। वे भगवान अय्यप्पा मंदिर में दर्शन करने वाली पहली महिला राष्ट्रपति हैं। 1970 के दशक में पूर्व राष्ट्रपति वीवी गिरी ने इस मंदिर का दौरा किया था। राष्ट्रपति मुर्मू गुरुवार को राज भवन में पूर्व राष्ट्रपति केआर नारायणन की प्रतिमा का अनावरण करेंगी। इसके बाद वर्कला में शिवगिरी मठ में श्री नारायण गुरु की महा-समाधि शताब्दी समारोह का उद्घाटन करेंगी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 23 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in


# बिहार के चुनावी मैदान में 'ग्लैमर का तड़का'

## ■ मैथिली ठाकुर से लेकर खेसारी लाल यादव तक आजमा रहे किस्मत

## ■ सियासी दांव-पेंच के खेल में कौन होगा हिट और कौन फ्लॉप

## ■ दशकों से झंडा ढोने वाला कार्यकर्ता मायूसी का घूंट पीकर अब इन कलाकारों के पीछे-पीछे चलेंगे

**आजाद सिपाही खास**

**बिहार विधानसभा चुनाव का माहौल दिलचस्प हो गया है। सियासी दांव-पेंच के बीच अब इस मुकाबले में 'ग्लैमर का तड़का' भी लगने लगा है। दूसरे शब्दों में कहा जाये, तो बिहार चुनाव में इस बार कई ऐसे चेहरे भी किस्मत आजमाने उतरे हैं, जिनकी पहचान गैर-राजनीतिक या मुख्य रूप से मनोरंजन के क्षेत्र में रही है। लोक गायिका मैथिली ठाकुर, गायक खेसारी लाल यादव, रितेश पांडेय, अभिनेत्री सीमा सिंह और कई अन्य कलाकार चुनावी मैदान में ताल ठोंक रहे हैं। बिहार की सत्ता पर काबिज होने के लिए प्रयासरत दोनों ही गठबंधनों, एनडीए और महागठबंधन ने इन कलाकारों को मैदान में उतारा है और उनकी लोकप्रियता के सहारे सीट फतह करने की रणनीति बनायी है। राजनीतिक दलों को भरोसा है कि सितारों के मैदान में उतरने से भीड़ भी बढ़ेगी और वोट भी मिलेगा। वैसे देश के सियासी फलक पर यह पहली बार नहीं है कि ग्लैमर को सियासत की पथरीली राह पर उतारा गया है, लेकिन बिहार में यह शायद पहली बार हो रहा है कि इतनी बड़ी तादाद में लोकप्रिय कलाकार चुनाव मैदान में उतरे हैं। अब यह मतदाताओं पर निर्भर है कि वे इसे किस रूप में लेते हैं, क्योंकि उन्हें पहली बार ग्लैमर और राजनीति का संगम देखने को मिल रहा है। इन सितारों के चुनाव मैदान में उतरने के बाद अब प्रचार अभियान में भी ग्लैमर की झलक दिखेगी। माना जा रहा है कि इन कलाकारों के समर्थन में कई नामचीन कलाकार प्रचार करने आयेंगे। क्या है इन कलाकारों को चुनावी मैदान में उतारने का कारण और इसके कारण कैसे बदलेगा बिहार का चुनावी परिदृश्य चलिए समझते हैं।**

बिहार विधानसभा का चुनाव इस बार कई मायनों में ऐतिहासिक ही नहीं, दिलचस्प होनेवाला है। इसके पीछे राजनीतिक दलों के बीच जारी दांव-पेंच तो है ही, दिलचस्प यह है कि राजनीतिक रूप से संवेदनशील माने जानेवाले इस राज्य में पहली बार बड़ी संख्या में गैर-राजनीतिक या यूं कहें कि ग्लैमर की दुनिया से जुड़े सितारे मैदान में उतरे हैं। इसे लेकर जनता के बीच भी मिली-जुली प्रतिक्रिया देखी जा रही है।

### दोनों गठबंधनों ने उतारा है कलाकारों को

कलाकारों को चुनावी मैदान में उतारने में कोई भी गठबंधन पीछे नहीं है। सत्तारूढ़ एनडीए और विपक्षी महागठबंधन ने अपने कार्यकर्ताओं की अनदेखी कर कलाकारों को चुनाव मैदान में उतारा है। राजनीतिक दलों की इस रणनीति का विरोध भी हुआ है और हो रहा है। कई विधानसभा सीटों पर बागी प्रत्याशी उतर गये हैं, तो कई जगहों पर कलाकार प्रत्याशी का खुला विरोध किया जा रहा है।

### मैथिली ठाकुर का विरोध

भाजपा ने 25 साल की लोक गायिका मैथिली ठाकुर को दरभंगा जिले के अलीनगर विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया है। मैथिली ने खुद बेनीपट्टी से चुनाव लड़ने की इच्छा जतायी थी। उनका विरोध करने वालों का पहला और सबसे बड़ा तर्क यह है कि मैथिली ठाकुर अब बिहार की जमीन से कट चुकी हैं। उनका परिवार लंबे समय से दिल्ली में रहता है। वहीं से उन्होंने अपनी शिक्षा और करियर दोनों बनाये हैं। उनका मधुबनी या दरभंगा से सीधा जुड़ाव अब सिर्फ सरकारी या सांस्कृतिक आयोजनों तक सीमित रह गया है। कई लोगों का तर्क है कि लोकप्रियता को संस्कृति के लिए योगदान से ऊपर नहीं रखा जा सकता है। उनकी पहचान मैथिली गायिका के रूप में जरूर है, पर उन्होंने स्थानीय स्तर पर कलाकारों के लिए कोई संस्थागत काम नहीं किया है। लोगों का कहना है कि अगर बात मैथिली संस्कृति को सम्मान देने की है, तो ऐसे कलाकारों को मौका देना चाहिए, जिन्होंने अपनी पूरी जिंदगी मैथिली के लिए समर्पित की है। इस क्षेत्र में ऐसे कई कलाकार हैं जिन्होंने अपना जीवन मैथिली संस्कृति को बचाने में लगा दिया। पूनम मिश्रा, माधव राय, विजय विकास, रचना झा जैसे लोग गांव-गांव घूमकर कार्यक्रम करते हैं। इन कलाकारों की पहचान भले ही राष्ट्रीय स्तर पर न हो, लेकिन वे आज भी अपने लोगों के बीच रहते हैं, उन्हीं के दुख-दर्द में शामिल होते हैं। मैथिली ठाकुर के नाम के साथ जो विरोध जुड़ा है, उसकी एक बड़ी वजह यह भी है कि लोग इसे लोकप्रियता की राजनीति मान रहे हैं। कई लोगों को लगता है कि राजनीतिक दल उनके नाम को सिर्फ वोट बटोरने के लिए इस्तेमाल करना चाहता है।

### चुनाव जीतने के लिए फैन बेस से ज्यादा जमीनी कार्यकर्ताओं की जरूरत

मैथिली ठाकुर कोई अकेला नाम नहीं है। भोजपुरी स्टार रितेश पांडेय को करगहर से भाजपा ने अपना उम्मीदवार बनाया है। इसके अलावा भोजपुरी सिनेमा के चमकते सितारे पवन सिंह, अक्षरा सिंह, सीमा सिंह, रचना झा और खेसारी लाल यादव भी इस सियासी जंग में उतर गये हैं। यह बात किसी से छिपी नहीं है कि इन कलाकारों ने अपने क्षेत्र की भाषा और कला को पहचान दिलायी है। भोजपुरी सिनेमा में पवन सिंह, खेसारी लाल यादव जैसे कलाकारों का योगदान भी कम नहीं रहा। उनकी लोकप्रियता अपार है। उनका फैन बेस जबरदस्त है। पर चुनाव जीतने के लिए फैन बेस से ज्यादा जमीनी कार्यकर्ताओं की जरूरत होती है। पवन सिंह पहले भाजपा से आसनसोल से उम्मीदवार बने, लेकिन वहां से उन्होंने चुनाव नहीं लड़ा। इसके बाद वह बिहार के काराकाट से चुनाव लड़े, लेकिन खूब लोकप्रिय होने के बाद भी चुनाव नहीं जीत सके, बल्कि उन्होंने भाजपा के उम्मीदवार को हराने का काम ही किया।





### अच्छा नहीं है सितारों का सियासी ट्रैक रिकॉर्ड

याद कीजिए, जब मनोज तिवारी ने राजनीति में कदम रखा था। ससुरा बड़ा पइसावाला' के हिट होने के बाद वह भोजपुरी सिनेमा के बड़े सुपरस्टार बन गये थे। उनके कैसेट ब्लैक में बिकने लगे थे। इस बीच जब 2009 में मनोज तिवारी सपा के टिकट पर गोरखपुर से चुनाव लड़े, तो उनकी हार हुई। भोजपुरी सिनेमा के ही एक और बड़े सुपर स्टार हैं रवि किशन। उनकी गिनती उन अभिनेताओं में होती है, जिन्होंने भोजपुरी सिनेमा को फिर से खड़ा करने में अहम भूमिका निभायी है। अपनी लोकप्रियता के वाबजूद जव वह चुनावी मैदान में उतरे, तो हालत खस्ता हो गयी। 2014 में उन्होंने जौनपुर से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा, लेकिन उन्हें केवल 4.25% वोट ही मिल सके। रवि किशन फिलहाल गोरखपुर से भाजपा के सांसद हैं। ऐसे सितारों की सूची लंबी है, जो राजनीति में आये, लेकिन फ्लॉप हो गये। कुछ ऐसे भी हैं, जो आये, चुनाव जीते और फिर क्षेत्र से गायब हो गये। हर दल में ऐसे सितारे दिख जायेंगे। अमिताभ बच्चन से लेकर जयाप्रदा और धर्मेंद्र से लेकर सनी देओल तक राजनीति में कदम रखने वाले सितारों की लंबी फेहरिस्त है।

### सितारों के सियासत में आने पर सवाल

राजनीति हमेशा से जनसेवा का मंच कही जाती रही है और मंच के सितारों का राजनीति में आना कोई नयी घटना भी नहीं है। इसके साथ-साथ एक सवाल जो उठता है, वो ये कि क्या ऐसे समय में जो कार्यकर्ता वर्षों से पार्टी का झंडा ढो रहा है, दरी-चादर बिछा रहा है, जो हर चुनाव में पोस्टर चिपकाता, भीड़ जुटाता और गलियों में नारे लगाता है, क्या उसका कोई हक नहीं बचा है? राजनीति में विचार और वैचारिक प्रतिबद्धता हमेशा से एक ताकत रही है। जब कलाकारों और सेलेब्रिटीज को सिर्फ उनकी लोकप्रियता के दम पर टिकट दिये जाते हैं, तो वो विचारधारा के प्रति समर्पित नहीं होते हैं। कई बार वे खुद नहीं जानते कि जिस दल से लड़ रहे हैं, उसकी विचारधारा क्या है, उसकी नीतियां क्या हैं या उस क्षेत्र की वास्तविक समस्याएं क्या हैं।

### अब दशकों से झंडा ढोने वाला कार्यकर्ता क्या करें

अब जब ये सितारे चुनाव में उतरते हैं, तो इन चेहरों के आने का सीधा असर पड़ता है जमीनी कार्यकर्ता पर, खासतौर पर यूपी या बिहार जैसे राज्यों में, जिन्हें राजनीतिक तौर पर ज्यादा सक्रिय माना जाता है। ऐसी जगहों पर जब कार्यकर्ता अपने खून-पसीने से पार्टी की पहचान बनाते हैं, वहां जब कोई स्टार अचानक टिकट लेकर आ जाता है, तो कार्यकर्ता का मन टूट जाता है। उसे लगता है कि उसका संघर्ष, उसकी मेहनत सब बेकार गयी। वह जो बरसों तक अपने इलाके में पार्टी का चेहरा रहा, जनता के सुख-दुख में साथ रहा, अब उसे कोई पूछने वाला नहीं। राजनीति की ताकत हमेशा कार्यकर्ता से आती है, सितारों से नहीं। पार्टी का ढांचा उसी नींव पर टिका होता है, जो गांव-गांव जाकर जनसंपर्क करते हैं, पोस्टर लगाते हैं, बूथ संभालते हैं। अगर उस नींव को ही कमजोर कर दिया गया, तो उसके ऊपर बना महल भर-भराकर गिर ही जायेगा।

### वास्तविकता समझनी होगी

राजनेताओं और राजनीतिक दलों को यह सच्चाई भी समझनी चाहिए कि भले ही ऐसे उम्मीदवारों की संख्या एक-दो हो, लेकिन यही लोकप्रियता इनके लिए इस मामले में मुसीबत बन जाती है। यह चर्चा लोगों तक पहुंचने लगती है कि पार्टी में हवा-हवाई उम्मीदवारों को टिकट दिया जा रहा है। ऐसे में राजनीतिक दलों को कार्यकर्ताओं की अपेक्षाओं को समझ, जमीनी लोगों को आगे बढ़ाने की जरूरत है। राजनीति का उद्देश्य हमेशा सेवा और जनहित रहा है, न कि लोकप्रियता और चमक। लेकिन जब कलाकारों और गायकों को सिर्फ इसलिए उतारा जाता है, क्योंकि उनके लाखों फॉलोअर हैं या वे वोटों को आकर्षित कर सकते हैं, तो राजनीति विचार और मूल्यों से खाली हो जाती है।

अब धीरे-धीरे जनता को यह महसूस होने लगा है कि राजनीति अब जनता की आवाज नहीं, बल्कि चुनावी ब्रांडिंग की मशीन बन चुकी है। जो लोग राजनीति के लिए पूरी तरह समर्पित होकर इस क्षेत्र में काम करना भी चाहते होंगे, उन्हें भी लगने लगेगा कि स्टार बन जाया जाये, तो राजनेता बनने का रास्ता साफ हो जायेगा।

इन्हीं कारणों के चलते राजनीति से वही शुचिता कम हो रही है और लोगों के प्रति जवाबदेही में भी कमी आ रही है। राजनीति की शुचिता को बचाने के लिए जरूरी है कि पूर्णकालिक लोग राजनीति में आयें, जो इसे साइड बिजनेस ना मानकर पूर्णकालिक काम मानें।

---

# घाटशिला उपचुनाव : जो जितना 'पसीना' बहायेगा, उतना असरदार होगा

### त्योहारों में भी एक्टिव है झामुमो

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन की अंतिम तारीख मंगलवार को ही समाप्त हो चुकी है। दिवाली, सोहराय, गोटपूजा और गोवर्धन पूजा के कारण चुनाव प्रचार अभियान अभी कमजोर दिखायी दे रहा है। वहीं इन त्योहारों के बीच झामुमो के कई मंत्री, विधायक और चुनावी रणनीति से जुड़े दर्जनों नेता, विधानसभा क्षेत्र के चारों प्रखंड के गांवों में काफी सक्रिय पाये गये। झामुमो के नेता त्योहारों में भी गांव-गांव जाकर मतदाताओं के साथ मिले-जुले, बैठक किये और पार्टी प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन की जीत सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय नजर आये।

### भाजपा भी तैयार

वहीं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, भानु प्रताप शाही और अन्य नेता, 23 अक्टूबर गुरुवार से पुन : घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय दिखने लगेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा के घोड़ाबांधा स्थित आवास पर बुधवार को काली पूजा का प्रसाद ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। यहां सांसद आदित्य साहू और पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही रांची से पहुंचे। भाजपा नेताओं की धमक गुरुवार से घाटशिला में दिखेगी। भाजपा ने अपने कुछ सक्रिय कार्यकर्ताओं को बूथ वार वोटर लिस्ट का अध्ययन करके कास्ट वाइज लिस्ट तैयार करने का काम सौंप रखा है। झामुमो और भाजपा के नेता अपने वोट बैंक को सुरक्षित रखते हुए, वैसे वोटरों के बीच भी जाना शुरू कर चुके हैं, जिनका समर्थन उन्हें पिछले चुनावों में नहीं मिला था। कुल, मिलाकर, दोनों प्रमुख पार्टियां अपना प्रचार-प्रसार जितना प्रत्यक्ष तरीके से कर रही हैं, उतनी ही राजनीति-कूटनीति और मतदाताओं को लुभाने का प्रयास अंदरखाने ढंग से भी कर रही हैं। कौन किस पर कितना भारी पड़ेगा, यह तो वोटों की गिनती के बाद ही पता चलेगा, लेकिन अपनी चाल चलने में कोई किसी से कम नहीं दिख रहा। मजबूत और कमजोर फिलहाल किसी को आंकना इसलिए भी मुश्किल है, क्योंकि झारखंड में चुनाव मात्र घाटशिला सीट के लिए होना है और दोनों प्रमुख पार्टियां अपने दर्जनों बड़े नेताओं को यहां स्थायी तौर पर ड्यूटी पर लगा चुकी हैं। कई होटल चुनाव तक के लिए स्थाई तौर पर बुक कर लिये गये हैं।




**आजाद सिपाही खास**

### विधायक का बेटा ही विधायक बनेगा? रामदास मुर्मू जैसा पढ़ा-लिखा, सामान्य परिवार का युवा क्यों नहीं: जेएलकेएम

नामांकन के आखिरी दिन झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) ने अपना उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारकर झामुमो और भाजपा दोनों के माथे पर बल ला दिया है। अब दोनों ही दलों के कर्ताधर्ता, इस गुणा भाग में लग चुके हैं कि जेएलकेएम प्रत्याशी को किस इलाके से कितने वोट मिल सकते हैं और वह झामुमो-भाजपा के वोटों में से अपने हिस्से में कितने वित्त झटक सकता है? वैसे बातचीत के क्रम में भाजपा और झामुमो नेता बस इतना कहकर पल्ला झाड़ ले रहे हैं कि पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में काफी कम वोट मिलेंगे जेएलकेएम प्रत्याशी रामदास मुर्मू को लेकिन आखिरी दिन पर्चा भरवाने के बाद चुनावी सभा को दाहीगोड़ा सर्कस मैदान में संबोधित करते हुए पार्टी नेता विधायक जयराम महतो ने स्पष्ट कहा कि घाटशिला के प्रत्येक गांव-टोला तक उनके कार्यकर्ता जायेंगे और अपनी बात पहुंचाकर मतदाताओं का समर्थन मांगेंगे। जयराम को अपने दल के युवा कार्यकाताओं पर पूरा भरोसा है। उनके दल के उम्मीदवार रामदास मुर्मू ने नामांकन के बाद कहा कि विकास तो उनका प्रमुख चुनावी मुद्दा है ही, लेकिन वे वोटरों को यह भी बतायेंगे कि घाटशिला का विधायक हर दफा आखिर बाहर से ही क्यों होना चाहिए। वर्ष 1995 से 2009 तक कांग्रेस के प्रदीप बलमुचू थे, जो जमशेदपुर के निवासी हैं। उनके बाद झामुमो के रामदास सोरेन 2009, 2019 और 2024 में जीते जो जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के घोड़ाबांधा के निवासी रहे। 2014 में लक्ष्मण टुडू भाजपा के विधायक बने जो सरायकेला- खरसावां के रहने वाले हैं। जेएलकेएम प्रत्याशी और पार्टी सुप्रीमो ने युवाओं को एकजुट करना शुरू कर दिया है कह रहे हैं कि आखिर विधायक का बेटा को ही विधायक बनाना क्यों चाहती हैं ज्यादातर राजनीतिक पार्टियां। रामदास मुर्मू जैसा पढ़ा-लिखा सामान्य परिवार का युवा क्यों नहीं विधायक बन सकता? कुल मिलाकर, झामुमो और भाजपा भले ही जेएलकेएम को कमतर आंक रही हो, किंतु टाइगर जयराम महतो ने मंगलवार को अपने पहले चुनावी गरजदार भाषण से माहौल तो बना ही दिया है। बता दें कि पिछले विधानसभा चुनाव में पहली बार मैदान में उतरी इस पार्टी को आठ हजार से अधिक मत हासिल हुए थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.7 °c | 19.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.18 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.49 बजे |



### कुख्यात प्रिंस खान और सुजीत सिन्हा गिरोह ने हाथ मिलाया, पाकिस्तान से भी लिंक का खुलासा

# सरगना सुजीत सिन्हा की पत्नी रिया सिन्हा सहित पांच अपराधी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कुख्यात प्रिंस खान और गैंगस्टर सुजीत सिन्हा के गैंग एक साथ मिलकर झारखंड में अपराध की दुनिया में काम कर रहे हैं। रांची पुलिस ने मंगलवार को यह सनसनीखेज खुलासा किया गया है। मामले में कार्रवाई करते हुए रांची पुलिस के द्वारा सुजीत सिन्हा की पत्नी रिया सिन्हा सहित पांच कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। बताया गया कि जेल में बंद कुख्यात गैंगस्टर सुजीत सिन्हा और विदेश से अपने गैंग को हैंडल कर रहे प्रिंस खान ने एक दूसरे से हाथ मिला लिया है। जेल के बाहर सुजीत सिन्हा की पत्नी रिया सिन्हा इस खतरनाक गठजोड़ वाले गैंग को संभाल रही थी। राजधानी रांची में हाल के दिनों में जो भी रंगदारी के कॉल प्रिंस खान के नाम पर किये गये थे वह इस गठजोड़ का ही परिणाम था। यहां तक कि



कोयलांचल शांति सेना को भी रिया सिन्हा के द्वारा संचालित किया जा रहा था।

रांची के सीनियर एसपी राकेश रंजन और उनकी टीम के द्वारा यह खुलासा किया गया है। मामले में कार्रवाई करते हुए रांची पुलिस के द्वारा सुजीत सिन्हा की पत्नी रिया सिन्हा को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं चार अन्य अपराधियों को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अपराधियों में इनामुल हक उर्फ बबलू खान, रवि आनंद उर्फ सिंघा, मो शाहिद उर्फ अफरीदी खान, मो सेराज उर्फ मदन और सुजीत सिन्हा की पत्नी रिया सिन्हा शामिल हैं। इनके पास से तीन पिस्टल, सात मैगजीन, 13 जिंदा गोली, एक टाटा सफारी कार, एक आईफोन और पांच एंड्रॉएड मोबाईल फोन बरामद किये गये हैं।

### पाकिस्तान से ड्रोन के माध्यम से पंजाब आता है हथियार

रांची के सिटी एसपी पारस राणा ने बताया कि सख्ती से पूछताछ करने पर गिरफ्तार व्यक्तियों के द्वारा बताया गया कि सुजीत सिन्हा और प्रिंस खान गैंग के पास हथियार और गोली पाकिस्तान से ड्रोन के माध्यम से मोगा (पंजाब) के रास्ते आता है। इसी हथियार से रांची सहित देश के विभिन्न स्थानों पर बड़े-बड़े कारोबारियों, पूंजीपतियों एवं व्यवसायियों में दहशत फैलाकर रंगदारी की वसूली करते हैं। रांची में इनामुल हक उर्फ बबलू खान अपने गुर्गों के साथ मिलकर सुजीत सिन्हा और प्रिंस खान के लिए लेवी वसूली का काम करते हैं। इन लोगों के द्वारा वसूली गयी राशि को सुजीत सिन्हा के गुर्गों की मदद से प्रिंस खान तक पहुंचाया जाता था। जिसे प्रिंस खान द्वारा यूएइ के रास्ते पाकिस्तान भेज दिया जाता था। जिसका उपयोग अवैध हथियार की खरीदारी और अन्य अवैध कार्यों में पाकिस्तान में मौजूद उनके गुर्गों के द्वारा किया जाता है। इस संबंध में सदर थाना (बीआइटी मेसरा ओपी) कांड संख्या 512/2025, दिनांक-22.10.2025, धारा 111(3)/111 (4)/61 (2) भारतीय न्याय संहिता, 25(1-ए )/25(1-बी)ए/ 25(6)/ 25(7)/26/35 आर्म्स एक्ट और 17/ 18/18(बी)/20/21 यूए (पी ) एक्ट दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है कि डोरंडा थाना अंतर्गत सत्यभामा अपार्टमेंट के बाहर हुई हवाई फायरिंग के लिए हथियार इन लोगों के द्वारा ही दिया गया था।

# छात्रवृत्ति नहीं मिल रही, छात्रों का भविष्य हो रहा बर्बाद : बाबूलाल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रतिपक्ष के नेता सह प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झारखंड में विद्यार्थी छात्रवृत्ति के लिए सरकार से गुहार लगा रहे हैं, लेकिन सरकार बेपरवाह है। उन्होंने कहा कि यह युवा पीढ़ी के सपनों, आकांक्षाओं एवं भविष्य से खिलवाड़ नहीं, तो क्या है? स्कॉलरशिप के अभाव में कई छात्रों का एडमिशन नहीं हो पा रहा है, तो कुछ को कक्षा में शामिल होने एवं परीक्षा देने से रोका जा रहा है। इस परिस्थिति के लिए कौन जिम्मेदार है?

बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट में आगे लिखा है कि अपनी शिक्षा को जारी रखने के लिए कई छात्र कर्ज लेने के लिए मजबूर हैं। यह संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है। अगर आप छात्रवृत्ति देने में सक्षम नहीं हो, तो फिर फॉर्म भरवा कर उम्मीद क्यों जगायी? यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि झारखंड में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पेयजल जैसे बुनियादी मुद्दों पर जनता को आंदोलन करना पड़ता है। कई लोकलुभावन वादे कर के सत्ता में आयी यह सरकार एक भी योजना ढंग से नहीं चला पा रही है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।

**वृष** समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।

**मिथुन** आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।

**कर्क** आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रुचि बढ़ेगी।

**सिंह** कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।

**कन्या** बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।

**तुला** कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।

**धनु** आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।

**मकर** नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**कुंभ** रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।

**मीन** किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

# अर्जुन मुंडा के आवास पर महाप्रसाद का वितरण



**कार्यक्रम में भाजपा के कई सांसद, विधायक हुए शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** काली पूजा के पावन अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा के घोड़ाबांधा (जमशेदपुर) स्थित आवास पर बुधवार को महाप्रसाद का वितरण किया गया।

श्री मुंडा द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी काली पूजा के उपलक्ष्य में महाप्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें प्रदेशभर से हजारों श्रद्धालु, कार्यकर्ता एवं गणमान्य अतिथि शामिल हुए।

कार्यक्रम में झारखंड भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, जमशेदपुर सांसद विद्युत वरण महतो, पलामू सांसद बीडी राम, चतरा सांसद कालीचरण सिंह, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया, जमशेदपुर पूर्वी विधायक पूर्णिमा साहू, पूर्व सांसद पीएन सिंह, झारखंड भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, प्रदेश मंत्री नंद जी प्रसाद व गणेश मिश्रा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष यदुनाथ पांडेय एवं दिनेशानंद गोस्वामी, बलरामपुर विधायक (पश्चिम बंगाल) मनेश्वर महतो, जिला अध्यक्ष सुधांशु ओझा, चंडीचरण साव, उदय सिंहदेव, सहित भारतीय जनता पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। साथ ही टाटा स्टील के कॉरपोरेट वीपी डी बी. सुंदररमन, टाटा मोटर्स के प्लांट हेड सुनील कुमार तिवारी, जुस्को एमडी ऋतुराज सिन्हा, मजदूर नेता राकेश्वर पांडेय समेत अनेक गणमान्य नागरिकों ने भी इस आयोजन में भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में व्यवस्था में लगे जितेंद्र राय, गणेश सोलंकी, रतन महतो, काली शर्मा, नीरज शर्मा, संजय गोराई ने अपनी अहम भूमिका निभाई।

इस अवसर पर अर्जुन मुंडा ने सभी उपस्थित जनों को काली पूजा, गोवर्धन पूजा एवं भाई दूज की हार्दिक शुभकामनाएं दीं, साथ ही आने वाले छठ महापर्व के लिए भी मंगलकामनाएं व्यक्त की।

# दिव्यांग नाबालिग आदिवासी लड़की से पड़ोसी ने किया दुष्कर्म

**पुलिस ने आरोपी युवक को किया गिरफ्तार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** जिले में एक 20 वर्षीय युवक ने गांव की ही नाबालिग दिव्यांग लड़की के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह पूरा मामला दुमका जिले का है, जहां 13-14 साल की एक दिव्यांग आदिवासी किशोरी के साथ उसके गांव के ही एक 20 वर्षीय युवक ने दुष्कर्म जैसी शर्मनाक घटना को अंजाम दिया है। पीड़िता के पिता ने मुफस्सिल थाना में जो आवेदन दिया है उनके अनुसार उसकी पुत्री बोल-सुन नहीं सकती है और न ही ठीक ढंग से चल सकती है। उन्होंने आवेदन में लिखा है कि जब वह और उनकी पत्नी अपने-अपने काम से घर से बाहर गये थे और उनकी बेटी घर में अकेली थी। उस वक्त गांव का ही एक युवक बाबूराम मुर्मू उसके घर में घुस गया। इधर, अचानक जब वे घर में प्रवेश किये तो बेटी के चीखने की आवाज सुनी और देखा कि बाबूराम मुर्मू कपड़े पहन कर भाग रहा है। यह देख पिता चिल्लाने लगे तो आसपास के कुछ ग्रामीण जुट गये। उन्होंने



बाबूराम को पकड़ लिया और पिटाई भी की। साथ ही पुलिस को सूचना दी।

**मौके पर पहुंची पुलिस :** इधर, जैसे ही नाबालिग के साथ दुष्कर्म की घटना की जानकारी मुफस्सिल थाना पुलिस को हुई। उन्होंने गांव पहुंच कर आरोपी को कब्जे में लेकर थाने ले आयी। साथ ही पीड़िता को जांच के लिए दुमका स्थित फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा। पीड़िता के पिता के आवेदन के आधार पर बीएनएस और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

**क्या कहते हैं थाना प्रभारी :** इस पूरे मामले पर दुमका मुफस्सिल थाना के प्रभारी सत्यम कुमार ने बताया कि पीड़िता के पिता के बयान पर एफआइआर दर्ज की गयी है। पीड़िता का मेडिकल टेस्ट कराया गया है। साथ ही आरोपी की गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। मामले का अनुसंधान जारी है।

### सोमेश चंद्र सोरेन के समर्थन में संजीव सरदार ने चलाया जनसंपर्क अभियान

# अबुआ सरकार ने जनकल्याण को प्राथमिकता दी : संजीव सरदार



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** घाटशिला विधानसभा उप-चुनाव को लेकर बुधवार को पोटका विधायक संजीव सरदार पूरे दिन क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान में जुटे रहे। उन्होंने पूर्व शिक्षा मंत्री स्व. रामदास सोरेन के पुत्र, झामुमो प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन के समर्थन में लोगों से मुलाकात की और पार्टी की नीतियों एवं सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया।

विधायक संजीव सरदार ने इस दौरान उत्तरी इचरा, बड़शोल, महुलडूबा, गंगाडीह सहित कई गांवों का भ्रमण किया। उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों से आत्मीय संवाद करते हुए कहा कि झामुमो सरकार के नेतृत्व में राज्य में हर वर्ग के उत्थान के लिए ठोस कार्य हुए हैं।

विधायक संजीव सरदार ने ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, फसल राहत योजना, ग्राम सड़क योजना, और आदिवासी छात्रवृत्ति योजना जैसी योजनाओं ने ग्रामीण और आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य में विकास की नयी राह तैयार हुई है और अबुआ सरकार ने लोगों के विश्वास को मजबूत किया है।

जनसंपर्क अभियान के दौरान क्षेत्रवासियों ने विधायक संजीव सरदार के विकास कार्यों की सराहना की । ग्रामीणों ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य में गरीब, किसान, मजदूर और युवाओं के लिए जो कार्य हुए हैं, वे जनविश्वास के प्रतीक हैं। इस मौके पर पूर्व जिला परिषद बाघराय मार्डी, मुखिया मंजीत सिंह, रूपक मंडल, सुभाष सिंह, तुलसी भकत, समेत ग्राम विकास समिति, इचरा के सभी सदस्य और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# फर्जी दस्तावेजों से बनाया वोटर कार्ड तो होगी जेल : के रवि कुमार

**फर्जी कागजात के आधार पर वोटर आइडी बनवाने वालों के खिलाफ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने सभी जिलों को निर्देश जारी किये**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** यदि आप फर्जी डॉक्यूमेंट के आधार पर वोटर आइडी बनाते हैं तो आप जेल भी जा सकते हैं। कुछ दिनों से झारखंड के विभिन्न जिलों में मिल रही शिकायत के बाद चुनाव आयोग ने इसे गंभीर बताते हुए सभी जिलों को कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के अनुसार, डॉक्यूमेंट में दाखिल उम्र में छेड़छाड़ की शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिसके सत्यापन के वक्त यह गड़बड़ी पायी गयी है। साहिबगंज में फर्जी आधार कार्ड बनाने का रैकेट पिछले दिनों पाया गया, जिसके बाद वहां कार्रवाई की गयी है। उन्होंने कहा कि डॉक्यूमेंट में



छेड़छाड़ करने के पीछे विभिन्न सरकारी योजना का लाभ लेना माना जा रहा है। जाहिर तौर पर ऐसे केस में उनके विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी, जिसके लिए पिछले दिनों निर्देश दिये गये हैं।

**साहिबगंज, लोहरदगा सहित कई जिलों से आ चुकी हैं शिकायत :** साहिबगंज, लोहरदगा सहित राज्य के कई जिलों से शिकायत मिलने के बाद आयोग ने जिला स्तर पर टीम बनाकर गहन जांच के निर्देश दिये हैं। इन जिलों में मतदाता बनने के लिए किये गये विधिवत आवेदन में संलग्न आधार कार्ड में जन्म तारीख में छेड़छाड़ का मामला पाया गया। आयोग के द्वारा उस आधार नंबर को वेरिफाई किया गया तो वह फर्जी पाया गया। यह भी देखा गया है कि मंईयां योजना सहित अन्य सरकारी योजना का लाभ लेने के लिए कुछ लाभार्थियों ने उम्र को फर्जी रूप से आधार पेपर में इंट्री कराकर इसका लाभ लेने की कोशिश की। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय तक जब इसकी शिकायत पहुंची तो आयोग ने इसे गंभीरता से लेते हुए सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त को पत्र भेजा है।

गौरतलब है कि साहिबगंज में मिली शिकायत के बाद फर्जी दस्तावेजों के आधार पर फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले गिरोह पर शिकंजा कसने की प्रशासनिक कवायद तेज हो गयी है। डीसी मनीष कुमार के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी साइमन मरांडी ने जिले के सभी 6 प्रखंडों में फर्जी आधार बनाने वाले गिरोह पर शिकंजा कसने और उन्हें कानून के दायरे में लाने के लिए आठ टीमों का गठन किया है। गठित टीमों में संबंधित थानों के थानेदार के अलावा सीओ, बीडीओ और यूआइडी के डीपीओ को भी शामिल किया गया है।

# स्कॉर्पियो पर बैठकर प्रचार करना जयराम महतो को पड़ा महंगा, डीसी ने थमाया नोटिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** विधानसभा उपचुनाव में प्रचार के दौरान जयराम महतो का एक वीडियो तेजी से वायरल हो गया, जिसमें वे स्कार्पियो के ऊपर बैठकर रोड शो करते नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह घटना चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़ी है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला उपायुक्त (डीसी) ने जयराम महतो को नोटिस जारी किया है और उनसे स्पष्टीकरण मांगा है। प्रशासन का कहना है कि प्रचार के दौरान सुरक्षा मानकों और नियमों का पालन अनिवार्य है। अगर नियमों का उल्लंघन पाया गया तो आगे की कार्रवाई की जायेगी।



# असली-नकली शराब की खपत बढ़ी, मुर्गों की आयी शामत

**घाटशिला उपचुनाव**

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** यूं तो झारखंड में नकली शराब बनाने और बिक्री का खेल काफी पहले से अनवरत जारी है लेकिन घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव को देखते हुए इस अवैध कारोबार में लगा कॉकस कुछ ज्यादा ही सक्रिय हो चला है। कुछ सरकारी लाइसेंसी काउंटर के अलावे अलग से भी इसकी सप्लाई में तेजी आयी है क्योंकि यहां चुनावी सीजन चल रहा है और शराब की खपत में



इजाफा हुआ है। कालिकापुर (पोटका) के सरकारी शराब काउंटर पर तीन-चार दिनों पहले अवैध शराब की खेप उतारे जाने पर स्थानीय कुछ लोगों ने विरोध भी दर्ज कराया था। आरोप था कि शराब की बोतल जिन पेटियों में लायी गयी थी वे सब सील नहीं थीं। बहरहाल, एक्साइज डिपार्टमेंट की ज्यादा सक्रियता देसी दारु भट्ठी पर है और शहर से लेकर देहाती क्षेत्र में कुछ लोग इस अवैध कारोबार में वर्षों से लगे हुए हैं। पहले भी चुनावों में शराब की खपत में बढ़ोतरी देखने को मिलती रही है लेकिन चूंकि इकलौता घाटशिला में उपचुनाव होना है और दलीय-निर्दलीय नेताओं ने एक-डेढ़ महीने पहले से ही खूब जोर लगाया हुआ है इसलिए वोट के लिए शराब की खपत में इजाफा होना भी लाजिमी है। इसी तरह से उपचुनाव को देखते हुए मुर्गों की भी शामत आ गयी है। चिकन की बिक्री तो हमेशा होती है लेकिन चुनाव के कारण मुर्गों के कटने की रफ्तार बढ़ गयी है। रोजाना कई-कई गांवों में चिकन और शराब पार्टी स्पोंसर किये जाने की खबरें मिल रही हैं। वोट पर्व है और येन-केन-प्रकारेण अपने पाले में वोट पड़ने चाहिए। इस जुगाड़ में नेता-कार्यकर्ता दिमाग खपाने में भिड़े हुए हैं।






# स्टूडेंट क्लब के पूजा पंडाल में जौली छाबड़ा ने जमाया भक्ति रंग

## दिनभर बंटा खिचड़ी भोग का प्रसाद, देर रात तक नाचते-झूमते रहे श्रद्धालु

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** श्रीश्रीलालपुर बाजार काली पूजा समिति, स्टूडेंट क्लब का पूजा पंडाल बुधवार की रात भक्ति गीतों से गुंजायमान रहा। धनबाद के प्रसिद्ध भजन गायक जौली छाबड़ा ने एक से बढ़ कर एक भजन प्रस्तुत कर भक्ति का खूब रंग जमाया। दिन-दुनिया से बेखबर श्रद्धालु नाचते-झूमते और जयकारा लगाते रहे। भक्ति रंग में रंगे भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। श्रद्धा, भक्ति और समर्पण में रात कैसे कटी किसी को भान न रहा। लोगों की तंद्रा तब टूटी जब, आरती की घोषाणा हुई। सबने मईया की आरती गायी। साथ ही जागरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इससे पहले सुबह मां की पूजन-आरती हुई। विशेष खिचड़ी का भोग लगा, सब के बीच बांटा गया। कतारबद्ध हो बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मां का प्रसाद पाया। अपराह्न बाद स्थानीय देवी मंडप की महिला मंडली ने मां के दरबार में भजन-संकीर्तन प्रस्तुत श्रद्धा अर्पित की। रात आठ बजे मां भवानी जागरण की शुरुआत पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद मंच संभाल जौली छाबड़ा ने साथी कलाकारों संग गणेश वंदना की। फिर तो जैसे ही तराने छेड़े, मईया का चोला है रंग लाल लाल लाल ... और बेटा जो बुलाये मां को आना चाहिए ... जैसे भजनों से वातावरण गूंज उठा। अध्यक्ष सिद्धांत सिन्हा, अंकित गुप्ता, प्रताप दास, जैक कश्यप, राहुल सिंह, राजकुमार यादव, अंकुश दत्ता, अमित वर्मा, निशांत कच्छप, अजित सिंह, राहुल यादव, सौरभ महतो, अमन पासवान, सुनील वर्मा, बिट्टू सिंह, सिक्कंदर, अनिश सिंह, अविनाश, गौतम आदि ने इसके सफल संचालन में मुख्य योगदान दिया।




### अध्यक्ष सिद्धांत ने जताया आभार

स्टूडेंट क्लब के अध्यक्ष सिद्धांत ने समिति के 52वें वार्षिकोत्सव पर प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से सहयोग करने वालों के प्रति आभार जताया है। उन्होंने बताया कि आने वाले वर्षों में और भी भव्य रूप में मां का पूजनोत्सव मनाया जायेगा। उन्होंने आदित्य विक्रम जायसवाल, कुणाल आजमानी, कुमार राजा, आजाद सिपाही के प्रबंध निदेशक राहुल सिंह, विनोद सिंह, राजीव सिन्हा, शंकर दुबे आदि के प्रति भी आभार जताया है।



### स्व. हरिनारायण सिंह को अर्पित की गयी श्रद्धांजलि

श्रीश्रीलालपुर बाजार काली पूजा समिति, स्टूडेंट क्लब के पूजा पंडाल में आजाद सिपाही के प्रधान संपादक और समिति के मुख्य संरक्षक स्वर्गीय हरिनारायण सिंह जी को श्रद्धांजलि अर्पित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी। समिति के पदाधिकारियों ने मंच पर लगाये गये जन-जन के हरि भैया की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धा के पुष्प चढ़ाये।

**गंगा आरती और भोजपुरी नाइट**

**आज :** श्रीश्रीलालपुर बाजार काली पूजा समिति, स्टूडेंट क्लब के पूजा पंडाल में गुरुवार की शाम गंगा आरती उतारी जायेगी। पियूष पाठक बनारस की तर्ज पर पुरोहितों संग अलग अंदाज में आरती उतारेंगे। देर शाम भाजपोरी नाइट का रंगारंग कार्यक्रम शुरू होगा, जो देर रात तक चलेगा। अध्यक्ष सिद्धांत सिन्हा ने बताया कि धनबाद के जौली छाबड़ा साथी कलाकारों संग मनमोहक प्रस्तुति देंगे। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को रामगढ़ के तासा पार्टी के साथ विसर्जन शोभायात्रा निकाल मां की प्रतिमा का विसर्जन लाइन टैंक तालाब में किया जायेगा।

# राज्य स्थापना दिवस पर शिबू सोरेन को भारत रत्न देने की घोषणा करें : डॉ तनुज खत्री



रांची (आजाद सिपाही)। 15 नवंबर को झारखंड राज्य स्थापना दिवस है। केंद्र सरकार इस दिन दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भारत रत्न देने की घोषणा करे, तो यह झारखंड के लिए गर्व की बात होगी और महान आत्मा को सच्ची श्रद्धांजलि भी।

# झारखंड के विभिन्न जिलों में कल से चार दिनों तक बारिश की आशंका

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड के विभिन्न जिलों में 24 अक्टूबर से चार दिनों तक हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की आशंका है। यह जानकारी मौसम विभाग ने बुधवार को दी। विभाग के अनुसार राज्य के जिन इलाकों में बारिश होने की आशंका है इनमें दक्षिणी जिले (पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम सिमडेगा और सरायकेला खरसावां) और इसके निकटवर्ती मध्य भाग शामिल हैं। इसके बाद 25 से लेकर 27 अक्टूबर तक राज्य के विभिन्न जिलों में गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की आशंका व्यक्त की गयी है।

# काली पूजा स्वागत समिति ने महाभोग का वितरण किया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** काली पूजा स्वागत समिति की ओर से बुधवार को घर-घर महाभोग का प्रसाद बांटा गया। समिति के पदाधिकारी और सदस्य 28 वाहनों से आस-पास के मोहल्लों में प्रसाद बांटा। अध्यक्ष प्रेम वर्मा ने बताया कि महाभोग का प्रसाद आपके द्वार के तहत समिति हर साल भोग वितरण करती है। इस बार भी पदाधिकारी और सदस्यों ने हजारों लोगों के घरों में मां का प्रसाद पहुंचाया। उन्होंने बताया कि पूजा स्थल के पास भंडारा चलाया गया। 25 हजार से ज्यादा लोगों ने पांत में बैठकर मां का प्रसाद ग्रहण किया। राजू वर्मा, सत्येंद्र ठाकूर, अमित अग्रवाल, अनिल माथुर, अमित अग्रवाल, निखील गोयल, निक्कू वर्मा, अरूण वर्मा, मुकेश मुक्ता, संजय गुप्ता, प्रदीप वर्मा, संजय दास, ओमप्रकाश, अजीत शर्मा, सत्येंद्र वर्मा आदि ने इसके सफल आयोजन में मुख्य योगदान दिया।

## अक्षरधाम मंदिर में हो रहा मां का दर्शन



रांची (आजाद सिपाही)। मां भवानी क्लब काली पूजा समिति, रॉक गार्डेन कांके रोड में दर्शनार्थी मां का दर्शन अक्षरधाम मंदिर में कर रहे हैं। बुधवार को पूजन-आरती के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी का भोग बांटा गया। भक्तों ने मां का दर्शन-पूजन कर कतारबद्ध हो प्रसाद ग्रहण किया। संध्या आरती में भी बड़ी संख्या में सनातनियों ने हिस्सा लिया। देर रात तक मां के दरबार में तांता लगा रहा। अध्यक्ष बलराम सिंह ने बताया कि गुरुवार को मां भवानी जागरण होगा। 24 अक्तुकर को गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाल मां की प्रतिमा का विसर्जन किया जायेगा। दिनेश सिंह तोमर, उमेश सिंह, रामलखन राम, राकेश पांडेय, रंजीत चौबे, अरविंद गुप्ता, नयन प्रमार आदि पूजा के सफल आयोजन में मुख्य योगदान दे रहे हैं।

# बिरला हनुमान मंदिर में पूजा का भव्य आयोजन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची के बरियातू स्थित बिरला हनुमान मंदिर के प्रांगण में कमेटी के सदस्यों ने फूल और आकर्षक विद्युत सज्जा कर मंत्रोच्चारण के साथ भव्य रूप से पूजा की।

सतीश कुमार और गो पालक राजेंद्र सिंह के साथ मिलकर मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर आम लोगों को प्रसाद का वितरण किया गया, जिससे सभी भक्तों को आध्यात्मिक आनंद मिला।

कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ, जिससे सभी भक्तों को दीपावली के पावन अवसर पर आध्यात्मिक आनंद और शांति मिली। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर कमेटी के अध्यक्ष विजेंद्र सिंह, मुख्य संरक्षक दयानंद प्रसाद सिंह, ट्रस्टी शिशिर कुमार, प्रवक्ता मंटू कुमार दान, कोषाध्यक्ष आशुतोष अजय मिश्रा और अन्य सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अलावा सच्चिदानंद पांडे, सूरज किशोरी पांडेय, किशन भार्गव, दीपक उर्फ सोनू, मुन्ना राय, सुरेंद्र सिंह, मोहसिन हवारी, खगेश महतो, मनोज, संतोष कुमार, सुलेखा देवी, सारा खातून, संजू देवी आदि ने भी कार्यक्रम में योगदान दिया।

# डिप्टी मेयर का चुनाव सीधे जनता करे : राजेंद्र प्रसाद



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड आंदोलनकारी सह मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने मंगलवार को नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू से आग्रह किया कि डिप्टी मेयर का चुनाव सीधे जनता करे। प्रसाद ने नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू से कहा कि डिप्टी मेयर का चुनाव पार्षदों के माध्यम से कराने का मतलब होगा सीधा भ्रष्टाचार बढ़ावा देना है। राजेंद्र प्रसाद ने भ्रष्टाचार को रोकने के लिए झारखंड में डिप्टी मेयर का चुनाव सीधे जनता के वोटों से कराने का आग्रह किया है। प्रसाद को मंत्री ने आश्वासन दिया कि इस सुझाव पर वे विभागीय अधिकारियों से गंभीरतापूर्वक बातचीत करने की बात कही।

# आज कलम पूजेंगे चित्रांश मनेगा भाई दूज का त्योहार भी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजधानी में कार्तिक शुक्ल पक्ष द्वितीया गुरुवार को जहां चित्रगुप्त पूजा धूमधाम से मनाया जाएगा, वही भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक पर्व भाई दूज की भी धूम रहेगी। घर-घर नेम-निष्ठा से यम देवता की पूजा-अर्चना कर बहने भाई की लंबी आयु की कामनाएं करेंगी।

बूट खिला कर और रक्षा सूत्र बांध मंगल कामनाएं करेंगी। भाई अपनी बहन को उपहार दे कर कृतज्ञता जतायेंगे। शहर के गली-कूचों से लेकर घरों के घर-आंगन तक गोधन कूटते बहनों के समूह का उत्साह और भाई के प्रति समर्पण देखते ही बनेगा। इधर चित्रांशों के यहां तो भगवान चित्रगुप्त और कलम-दवात की पूजा होगी ही, विभिन्न स्थानों पर भी भगवान की प्रतिमा स्थापित कर सामूहिक पूजन किया जाएगा। सुबह से देर रात तक पूजनोत्सव की धूम रहेगी। कहीं सामूहिक आरती और स्नेह मिलन तो कहीं सहभोज व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी खास आयोजन किया जाएगा। बिहार क्लब में दिन के 11 बजे से पूजा शुरू होगी। दिन के एक बजे प्रसाद बटेगा। शाम 7:00 बजे कलम दवात के दवता की महाआरती उतारी जायेगी। रात साढ़े आठ बजे से सह भोज का कार्यक्रम चलेगा। झारखंड राज्य चित्रगुप्त महापरिवार केंद्रीय पूजा समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, डॉ अजीत सहाय, डॉ. राजेश कुमार लाल, डॉ. वंदना राय, दीपक लाल, निर्मल रंजन, संजय सिन्हा गोपू,आयुष सिंहा, अमरनाथ आदि इसके सफल आयोजन में मुख्य योगदान दे रहे हैं। अशोक नगर, चुटिया, हरमू, कांके, बरियातु, रातू रोड, डोरंडा, धुर्वा सहित शहर के विभिन्न इलाकों में पूजनोत्सव की धूम रहेगी।

# महाप्रबंधक ने छठ महापर्व पर पूर्व मध्य रेल की तैयारियों का लिया जायजा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा बुधवार को पटना के वार रूम में विभागाध्यक्षों और सभी मंडलों के मंडल रेल प्रबंधकों के साथ समीक्षा बैठक में छठ महापर्व के अवसर पर पूर्व मध्य रेल की तैयारियों की समीक्षा की गयी। बैठक में महाप्रबंधक ने छठ महापर्व के बाद वापसी यात्रा के दौरान ट्रेनों/स्टेशनों पर भीड़ प्रबंधन, यात्री सुविधा/सुरक्षा, आवश्यकतानुसार अतिरिक्त फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन के परिचालन और इससे जुड़े अन्य तैयारियों की गहन समीक्षा की एवं आश्यक दिशा-निर्देश जारी किया।

महाप्रबंधक ने कहा कि यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर पर्याप्त संख्या में स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। स्टेशनों पर और ट्रेनों में अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती सुनिश्चित की गयी है। साथ ही राजकीय रेल पुलिस (जीआरपी) और रेल सुरक्षा बल के बीच समन्वय स्थापित करके भीड़ प्रबंधन के लिए सभी आवश्यक कदम उठाये जा रहे हैं ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। वार रूम से चौबीसों घंटे निगरानी की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने पूजा के दिन रेलवे ट्रैक के निकट स्थित तालाबों के आस-पास अतिरिक्त सावधानी बरतने का निर्देश दिया। यात्रियों की सहायता के लिए टीटीइ और रेल सुरक्षा बल की तैनाती के साथ-साथ अधिक भीड़-भाड़ वाले स्टेशनों पर अधिकारियों की तैनाती की गयी है। विदित हो कि छठ महापर्व पर ट्रेनों एवं स्टेशनों पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए पूर्व मध्य रेल द्वारा कई कदम उठाये गये हैं।



# कोल इंडिया और आइआइटी मद्रास ने सतत ऊर्जा केंद्र स्थापित करने के लिए हाथ मिलाया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कोल इंडिया लिमिटेड (सीआइएल) ने बुधवार को आइआइटी मद्रास में सतत ऊर्जा केंद्र स्थापित करने के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (आइआइटी मद्रास) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये। इस समझौता ज्ञापन पर सीआइएल के निदेशक (तकनीकी) अच्युत घटक और आइआइटी मद्रास के निदेशक वी कामकोटि ने हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर सीआइएल के अध्यक्ष पीएम प्रसाद और सीआइएल और आइआइटी मद्रास के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। यह केंद्र सतत ऊर्जा प्रौद्योगिकियों में अत्याधुनिक अनुसंधान एवं विकास कोल इंडिया और आईआईटी मद्रास ने सतत ऊर्जा केंद्र स्थापित करने के लिए हाथ मिलाया

कोल इंडिया लिमिटेड (सीआइएल) ने बुधवार को आइआइटी मद्रास में सतत ऊर्जा केंद्र स्थापित करने के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (आइआइटी मद्रास) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये। इस समझौता ज्ञापन पर सीआइएल के निदेशक (तकनीकी) अच्युत घटक और आइआइटी मद्रास के निदेशक वी कामकोटि ने हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर सीआइएल के अध्यक्ष पीएम प्रसाद और सीआइएल और आइआइटी मद्रास के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

यह केंद्र सतत ऊर्जा प्रौद्योगिकियों में अत्याधुनिक अनुसंधान एवं विकास तथा क्षमता निर्माण पहलों के लिए एक केंद्र के रूप में कार्य करेगा। सीआइएल के वित्त पोषण से समर्थित और इसके रणनीतिक विविधीकरण लक्ष्यों के अनुरूप, यह केंद्र कोयला खदानों के पुनरुद्देश्यीकरण, निम्न-कार्बन प्रौद्योगिकियों के निर्माण और भारत के स्वच्छ ऊर्जा भविष्य में कोयले को एक मूल्यवान फीडस्टॉक के रूप में पुनः परिकल्पित करने हेतु समाधान विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। यह साझेदारी 2070 तक देश के शुद्ध-शून्य लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए स्वदेशी अनुसंधान, नवाचार और प्रौद्योगिकी विकास के माध्यम से भारत के ऊर्जा परिवर्तन का नेतृत्व करने की साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

इस अवसर पर सीआइएल के अध्यक्ष, पीएम प्रसाद ने कहा कि कोल इंडिया देश के ऊर्जा प्रदाता से भारत के स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन का एक प्रमुख प्रवर्तक बन रहा है। उन्होंने कहा, यह समझौता ज्ञापन सतत विकास की ओर कोल इंडिया की यात्रा में एक ऐतिहासिक कदम है। आइआइटी मद्रास के साथ इस सहयोग के माध्यम से, कोल इंडिया का लक्ष्य ऐसे स्वदेशी समाधान तैयार करना है जो ऊर्जा सुरक्षा, कार्बन-मुक्ति और सामाजिक-आर्थिक प्रगति सुनिश्चित करें।

आइआइटी मद्रास के निदेशक, वी. कामकोटि ने कहा कि उद्योग-अकादमिक सहयोग, भारत को निम्न-कार्बन अर्थव्यवस्था में बदलने की दिशा में आइआइटी मद्रास की यात्रा का आधार रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा, कोल इंडिया के साथ साझेदारी इस उद्देश्य के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। साथ मिलकर, हमारा लक्ष्य ऐसे मापनीय और प्रभावशाली समाधान विकसित करना है जो भारत के सतत ऊर्जा भविष्य का समर्थन करें। यह केंद्र पीएचडी, पोस्टडॉक्टरल और इंटर्नशिप कार्यक्रमों के माध्यम से मानव पूंजी विकास में भी योगदान देगा और भारत के हरित ऊर्जा परिवर्तन का नेतृत्व करने के लिए शोधकर्ताओं और इंजीनियरों की अगली पीढ़ी को तैयार करेगा। क्षमता निर्माण पहलों के लिए एक केंद्र के रूप में कार्य करेगा। सीआइएल के वित्त पोषण से समर्थित और इसके रणनीतिक विविधीकरण लक्ष्यों के अनुरूप, यह केंद्र कोयला खदानों के पुनरुद्देश्यीकरण, निम्न-कार्बन प्रौद्योगिकियों के निर्माण और भारत के स्वच्छ ऊर्जा भविष्य में कोयले को एक मूल्यवान फीडस्टॉक के रूप में पुनः परिकल्पित करने हेतु समाधान विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। यह साझेदारी 2070 तक देश के शुद्ध-शून्य लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए स्वदेशी अनुसंधान, नवाचार और प्रौद्योगिकी विकास के माध्यम से भारत के ऊर्जा परिवर्तन का नेतृत्व करने की साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

इस अवसर पर सीआइएल के अध्यक्ष, पीएम प्रसाद ने कहा कि कोल इंडिया देश के ऊर्जा प्रदाता से भारत के स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन का एक प्रमुख प्रवर्तक बन रहा है। उन्होंने कहा, यह समझौता ज्ञापन सतत विकास की ओर कोल इंडिया की यात्रा में एक ऐतिहासिक कदम है। आइआइटी मद्रास के साथ इस सहयोग के माध्यम से, कोल इंडिया का लक्ष्य ऐसे स्वदेशी समाधान तैयार करना है जो ऊर्जा सुरक्षा, कार्बन-मुक्ति और सामाजिक-आर्थिक प्रगति सुनिश्चित करें।

आइआइटी मद्रास के निदेशक, वी. कामकोटि ने कहा कि उद्योग-अकादमिक सहयोग, भारत को निम्न-कार्बन अर्थव्यवस्था में बदलने की दिशा में आइआइटी मद्रास की यात्रा का आधार रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा, कोल इंडिया के साथ साझेदारी इस उद्देश्य के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। साथ मिलकर, हमारा लक्ष्य ऐसे मापनीय और प्रभावशाली समाधान विकसित करना है जो भारत के सतत ऊर्जा भविष्य का समर्थन करें। यह केंद्र पीएचडी, पोस्टडॉक्टरल और इंटर्नशिप कार्यक्रमों के माध्यम से मानव पूंजी विकास में भी योगदान देगा और भारत के हरित ऊर्जा परिवर्तन का नेतृत्व करने के लिए शोधकर्ताओं और इंजीनियरों की अगली पीढ़ी को तैयार करेगा।




# अमेरिका के श्रीविष्णु मंदिर में मां के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

## आनंद मेला में छायी रही मस्ती

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** अमेरिका के श्रीविष्णु मंदिर के प्रारूप पर बना श्रीडोरंडा बाजार काली पूजा समिति का पूजा पंडाल सब के मन भा रहा है। बुधवार को मंदिर के भव्य दरबार में विराजी मां के दर्शन को बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। दर्शन-पूजन कर भोग का प्रसाद पाया। साथ ही पूजा स्थल पर लगाये गये आनंद मेले का भी जमकर लुफ्त उठाया। सुबह नौ बजे पूजन-आरती हुई। दोपहर बाद मइया को खिचड़ी, सब्जी और आदि चटनी आदि का भोग लगा, प्रसाद रूप में सभी को बांटा गया। शाम छह बजे मां की संध्या आरती उतारी गयी। इसमें बड़ी संख्या में भक्तों के साथ सांसद आदित्य प्रसाद साहू, भाजपा नेता मनोज सिंह, सरोज सिंह, श्रीहरि दास, सतीश जी, उपायुक्त रांची मंजूनाथ भजंत्री, एसएसपी राकेश रंजन, श्रीमहावीर मंडल रांची के अध्यक्ष जयसिंह यादव ने भी माता के दरबार में हाजिरी लगायी।



अध्यक्ष राजू चौरसिया, मीडिया प्रभारी मनोज वर्मा, सचिव जयदेव घोष, प्रदीप पांडेय निर्मल गुप्ता, प्रदीप कुमार मुन्ना, प्रकाश मामा, प्रकाश वर्मा, अशोक पासवान, श्यामल घोष, नवीन मल्होत्रा, विवेक सहाय, विजय सिन्हा, सुनील सिन्हा, चंदन सिंह, कुंदन प्रसाद, सन्टू, सुभाष, महादेव घोष, राहुल चौरसिया, अभिषेक घोष, संजय घोष, मुन्ना लाल, दीपक राम, राकेश पाल, महेश विजय, विश्वनाथ राम, उत्तम ठाकुर, सुजीत मालाकार आदि पूजनोत्सव के सफल आयोजन में मुख्य योगदान दे रहे हैं।






## महत्वपूर्ण खबरें

### त्योहारों पर भीड़ संभालने की व्यवस्था की गयी

कोलकाता (आजाद सिपाही)। दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा बुधवार को शालीमार रेलवे स्टेशन पर एक विशेष मीडिया टूर का आयोजन किया गया, जिसमें त्योहारों के दौरान यात्रियों की सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए की गयी विभिन्न सुविधाओं और यात्री हितैषी उपायों का प्रदर्शन किया गया। इस टूर के दौरान होल्डिंग एरिया, उन्नत प्रतीक्षालय, सहायता बूथ, टिकट काउंटर और भीड़ प्रबंधन की बेहतर व्यवस्था जैसी प्रमुख सुविधाओं का अवलोकन कराया गया। स्वच्छता, समयपालन और सुरक्षा पर विशेष बल दिया गया है। अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गयी है और यात्रियों की सहायता व मार्गदर्शन हेतु हेल्प डेस्क स्थापित किये गये हैं। मीडिया प्रतिनिधियों ने रेलवे प्रशासन द्वारा की गयी प्रोएक्टिव तैयारियों और यात्री सुविधाओं की सराहना की। भारतीय रेल इस वर्ष त्योहारों के मौसम में 12,000 से अधिक विशेष ट्रेनें चला रही है, जबकि पिछले वर्ष दुर्गा पूजा, दीपावली एवं छठ पर्व के दौरान कुल 7,724 विशेष ट्रेनें संचालित की गयी थीं। दक्षिण पूर्व रेलवे ने वर्तमान वर्ष में 20 अक्टूबर तक कुल 922 विशेष ट्रेनें चलायी हैं, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 832 विशेष ट्रेनें संचालित की गयी थीं। यात्रियों की शिकायतों/समस्याओं के त्वरित समाधान और वास्तविक समय में निगरानी के लिए दक्षिण पूर्व रेलवे मुख्यालय तथा चारों मंडल मुख्यालयों में वार रूम संचालित हैं। वर्तमान में दक्षिण पूर्व रेलवे 6 नियमित विशेष ट्रेनें तथा 11 अतिरिक्त त्योहार विशेष ट्रेनें चला रहा है। इसके अलावा, अन्य रेलवे जोनों द्वारा संचालित 16 विशेष ट्रेनें भी दक्षिण पूर्व रेलवे क्षेत्राधिकार में चल रही हैं।

### आइआइसीएम श्रमिक संघ ने प्रबंधन के रवैये पर जताया आक्रोश



रांची (आजाद सिपाही)। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कोल मैनेजमेंट (आइआइसीएम) श्रमिक संघ ने प्रबंधन के रवैये पर गहरा आक्रोश जताया है। संघ के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि प्रबंधन का रवैया पूरी तरह तुगलकशाही और मनमाना है। उन्होंने कहा कि कर्मियों के साथ हो रहा अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उक्त बातें मंगलवार को आइआइसीएम श्रमिक संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक में संघ के अध्यक्ष अजय राय ने कही। इस दौरान संघ ने प्रबंधन से कर्मचारियों के बकाया भुगतान की मांग की है। संघ ने कर्मचारियों को कोल वेज का भुगतान करने की मांग की है। संघ ने कर्मचारियों के रेगुलराइजेशन की मांग की है। संघ ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही बकाया भुगतान, कोल वेज और रेगुलराइजेशन की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं की गयी, तो संघ व्यापक आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेगा। संघ ने कहा कि वह अपने सदस्यों के अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए किसी भी स्तर तक संघर्ष करने को तैयार है। इस मौके पर मनोज कुमार सिंह, रमेश साहू, इस्लाम खान, वीर बहादुर सिंह, आलोक झा, अक्षय बेहरा, प्रीत यादव, उत्तम कुमार, मकदली कुजूर, राजेश तिर्की, मदीना खातून, ज्योति खलखो, निर्मला किस्पोट्टा, शशि देवी, अनीता तिग्गा, अनुपमा साहू, पूनम तिर्की, राहिल कुजूर, लखी लिंडा, शिला बंडो सहित अन्य मौजूद थे।

### छठ घाटों का महुआ माजी ने लिया जायजा



रांची (आजाद सिपाही)। राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी ने बुधवार को शहर के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। साथ ही विभिन्न छठ पूजा समितियों के पदाधिकारियों से बात-चीत कर घाटों की समस्याओं से आवगत हुईं। साथ ही समस्याओं के निराकरण के लिए राज्यसभा सांसद ने मौके पर ही रांची नगर निगम के आयुक्त से फोन पर बात की। आयुक्त ने आश्वासन दिया कि गुरुवार तक सभी समस्याओं का समाधान किया जायेगा। इसी तरह नामकुम स्वर्णरेखा घाट, चडरी तालाब, जेल तालाब, बड़ा तालाब, मधुकम तालाब सहित विभिन्न तालाब के छठ घाट का निरीक्षण कर उन्होंने उनकी समस्या का निपटारा के लिए संबंधित पदाधिकारीयों को निर्देश दिया। मंटू लाला, नंद किशोर सिंह चंदेल,अनिल गुप्ता, अनीश, सूरजभान सिंह, सोमू बनर्जी, विश्वजीत चौधरी, बिट्टू साहू, रमेश मिश्रा, संदेश महतो, विक्रांत विश्वकर्मा, संजय साहू, धनेश सोनी, राकेश सिंह आदि मौके पर उपस्थित थे।

# हेहल सोहराय जतरा महोत्सव में बिखरी माटी की खुशबू

## संजय सेठ और सुप्रियो भट्टाचार्य ने लिया हिस्सा

आजाद सिपाही संवाददाता





**रांची।** हेहल जतरा मैदान, बगीचा टोली का इलाका बुधवार को हेहल सोइराय जतरा महोत्सव से गुलजार रहा। मांडर, खूंटी, कर्रा, बेड़ो, हेहल सहित 30 खोड़हा के लोगों ने इसमें भागीदारी निभायी। मांदर की थाप पर पारंपरिक वेशभूषा में जमकर नाचे-झूमे। छोटानागपुरी गीत-नृत्य से माटी की खुशबू देर रात तक बिखेरी रही। छाऊ नृत्य और रंगारंग संस्कृतिक कार्यक्रम के क्या कहने।

इसमें आम तो आम खास ने भी बढ़-चढ़ कर भागीदारी निभायी। रक्षाराज्य मंत्री संजय सेठ, कल्याण मंत्री चमरा लिंडा, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, जेएससीए के अध्यक्ष अजयनाथ शाहदेव, झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने बतौर अतिथि उपस्थिति दर्ज करायी। जतरा महोत्सव का लुफ्त उठाया। अध्यक्ष अजीत भगत की अध्यक्षता में अतिथियों का पारंपरिक रीति-रिवाज से स्वागत किया गया।

छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकिशोर शर्मा, संरक्षक नामधारी प्रसाद, शिवा कच्छप, रवि तिग्गा, बंधन तिग्गा, नारायण उरांव, बिंदेश्वर बेंक आदि मौके पर खास तौर से उपस्थित थे। रात नौ बजे नागपुरी गीत-संगीत के रंगारंग कार्यक्रम के साथ महोत्सव संपन्न हुआ। सुकरा तिर्की, दिनेश तिर्की, सुधीर तिर्की, धरमू तिर्की, पंकज कच्छप, राकेश टोप्पो, करण तिर्की, आकाश तिर्की, समीर तिर्की, दीपू कच्छप, रंजीत तिर्की विजय तिर्की, झिबरा बेंक, नरेश पाहन, ममता कच्छप, बुधवा तिर्की, ज्योति टोप्पो, फूलों तिर्की, सुशीला तिर्की, पूनम तिर्की, मीरा कुमारी, सरस्वती टोप्पो, सविता तिर्की, कलावती कच्छप, पिंकी टोप्पो, जोगिंदर उरांव, मिथलेश केशरी, जैक्शन टोप्पो, कैला कच्छप, सुवेश पांडेय आदि ने इसके सफल संचालन में मुख्य योगदान दिया।

## सोहराय जतरा पूजा समारोह में उमड़ी भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** बारह पड़हा जतरा टांड सरना समिति अखड़ा कोचा कोकर के तत्वावधान में आयोजित सोहराय जतरा पूजा समारोह में 12 गांव के 12 खोड़हा दल के साथ-साथ आसपास के लोग भारी संख्या में शामिल हुए। पारंपरिक वेशभूषा में ढोल नगाड़े के साथ नाचते गाते हुए लोग समारोह का हिस्सा बने।

पाहन द्वारा रंगुवा मुर्गे की बलि देकर पूरे विधि विधान से राज्य के सुख शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की गयी। यह सोहराय जतरा पूजा सदियों से आयोजित होती आ रही है और आदिवासी परंपरा के अनुसार अच्छी फसल के लिए पशुओं का आभार प्रकट करने के लिए मनाया जाता है। समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर राज्यसभा सांसद महुआ माजी और अति विशिष्ट अतिथि के रूप में सुरेश बैठा उपस्थित थे। समारोह के अध्यक्ष सागर मुंडा, उपाध्यक्ष राहुल मुंडा और कार्यकारी अध्यक्ष गोलू मुंडा भी मौजूद रहे। समारोह को सफल बनाने में समाज के विशिष्ट लोगों में कंचन मुंडा, रश्मि कुजूर, मंजू मुंडा और सदस्य गण शिव रोशन, सनी, छोटू, रोहन, मोहित, संजीत, रूपक, सुजीत, राजेश सहित अन्य सदस्यों ने योगदान दिया।

## सुदेश महतो ने पत्नी के साथ सोहराय पर्व मनाया

## सोहराय पर्व परंपरा से जोड़ने का सशक्त माध्यम : सुदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने बुधवार को बुकरू, कांके स्थित अपने आवास पर पारंपरिक श्रद्धा और विधि-विधान के साथ सोहराय पर्व मनाया। इस दौरान उन्होंने अपनी धर्मपत्नी नेहा महतो के साथ मिलकर गोवंश की पूजा की और प्रकृति व पशुधन को नमन किया।पूजा के उपरांत श्री महतो ने कहा सोहराय न केवल एक पर्व है, बल्कि झारखंड की सांस्कृतिक पहचान, कृषि परंपरा, और श्रम की गरिमा का प्रतीक है। यह पर्व हमारे समाज को प्रकृति, पशु और परंपरा से जोड़ने का


**गोवंश की पूजा कर राज्य की समृद्धि के लिए की कामना**

सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर नेहा महतो ने पारंपरिक पकवान तैयार की और पूजा में शामिल हुईं। सुदेश महतो ने झारखंडवासियों को पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए राज्य के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।उन्होंने विश्वास जताया यह पावन अवसर सभी के जीवन में नई ऊर्जा, खुशहाली और सामाजिक सौहार्द्र लेकर आयेगी।



## श्री चित्रगुप्त पूजन पर विशेष

### बदलती दुनिया में कायस्थों की भूमिका हमेशा की तरह प्रभावी



**डॉ.प्रणव कुमार बब्बू**

*राष्ट्रीय अध्यक्ष, कायस्थ काउंसिल ऑफ इंडिया (केसीआइ)*

**ऋषियों** में उत्तम ऋषि सुशर्मा ने ब्रह्माजी का ध्यान किया, तब ब्रह्माजी ने प्रसन्नता से इरावती नाम की कन्या को पाकर चित्रगुप्त के साथ उसका विवाह कराया। उस कन्या से चित्रगुप्त के आठ पुत्र उत्पन्न हुए। उनके नाम चारु, सुचारु, चित्र, मतिमान, हिमवान, चित्रचारु, अरुण और अतीन्द्रिय हैं। दूसरी जो मनु की कन्या दक्षिणा थी, उनका विवाह श्रीचित्रगुप्त से हुआ, जिनसे उनके चार पुत्र हुये। उनके नाम भानु, विभानु, विश्वभानु और वीर्य्यावान हैं। चित्रगुप्त के ये 12 पुत्र विख्यात हुए और पृथ्वी-तल पर विचरे। इनमें से चारु मथुराजी गये और वहां रहने से माथुर कहलाये। हे राजन, सुचारु गौड़ बंगाल गये और वे गौड़ कहे गये। चित्रभाट्ट नदी के पास के नगर को गए जिससे वे भटनागर कहलाये. श्रीवास नगर में भानु बसे इससे वे श्रीवास्तव्य कहलाये। हिमवान अम्बा दुगार्जी की आराधन कर अम्बा नगर में ठहरे, इससे वे अम्बष्ट कहलाये। सखसेन नगर में अपनी भार्या के साथ मतिमान गए जिससे वे सूर्यध्वज कहलाये। भगवान श्रीब्रह्मा जी की नाभि से उत्पन्न हुए भगवान श्रीचित्रगुप्त के वंशज अर्थात कायस्थ अथवा चित्रांश आज दुनिया के कोने कोने में हैं। वह अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दे रहे हैं। विज्ञान, तकनीक, अनुसन्धान, राजनीति, शासन-प्रशासन, साहित्य, कला, खेलकूद अर्थात दुनिया का कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है जहां कायस्थों की महत्वपूर्ण भूमिका न हो। हकीकत यह है कि पूरी दुनिया में कायस्थों की समृद्ध परंपरा रही है और बदलते परिप्रेक्ष्य में यह और भी प्रभावी होकर उभर रही है।

भारत के संदर्भ में यदि बात की जाये तो केवल दो सशक्त उदाहरण। साहित्य शिरोमणि मुंशी प्रेमचंद की बात हो या फिर राजनीति में सादगी के प्रतीक लाल बहादुर शास्त्री या देशरत्न.. भारतरत्न डॉ.राजेंद्र प्रसाद जैसे व्यक्तित्व की। हर स्थान पर कायस्थों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व की अमिट छाप है।

2020 में वैश्विक महामारी कोरोना के कारण दुनिया की परेशानी, समस्यायें, और विकट परिस्थितियां बढ़ी और तब कायस्थों की भूमिका भी बहुत अधिक बढ़ गयी है। आज भगवान श्री चित्रगुप्त जी महाराज के पूजन की सबसे अधिक सार्थकता इसी बात में है कि बदली हुई दुनिया में हम स्वयं को किस प्रकार से ढालें और अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें, बल्कि ना सिर्फ योगदान पर इससे कहीं बढ़कर समाज के सभी क्षेत्रों में सभी के हित में कार्य करें, जो कि इस दुनिया को बेहतर स्वरुप में ढ़ाल सके। एक बात निश्चित मानकर चले। चाहे अबतक के हमारे खाते में जितनी भी उपलब्धियां हों मगर दुनिया को अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देना अबतक बाकी है। यह बात जितना मेरे मामले में सत्य और सार्थक है उतना ही आप सभी के मामले में भी।

### समाजसेवी महिला के साथ मारपीट, केस दर्ज

रांची (आजाद सिपाही)। महिमा नगर ओबरिया-लटमा रोड निवासी समाजसेवी रेणु देवी ने गुड्डू सिंह उर्फ अजीत सिंह और उसके भाई रोशन कुमार पर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। घटना 21 अक्टूबर 2025 को लटमा पुल के पास हुई जब वे अपने बेटे के साथ बाइक से घर आ रही थीं। इस संबंध में रेणु देवी ने एयरपोर्ट थाना में मामला दर्ज करायी है। वहीं इसकी जानकारी पुलिस महानिदेशक के साथ एसएसपी रांची को भी ज्ञापन सौंपा है। इसमें आरोप लगाया है कि वह अपने पुत्र के साथ मंगलवार शाम को बाइक से घर आने के क्रम में लटमा पुल के पास गुड्डू सिंह और उसके साथियों ने उनकी गाड़ी रोकी, गाली-गलौज की और मारपीट की। इस दौरान गुड्डू सिंह ने उनके गले का सोने की चेन भी छीन लिया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने गुड्डू सिंह को आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति बताया है जो पुलिस कार्रवाई से नहीं डरता। पीड़िता ने गुड्डू सिंह और उसके भाई के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

**ई–निविदा सूचना सं. 4591–जीआरसी–सीई–सी–एसओ–22–2025,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मुख्य अभियंता (निर्माण)/एस/गार्डन रीच द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निम्नलिखित निविदा वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दी गई है। निविदा नियत तिथि को 12.00 बजे बंद की जाएगी। **कार्यों का संक्षिप्त विवरण:** उप मुख्य अभियंता/निर्माण/II/खड़गपुर, निर्माण संगठन, दक्षिण पूर्व रेलवे के अधिकार क्षेत्र में विभिन्न निर्माण साइटों/खंडों में परियोजना पर्यवेक्षण सेवाएँ प्रदान करने के लिए परियोजना पर्यवेक्षण सेवा एजेंसी (पीएसएसए) की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी)। **अनुमानित मूल्य:** रु.9.66 करोड़। **बोली प्रतिभूति:** रु. 6,33,100/–, **समापन अवधि:** 24 माह । **अंतिम तिथि:** दिनांक 18.11.2025, इच्छुक निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। किसी भी परिस्थिति में इन मदों के लिए मैनुअल निविदाएँ स्वीकार नहीं की जाएंगी। **द्रष्टव्य:** "प्रत्याशित बोलीदाता सभी अन्य निविदाओं में भाग लेने के लिए, **www.ireps.gov.in** नियमित रूप से देख सकते हैं।" (PR-751)

# छठ महापर्व का नहाय-खाय कल, खरना 26 को



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोक आस्था का छठ महापर्व शनिवार को नहाय खाय के साथ शुरू हो जायेगा। सुबह स्नान-ध्यान कर व्रतियों ने नेम-निष्ठा से व्रत का संकल्प लेंगी। शुद्ध और सात्विक मन से अरवा चावल का भात, कद्दू की सब्जी और चने का दाल पकायेंगी। छठी मइया और भूवन भास्कर को भोग लगा प्रसाद रूप में परिवार और इष्ट मित्रों संग ग्रहण करेंगी। अब कार्तिक शुक्ल पक्ष पंचमी 26 अक्तुबर को खरना की विधि की जायेगी। व्रती सुबह स्नान-ध्यान कर भूवन भास्कर और छठी मईया की आराधना करेंगे। दिनभर निर्जला उपवास रहकर, शाम के समय ईंट या मिट्टी से बने चूल्हे पर गन्ने का रस या गुड़ चावल का खीर पकायेंगे। पूरी भी बनाया जायेगा। बाद में उसे सूर्य देव और छठी मइया को भोग लगा स्वयं ग्रहण करेंगे। इसी के साथ उनका 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो जायेगा। बाद में व्रती द्वारा पकाये गये खीर-पूरी प्रसाद रूप में परिवार और इष्ट मित्रों के बीच बांटा जायेगा। महापावन छठ व्रत का खरना प्रसाद अति महत्वपूर्ण होता है। माना जाता है कि खरना का प्रसाद पाने वालों को रोग-शोक नहीं सताता। जीवन में खुशहाली बनी रहती है। इसी भाव से सांझ ढलते श्रद्धालु व्रतियों के यहां प्रसाद पाने को खिंचे चले आते हैं।

### 27 को अस्ताचलगामी भूवन भास्कर को अर्घ्य

कार्तिक शुक्ल पक्ष पंचमी 27 अक्तुबर को अस्ताचलगामी भूवन भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया जायेगा। दोपहर बाद से व्रती परिवार और इष्ट मित्रों संग छठी मइया के गीत गुनगुनाते छठ घाट जायेंगे। घाटों पर भक्तों का मेला लगेगा। बड़ी संख्या में व्रती और श्रद्धालु नेम-निष्ठा से डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर मनोवांक्षित फल की कामना करेंगे। विभिन्न छठ पूजा समितियों की ओर से घाटों पर समुचित व्यवस्था की जायेगी। समिति के सदस्य और पदाधिकारी व्रतियों और श्रद्धालुओं को हरसंभव सहयोग देने को मुस्तैद रहेंगे। कार्तिक शुक्ल पक्ष षष्ठी 28 अक्तुबर मंगलवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ चार दिनी सूयोर्पासना का महापावन पर्व छठ संपन्न हो जायेगा।



फोटो : प्रदीप ठाकुर

### सज गया है छठ बाजार

दीपावली बितने के साथ ही राजधानी में छठ महापर्व का पूजा बाजार सजने लगा है। नहाय खाय के दिन से ही बाजारों में सुबह से देर रात तक खरीदारों का तांता लगा रहेगा। सूप, दउरा और माटी के दीया-बाती सहित फल-फूल, पूजन सामग्री की खूब बिक्री होगी। अस्थायी छठ बाजार सहित कचहरी रोड, रातू रोड, महावीर चौक, बूटी मोड़, कोकर बाजार, डोरंडा, सेक्टर-दो, गोंदा टाउन आदि में लगा छठ बाजार आकर्षण का केंद्र बना रहेगा।

### छठ घाटों की सफाई का काम जोरों पर

राजधानी के सभी छठ घाटों की साफ-सफाई का काम जोरो से चल रहा है। श्रद्धालुओं के साथ विभिन्न समितियों के कार्यकर्ता इसमें लगे हैं। नगर निगम की ओर से भी प्रमुख जलाशयों में साफ-सफाई की जा रही है। लेक रोड हिंदपीढ़ी, बड़ा तालाब, हटनिया तालाब, जेल रोड तालाब, कांके डैम, धुर्वा डैम सहित शहर के विभिन्न जलाशयों में अर्घ्य अर्पण को व्रती और श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ेगा।

# उपायुक्त ने किया छठ घाटों का निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने बुधवार को एसएसपी राकेश रंजन, एडीएम लॉ एंड आर्डर राजेश्वरनाथ आलोक, एसडीम उत्कर्ष कुमार और नगर निगम प्रशासन संग शहर के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस क्रम में बड़ा तालाब पहुंचने पर स्टूडेंट फेडरेशन बड़ा तालाब छठ पूजा समिति के संरक्षक राजीव रंजन मिश्रा ने अधिकारियों को घाट की समस्याओं से अवगत कराया। मिश्रा ने रांची झील और उसके आसपास सफाई, बिजली, ट्रैफिक व्यवस्था के साथ सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को छठ पर्व के पूर्व सभी समस्याओं के तत्काल समाधान करने का निर्देश दिया। रवि कुमार पिंकू, प्रणय कुमार, राजेश सिन्हा सनी, गोपाल पारीक, लंकेश सिंह,विश्वजीत घोष, मो रॉकी, कैलाश साहनी, इंदर सिंह, दीपू गाड़ी, विशाल मिश्रा, राजीव सिंह, दीपक कुमार, संजय मिश्रा आदि मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित थे।

**पूर्व तट रेलवे**

संक्षिप्त निविदा सूचना सं. 44/ET/SBP/ENGG/2025-26, दिनांक 21.10.2025

(1) ई-निविदा सं.: 54-eT-DENC-SBP-25

**कार्य का नाम:** सहायक मंडल अभियंता (ADEN)/ बरगढ़ रोड (BRGA) के अधिकार क्षेत्र के अधीन ट्रैक, स्टेशन यार्ड, कर्वो, लेवल क्रॉसिंग (LC) इत्यादि की विविध मरम्मत।

**कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 1,44,35,922.39, बिड सिक्योरिटी: रु. 2,22,200.00।

(2) ई-निविदा सं.: 53-eT-DENC-SBP-25

**कार्य का नाम:** सहायक मंडल अभियंता (ADEN)/ बलांगीर (BLGR) के अधिकार क्षेत्र के अधीन ट्रैक, स्टेशन यार्ड, कर्वो, लेवल क्रॉसिंग (LC) इत्यादि की विविध मरम्मत।

**कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 1,48,25,797.70 बिड सिक्योरिटी: रु. 2,24,200.00।

कार्य समापन की अवधि: 03 (तीन) महीने (सभी क्रम सं. के लिए)।

**निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 06.11.2025 को 1500 बजे (सभी क्रम सं. के लिए)।

ऐसी ई-निविदाओं के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित सम्पूर्ण जानकारी वेबसाइट: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

**द्रष्टव्य:** प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने के कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुनः अवलोकन करें।

मंडल रेल प्रबंधक (Engg.), सम्बलपुर

PR-710/Q/25-26

# नक्सलियों का नया सवेरा

पुलिस बैरक में यह उनकी पहली रात थी। वे पूरी रात आंख नहीं मूंद पाये अथवा नींद ही नहीं आयी। वे खुले जंगल में, नीले आसमान को निहारते हुए, सोने के अभ्यस्त थे। उनकी समझ, संवेदनाएं और तंत्रिकाएं इतनी सचेत और तीव्र थीं कि वे हर आहट पर चौंक उठते थे और वहीं मोर्चा बांध लेते थे। छत्तीसगढ़ के जगदलपुर पुलिस ट्रेनिंग सेंटर के बैरकों में उन 210 नक्सलवादियों को एक साथ रखा गया है, जिन्होंने इसी सप्ताह आत्मसमर्पण किया था। शनिवार की सुबह उनके लिए बिलकुल अलग एहसास की थी। उन्हें अखबार पढने को दिये गये। नक्सलियों ने टीवी भी देखा। उन्होंने अफसरों से राशन आदि मांगा, ताकि वे अपना साधारण-सा भोजन बना सकें और इस तरह किसी काम में व्यस्त रह सकें। नक्सली माओवादियों ने सरकार के सामने हथियार डाल दिये हैं। अंततः उन्होंने मुख्यधारा में लौटना तय किया है। सरकार ने उनकी सहायता करने का आश्वासन भी दिया है। शायद कोई योजना बनाकर नक्सलियों का पुनर्वास तय किया जाये! वे मोर्चे पर तैनात, हथियारबंद, मरने-मारने को तैयार नहीं हैं, लेकिन वे फिलहाल एक साथ रहना चाहते हैं। हमें लगता है कि यह संभव नहीं है। सरकार प्रत्येक नक्सली की योग्यता, रुचि, क्षमता के मुताबिक ही मुख्यधारा में शामिल करेगी। नक्सलियों पर जो आपराधिक मामले दर्ज हैं और अदालत के विचाराधीन हैं, पहले वे निष्कर्ष तक पहुंचेंगे और सरकार उन्हें सामूहिक माफी कैसे दे सकती है, उस कानूनी प्रक्रिया से गुजरना लाजिमी है, लेकिन दो निष्कर्ष देश के सामने हैं-लाल आतंकवाद अस्तित्वहीन होने की ओर है। दूसरा, नक्सली भी मुख्यधारा में लौट कर एक नये सवेरे का एहसास कर सकेंगे। वे जन-प्रतिनिधि बन सकते हैं और सरकारी कर्मचारी भी बन सकेंगे। इस लिहाज से मोदी सरकार का यह मिशन बेहद महत्त्वपूर्ण और मानवाधिकार वाला है। सरकार मार्च, 2026 तक अपना लक्ष्य हासिल कर सकती है। नक्सली देश के 11 जिलों तक सिमट गये हैं। उनमें से तीन जिले ही ऐसे हैं, जहां नक्सली पूरी तरह सक्रिय हैं। उन जिलों की लालबंदी तोडना बहुत मुश्किल नहीं है, क्योंकि सुरक्षा बलों को नक्सलियों की मोचेबंदी का पूरा ज्ञान हो चुका है। इससे यह भी साबित हो गया है कि नक्सलवाद को खत्म करना असंभव नहीं था, जैसा कि पहले की कांग्रेस नेतृत्व की यूपी, सरकार नाटक करती रही। कभी सोचा गया कि नक्सलियों के खिलाफ सेना को उतार दिया जाये। कभी कोबरा कमांडो की रणनीति बनाई गई, तो कभी किसी और रणनीति पर पैसा बहाया गया, लेकिन मौजूदा सरकार ने बहुत ही सीमित समय के दौरान देश को दिखा दिया कि नक्सली माओवाद अभेद्य और अजेय नहीं था। जिन शीर्ष नक्सलियों पर इनाम घोषित किये गये थे, उन्हें भी या तो मार दिया गया अथवा उन्होंने भी आत्मसमर्पण कर दिया।

**छत्तीसगढ़ के जगदलपुर पुलिस ट्रेनिंग सेंटर के बैरकों में उन 210 नक्सलवादियों को एक साथ रखा गया है, जिन्होंने इसी सप्ताह आत्मसमर्पण किया था।**

अभिमत
आजाद सिपाही

विश्व स्वास्थ्य संगठन, यूनिसेफ और भारत सरकार के साथ रोटरी ने मिलकर ग्लोबल पोलियो उन्मूलन पहल (जीपीइआइ) को सशक्त आधार दिया। वित्तीय सहयोग, जनजागरूकता अभियानों और स्वास्थ्यकर्मियों के प्रशिक्षण में रोटरी ने जो संसाधन लगाये, वह किसी सरकारी सहायता से कम नहीं थे। रोटरी इंटरनेशनल ने न केवल फंड जुटाये, बल्कि अपने लाखों सदस्यों को 'पोलियो फाइटर्स की भूमिका में सक्रिय किया। उनके समर्पण ने समाज के हर वर्ग–गांव के शिक्षक से लेकर शहरी डॉक्टर तक–को एक साझा उद्देश्य से जोड़ा।

# सेवा ही सबसे बड़ा धर्म की परिणति है पोलियो मुक्त भारत



**प्रवीण राजगढ़िया**



भारत ने जब पोलियो-मुक्त देश का दर्जा हासिल किया, तो यह केवल चिकित्सा विज्ञान की जीत नहीं थी, बल्कि सामूहिक इच्छाशक्ति, जनभागीदारी और सेवा के उस भाव की भी विजय थी, जो रोटरी के सिद्धांतों में निहित है। पोलियो उन्मूलन की इस अद्भुत यात्रा में रोटरी इंटरनेशनल की भूमिका इतिहास के स्वर्णाक्षरों में दर्ज है। यह निस्वार्थ सेवा, संगठनात्मक प्रतिबद्धता और वैश्विक एकजुटता का एक अनोखा उदाहरण है।

साल 1979 में जब फिलीपींस के एक छोटे से गांव में रोटरी ने पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों को पोलियो वैक्सीन की खुराक दी, तब शायद किसी ने नहीं सोचा था कि यह पहल आने वाले दशकों में एक विश्वव्यापी आंदोलन बन जायेगी। उसी वर्ष से 'पोलियोप्लस' अभियान की शुरूआत हुई 'प्लस' यानी सिर्फ टीका नहीं, बल्कि स्वच्छता, जागरूकता, और जनसहभागिता का समग्र प्रयास।

भारत जैसे विशाल जनसंख्या-घनत्व वाले और सामाजिक-आर्थिक विविधता से भरे देश में पोलियो उन्मूलन एक असंभव-सा कार्य प्रतीत होता था। गांव-गांव तक पहुंचना, स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षित करना, और जनता में विश्वास पैदा करना, यह एक लंबा और कठिन संघर्ष होनेवाला था। इन्हीं परिस्थितियों में रोटरी क्लबों ने आगे बढ़कर एक ऐसी संरचना तैयार की, जो प्रशासनिक तंत्र के साथ कदम-से-कदम मिलाकर काम करे। हर राष्ट्रीय पोलियो इम्यूनाइजेशन डे पर रोटरी सदस्य टीकाकरण बूथों पर स्वयंसेवक के रूप में डटे रहते थे। 'दो बूंद ज़िंदगी की' के अभियान को जनआंदोलन में बदलने में उनका योगदान निर्णायक था और ये निरंतर अब भी जारी है ।

**'दो बूंद ज़िंदगी की' के अभियान को जनआंदोलन में बदलने में रोटरी का योगदान निर्णायक था और ये निरंतर जारी है।**

विश्व स्वास्थ्य संगठन, यूनिसेफ और भारत सरकार के साथ रोटरी ने मिलकर ग्लोबल पोलियो उन्मूलन पहल (जीपीइआइ) को सशक्त आधार दिया। वित्तीय सहयोग, जनजागरूकता अभियानों और स्वास्थ्यकर्मियों के प्रशिक्षण में रोटरी ने जो संसाधन लगाये, वह किसी सरकारी सहायता से कम नहीं थे। रोटरी इंटरनेशनल ने न केवल फंड जुटाये, बल्कि अपने लाखों सदस्यों को 'पोलियो फाइटर्स की भूमिका में सक्रिय किया। उनके समर्पण ने समाज के हर वर्ग–गांव के शिक्षक से लेकर शहरी डॉक्टर तक–को एक साझा उद्देश्य से जोड़ा।

रोटरी क्लबों ने न केवल शहरी क्षेत्रों में बल्कि दूरस्थ और जनजातीय इलाकों में भी पोलियो ड्राइव को पहुंचाने का बीड़ा उठाया। झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में जहां पोलियो की चुनौती सबसे बड़ी थी, वहीं रोटेरियन दिन-रात जागकर बूथ प्रबंधन, टीकाकरण जागरूकता रैली और घर-घर सर्वे में जुटे रहे। कई बार उन्हें सामाजिक प्रतिरोध, अफवाहों और अविश्वास का सामना करना पड़ा, परंतु उनका धैर्य और संवाद की क्षमता इस अभियान की सबसे बड़ी ताकत बनी।

रोटरी इंटरनेशनल की इस सेवा भावना ने उसे न केवल भारत में, बल्कि पूरी दुनिया में एक मिसाल के रूप में स्थापित किया। संयुक्त राष्ट्र ने रोटरी को 'ग्लोबल हेल्थ पार्टनर' के रूप में सराहा। जब 2014 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत को 'पोलियो-मुक्त देश' घोषित किया, तो उस जश्न में सबसे उंचा तिरंगा रोटेरियनों के हाथों में था। यह वह क्षण था जब स्वयंसेवा, जनसहयोग और संगठनात्मक समर्पण की शक्ति ने इतिहास लिखा।

हालांकि भारत अब पोलियो-मुक्त है, लेकिन यह जीत स्थायी तभी रह सकती है जब निगरानी और सतर्कता बनी रहे। सीमावर्ती क्षेत्रों, माइग्रेंट जनसंख्या और नवजात शिशुओं के बीच टीकाकरण की निरंतरता बनाए रखना आज भी उतना ही महत्वपूर्ण है। रोटरी अब 'पोस्ट-पोलियो सर्विलांस' के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि पोलियो फिर कभी इस धरती पर लौट न आये।

रोटरी का यह अभियान केवल स्वास्थ्य से जुड़ा नहीं था। बल्कि यह मानवता को जोड़ने का माध्यम भी बना। इससे यह विश्वास मजबूत हुआ कि समाज के हर वर्ग की भागीदारी से असंभव भी संभव हो सकता है।

रोटरी के सदस्यों ने जो एकता और सामूहिक जिम्मेदारी का उदाहरण पेश किया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा।

झारखंड और बिहार के रोटरी क्लबों ने इस अभियान में उल्लेखनीय भूमिका निभायी। उन्होंने पोलियो बूस्टर डोज के लिए विशेष शिविर लगाये। नुक्कड़ नाटक, पोस्टर प्रतियोगिता और स्कूलों में जागरूकता सत्र का आयोजन किया। इन प्रयासों ने न केवल अभिभावकों की सोच बदली बल्कि बच्चों में भी स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण पैदा किया।

'दो बूंद ज़िंदगी की' का नारा केवल एक स्वास्थ्य संदेश नहीं था। बल्कि यह उस विश्वास का प्रतीक था कि छोटी-सी कोशिश भी बड़े बदलाव ला सकती है। हर रोटेरियन ने इस नारे को अपने जीवन का मिशन बना लिया। उनकी सक्रियता, अनुशासन और मानवता के प्रति समर्पण ने यह सिद्ध कर दिया कि सेवा का कोई धर्म, जाति या सीमा नहीं होती।

रोटरी की पोलियो यात्रा हमें यह सिखाती है कि जब सेवा, सहयोग और समर्पण साथ चलते हैं, तो असंभव लक्ष्य भी संभव बन जाते हैं। भारत का पोलियो-मुक्त दर्जा केवल रोटरी की सफलता नहीं, बल्कि 'सेवा ही सबसे बड़ा धर्म' की परिणति है। आज जब नई चुनौतियाँ हमारे सामने हैं। नई बीमारियाँ, जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य असमानता, तो ऐसे में रोटरी का यह मॉडल हमें फिर से प्रेरित करता है कि मिल-जुलकर काम करने से ही एक स्वस्थ और सुरक्षित दुनिया बनायी जा सकती है।

**क्यों मनाया जाता है पोलियो डे :** कई सालों से हम सुनते आ रहे हैं, 'दो बुंद जिंदगी की' और ये पूरी दुनिया में साबित हो गया है कि मानव स्वास्थ को खतरनाक बीमारियों से बचाने के लिए पोलियो की दवा कितनी महत्वपूर्ण है। 24 अक्तूबर को हर साल वर्ल्ड पोलियो डे मनाने के पीछे का उद्देश्य इस खतरनाक बीमारी के खिलाफ लोगों को जागरूक करना है। करीब एक दशक पूर्व हमारा देश पोलियो मुक्त घोषित हुआ। जिसके लिए लंबी लड़ाई लड़ी गयी। यह दिन पोलियो टीका की खोज करने वाले महान वैज्ञानिक जोनास साल्क को समर्पित है। उनका जन्म 24 अक्तूबर को हुआ था। उन्होंने 1955 में पोलियो टीका की खोज की थी। इस दिन का मुख्य उद्देश्य लोगों को पोलियो के प्रति जागरुक करना है। साथ ही लोगों को अपने बच्चों को टीका दिलाने के लिए भी प्रोत्साहित करना है।

## कोल्हान की खबरें

## काली पूजा उत्सव में शामिल हुए कुणाल षाड़ंगी



**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** बाड़जूडी में आयोजित भव्य काली पूजा कार्यक्रम में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के वरिष्ठ नेता कुणाल षाड़ंगी शामिल हुए। पूजा पंडाल और व्यवस्था को देखकर उन्होंने आयोजकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इतने खूबसूरत और अनुशासनात्मक तरीके से पूजा का आयोजन किया जाना अपने आप में सराहनीय कार्य है। ग्रामीणों ने कुणाल षड़ंगी को अपने बीच पाकर हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने पूजा स्थल पर उपस्थित ग्रामीणों से चुनावी माहौल पर चर्चा की और हालचाल जाना। इस दौरान ग्रामीणों ने स्व. रामदास सोरेन के कार्यकाल में किये गये विकास कार्यों को याद करते हुए झामुमो प्रत्याशी सोमेश सोरेन के प्रति अपना समर्थन जताया। कार्यक्रम में संदीप दास, मनोज रवानी, अमर पूर्ति, सुनील सामद सहित बाड़जूडी सार्वजनिन काली पूजा समिति के सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## कदमा रंकिणी मंदिर में अन्नकूट महोत्सव सैकड़ों श्रद्धालुओं ने किया भोग ग्रहण



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** कदमा मेन रोड स्थित श्री श्री रंकिणी मंदिर में बुधवार को पारंपरिक श्रद्धा के साथ अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। मंदिर कमिटी के अध्यक्ष दिलीप दास एवं महासचिव जनार्दन पांडेय ने बताया मां अन्नपूर्णा देवी की पूजा में छप्पन भोग अर्पित किये गये। यह आयोजन बीते 35 वर्षों से हो रहा। इस वर्ष भी सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भोग ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। ज्ञात हो रंकिणी मंदिर कदमा का सबसे प्राचीन मंदिर है। यहां दूर–दूर से श्रद्धालु दर्शन हेतु आते हैं। आयोजन को सफल बनाने में मंदिर कमिटी के केजी गोविन्द, एआर डे, सतीश वर्मा, संजय कुमार, हरभजन सिंह, एस रमेश, सुभाष, कार्तिक, मनोज कुमार और नवीन कुमार सक्रिय रहे।

## बोड़ाम के दो युवक सड़क दुर्घटना में घायल

**बोड़ाम (आजाद सिपाही)।** जुगसलाई विधानसभा स्थित बोड़ाम थाना क्षेत्र के रामकृष्ण उर्फ प्रकाश महतो (23) और ललित महतो (24) सोमवार शाम पश्चिम बंगाल के हांसपुर में सड़क दुर्घटना के दौरान गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों युवक यामाहा आर15 बाइक से बलरामपुर से लौट रहे थे।रात करीब 8 बजे बराबाजार–बलरामपुर मुख्य सड़क पर बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। रामकृष्ण महिला चौकीदार नियति महतो का पुत्र है, जबकि ललित, महिला सिपाही सुभद्रा महतो का बेटा है। जमशेदपुर में अपनी मां के साथ पुलिस क्वार्टर में रहता है। हादसे में रामकृष्ण को सिर, पैर और अंदरूनी चोटें आयी वह बेहोश है। वहीं ललित के पैर की हड्डियां टूट गयी हैं, जिसका ऑपरेशन होना है। फिलहाल रामकृष्ण की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है।

### टाटा स्टील ने किया 'दिल से दौड़ फॉर जमशेदपुर' के 10वें संस्करण का ऐलान

## जमशेदपुर हाफ मैराथन शहर की उर्जा, एकजुटता और फिटनेस के प्रति जुनून का प्रतीक : डीबी सुन्दररमन

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने लौहनगरी में होने वाले हाफ मैराथन 2025 के 10वें संस्करण का आधिकारिक घोषणा कर दी। बुधवार को जीआरडी टाटा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में टाटा स्टील कॉर्पोरेट सर्विसेज के वाइस प्रेसिडेंट डीबी सुन्दररमन और मुकुल चौधरी ने कार्यक्रम की जानकारी दी। यह बहुप्रतीक्षित आयोजन आगामी 30 नवंबर को आयोजित होगा। मौके पर उन्होंने इस वर्ष की थीम, तिथि और पंजीकरण के शुरूआत की घोषणा की। टाटा स्टील के कॉर्पोरेट सर्विसेज के वाइस प्रेसिडेंट डीबी सुन्दररमन ने बताया इस वर्ष की थीम 'दिल से दौड़ फॉर जमशेदपुर' रखी गयी है, जो केवल फिटनेस ही नहीं, बल्कि उत्साह, गर्व और एकजुटता की भावना को भी दर्शाती है। यह आयोजन बीते दस वर्षों में न केवल जमशेदपुर बल्कि पूरे देश में अपनी पहचान बना चुकी है। वर्ष 2024 में 18 राज्यों से कुल 4,821 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। इस बार 5,500 से अधिक धावकों के भाग लेने की संभावना है। 2024 में पहली बार शुरू हुई हाफ मैराथन (21.097 किमी) श्रेणी को जबरदस्त प्रतिसाद मिला था, जिसमें करीब 500 धावकों ने हिस्सा लिया था। इस साल इस चुनौतीपूर्ण श्रेणी में और भी अधिक भागीदारी की उम्मीद है। उन्होंने बताया इस वर्ष कुल 9.18 लाख की पुरस्कार राशि रखी गयी है, जिससे प्रतिभागियों में प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति उत्साह भी बढ़ेगा। मैराथन का रूट इस बार भी पूर्ववत रहेगा ताकि धावकों को एक सुरक्षित और सुव्यवस्थित अनुभव मिल सके। खेल और फिटनेस को सदैव अपनी कार्यसंस्कृति का हिस्सा मानने वाली टाटा स्टील, देशभर में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए टाटा स्टील कोलकाता 25ड, जोड़ा रन-अ-थॉन, कपिलाश हाफ मैराथन जैसे आयोजनों के साथ-साथ विभिन्न खेल अकादमियों के माध्यम से खेल प्रतिभाओं को निखारने का कार्य करती रही है। मौके पर डीबी सुन्दररमन ने कहा जमशेदपुर हाफ मैराथन इस शहर की ऊर्जा, एकजुटता और फिटनेस के प्रति जुनून का प्रतीक बन चुका है। 10वां संस्करण हमारे लिए गर्व का क्षण है। इस वर्ष की थीम दिल से दौड़ फॉर जमशेदपुर न केवल शहर के लिए बल्कि दिल के लिए दौड़ फॉर हेल्थ का भी संदेश देती है। टाटा स्टील ने जमशेदपुरवासियों और आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों से बड़ी संख्या में भाग लेने की अपील की।

## सोमेश सोरेन के तूफानी जनसंपर्क में ग्रामीणों का मिला आशीर्वाद



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धालभूमगढ़।** झामुमो प्रत्याशी सोमेश सोरेन ने धालभूमगढ़ प्रखंड के कई गांवों का दौरा कर व्यापक जनसंपर्क किया। बुधवार को उन्होंने पुनासा, दूतचुवा, रुआसोल, राजाबेड़ा, सोरबिला और सुंदरडीह गांवों में ग्रामीणों से मुलाकात कर स्व रामदास सोरेन के अधूरे विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया और ग्रामीणों ने भी स्व. रामदास सोरेन की विकास कार्य को आगे बढ़ाने का आशीर्वाद देते हुए हर संभव समर्थन देने का भरोसा दिया। मौके पर ग्रामीणों ने सोमेश सोरेन को सरल, जनप्रिय और समर्पित नेता बताया। बुजुर्गों से आशीर्वाद लेकर सोमेश सोरेन ने आने वाले दिनों में जनता की समस्याओं के समाधान और विकास कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कही। सोमेश सोरेन का यह तूफानी दौरा में चुनावी माहौल और अधिक गर्माता नजर आ रहा है।

## रघुवर दास ने सपरिवार की गोवर्धन पूजा लोगों के लिए सुख-समृद्धि की कामना की

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** झारखंड के पूर्व सीएम रघुवर दास ने बुधवार को जमशेदपुर स्थित एग्रिको आवास में पारंपरिक श्रद्धा और विधि-विधान के साथ गोवर्धन पूजा संपन्न की। पूजा में उनके साथ धर्मपत्नी रुक्मिणी देवी, पुत्र ललित दास एवं पुत्रवधु और भाजपा विधायक पूर्णिमा साहू भी शामिल रहीं। मौके पर पूरे परिवार ने भक्ति भाव से गौरा-गौरी और गोवर्धन की पूजा अर्चना की। गौमाता को खिचड़ी और गुड़ का भोग अर्पित कर आरोग्य, समृद्धि एवं प्रदेश की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। पूजा स्थल पर गायों की सेवा कर उन्होंने लोक परंपरा एवं सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण का संदेश दिया। रघुवर दास ने झारखंडवासियों को सोहराय, बांदना पर्व और गोवर्धन पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा ये पर्व हमारी आदिवासी सभ्यता, जनजातीय संस्कृति और प्रकृति-पूजन की महान परंपरा को दर्शाते हैं। समाज में सामूहिकता, लोक आस्था और पर्यावरण के प्रति दायित्वबोध का संदेश देने वाले ये पर्व हमारी सांस्कृतिक पहचान का अभिन्न हिस्सा हैं। पूर्व सीएम ने सभी नागरिकों से अपील की वे इन पारंपरिक पर्वों के माध्यम से सामाजिक समरसता और प्राकृतिक संतुलन के संरक्षण में अपनी भागीदारी निभाये।

## गम्हरिया के जन वितरण प्रणाली में धांधली का आरोप

**गम्हरिया (आजाद सिपाही)।** बड़ा गम्हरिया स्थित राधा रानी महिला समिति पर सरकारी राशन में भारी धांधली के आरोप लगे हैं। उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया राशन डीलर अंगूठा लगवाकर अनाज देने में टालमटोल करते हैं और राशन बाजार में बेच दिया जाता है। ग्रामीणों के अनुसार दुकान अक्सर बंद रहती है। निरीक्षण की कोई व्यवस्था नहीं है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया डीलर का गम्हरिया बाजार में निजी दुकान है, जहां वह गरीबों के लिए तय राशन को बेचता है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग की। ताकि गरीबों को उनका अधिकार मिल सके और भ्रष्टाचार पर लगाम लग सके।

## 'हो' भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग, सौंपा मांग पत्र



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर/ जमशेदपुर।** ऑल इंडिया हो लैंग्वेज एक्शन कमिटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सुरा बिरुली के नेतृत्व में ओडिशा सरकार के राज्य मंत्री गणेश राम सिंह कुंटिया से मुलाकात कर 'हो' भाषा को भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने हेतु समर्थन मांगा। मंत्री ने जनजातीय भाषा को मान्यता दिलाने में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। मालूम हो की आगामी 31 अक्टूबर 2025 को दिल्ली के जंतर मंतर पर दोलाबु दिल्ली 5.0 नामक विशाल धरना-प्रदर्शन व सेमिनार का आयोजन किया गया था। सुरा बिरुली ने कहा 'हो' भाषा की मान्यता को लेकर राज्य व केंद्र सरकारों से वर्षों से अनुरोध किया जा रहा है। अब यह आंदोलन लोकतांत्रिक तरीके से निर्णायक मोड़ पर है। इस अवसर पर गिरीश चंद्र हेम्ब्रोम, बाजू चंद्रा सिरका, खिरोद हेम्ब्रोम, रानी तिरिया, पदमुनि हाईबुरु, प्रतिमा गुइया समेत कई प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 23 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in



## एसडीएम ने छठघट की तैयारियों का जायजा लिया, दिये जरूरी निर्देश

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सदर एसडीएम संजय कुमार ने बुधवार को शहर के सहीजना छठ घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घाट पर चल रही तैयारियों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों, पूजा समिति और निजी एजेंसियों को समय पर सभी कार्य पूरे करने के निर्देश दिए। बताया गया कि इस वर्ष छठ पूजा के लिए सहीजना छठ घाट, स्टूडेंट क्लब, फ्रेंड्स क्लब, जय देवी संघ आदि को निजी एजेंसियों की सहायता से और अधिक विस्तृत एवं आकर्षक रूप दिया गया है। पहले से मौजूद मैदान का समतलीकरण एवं सौंदर्यीकरण कर इन्हें बड़ा आकार दिया गया है, ताकि एक साथ हजारों श्रद्धालु यहां छठ पूजा कर सकें। सहीजना छठ घाट परिसर में पर्याप्त वाहन पार्किंग की व्यवस्था भी की गई है। पहले वाहनों की भीड़ के कारण स्थल पर अव्यवस्था की स्थिति बन जाती थी, लेकिन इस बार पार्किंग का क्षेत्र निर्धारित कर दिया गया है जिससे श्रद्धालुओं को सुविधा होगी। नदी किनारे एवं जल क्षेत्र में भी सफाई अभियान चलाया गया है, जिससे घाट का स्वरूप अब और अधिक स्वच्छ, सुरक्षित एवं आकर्षक बन गया है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने कहा कि गढ़वा में छठ पर्व बड़े उत्साह, आस्था और अनुशासन के साथ मनाया जाता है। अतः प्रशासन की तैयारी भी उसी स्तर पर होनी चाहिए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया जा रहा है कि साफ सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा, जल प्रबंधन और भीड़ नियंत्रण की सभी तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं। इस निरीक्षण के समय स्थानीय जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## 'कॉफी विद एसडीएम' में सीएससी और प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ होगा संवाद

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार की नियमित साप्ताहिक संवाद कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' का इस सप्ताह गुरुवार को सुबह 11 बजे से आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम गढ़वा एसडीएम कार्यालय में आयोजित होगा। इसके तहत इस बार कॉमन सर्विस सेंटर (सीएसआर) एवं प्रज्ञा केंद्र संचालकों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशासन और इन सेवा केंद्रों के बीच समन्वय एवं संवाद को सुदृढ़ करना है, ताकि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ आम नागरिकों तक अधिक प्रभावी ढंग से ससमय पहुंच सके। एसडीएम ने बताया कि संवाद के दौरान प्रज्ञा केंद्र संचालकों से उनकी कार्यप्रणाली, समस्याओं एवं सुधार के सुझावों पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि सीएससी और प्रज्ञा केंद्र सरकारी योजनाओं को जनता तक ई-गवर्नेंस के माध्यम से पहुंचाने की सबसे अहम कड़ी हैं। इन केंद्रों के माध्यम से प्रशासनिक सेवाएँ गाँव-गाँव तक पहुँच रही हैं, इसलिए इनकी कार्यक्षमता और पारदर्शिता बढ़ाना हमारी प्राथमिकता है। कार्यक्रम में आधार, पेंशन, प्रमाणपत्र निर्गमन, सरकारी योजनाओं की ऑनलाइन सेवाएं और डिजिटल भुगतान प्रणाली जैसे विषयों पर विमर्श होगा। साथ ही, उत्कृष्ट कार्य करने वाले सीएससी संचालकों की खोज कर उन्हें प्रोत्साहित भी किये जाने की योजना है। एसडीएम ने सभी प्रज्ञा केंद्र-सीएससी संचालकों से अपील की कि वे निर्धारित समय पर स्वैच्छिक रूप से उपस्थित रह सकते हैं। इससे इस संवाद, विमर्श और फीडबैक में उनकी सहभागिता सुनिश्चित होगी। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम सामान्यतया बुधवार को होता है लेकिन अपरिहार्य कारण से इस बार यह गुरुवार को हो रहा है।

## जरही में समाजसेवी अशोक कुमार ने निजी खर्च से करायी जर्जर सड़क की मरम्मति



**डंडई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जरही गांव में समाजसेवी सह युवा कांग्रेस अध्यक्ष अशोक कुमार ने बुधवार को अपने निजी खर्चे से संतन चौधरी के घर से कुशमाहा टोला तक करीब एक किलोमीटर सड़क का मरम्मत कार्य कराया। लंबे समय से उपेक्षित इस सड़क के कारण टोले के ग्रामीणों को विशेषकर बरसात के दिनों में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। युवा कांग्रेस अध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि प्रशासनिक पदाधिकारियों के उदासीन रवैये के कारण आज तक इस सड़क का निर्माण नहीं हो पाया। बरसात में सड़क कीचड़ और दलदल में तब्दील हो जाती है, जिससे लोगों का आवागमन बेहद कठिन हो जाता है। छठ महापर्व को देखते हुए ग्रामीणों की सुविधा के लिए सड़क की मरम्मत तत्काल करायी गयी है। उन्होंने कहा कि जब तक प्रशासन अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाएगा, तब तक समाज के जिम्मेदार लोगों को आगे आकर जनहित के कार्यों में सहयोग करना चाहिए। ग्रामीण विजय कुमार, चंद्रदेव कुमार, अखिलेश कुमार, अनिल राम, संतोष कुमार, राकेश कुमार, विवेक कुमार, सुभाष कुमार और मनोज कुमार सहित अन्य लोगों ने बताया कि जरही के संतन चौधरी के घर से कुशमाहा टोला तक सड़क की दुर्दशा के कारण उन्हें लंबे समय से भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों ने कहा कि बरसात में सड़क इतनी दलदली हो जाती थी कि मोटरसाइकिल तक नहीं जा सकती थी। चार पहिया वाहन ले जाना तो नामुमकिन था। सड़क निर्माण को लेकर कई बार मांग की गई, लेकिन किसी ने पहल नहीं की। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी इस दिशा में कभी गंभीरता नहीं दिखाई। यह भी बताया कि अचानक किसी की तबीयत खराब होने पर मरीज को अस्पताल पहुंचाना अत्यंत मुश्किल हो जाता था। उन्होंने कहा कि यदि इस सड़क को जरही मुख्य मार्ग से जोड़ दिया जाए, तो पूरे टोले को भारी राहत मिलेगी।

## पेंशनर बैंकों को अपना जीवन प्रमाण पत्र जमा करें : केके यादव



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** झारखंड पेंशनर्स कल्याण समाज गढ़वा के अध्यक्ष केके यादव ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि यदि किसी भी पेंशनर को अपने विभाग से पेंशन संबंधी समस्या हो रही हो, उन्हें समय पर पेंशन नहीं दिया जा रहा हो, तो वे अपनी समस्याओं को संगठन से मुलाकात कर अवगत करा सकते हैं। कहा कि अक्टूबर एवं नवंबर महीने में जीवंत प्रमाण पत्र, लाइफ सर्टिफिकेट जमा करना है। वैसे पेंशनर जिनकी उम्र 80 वर्ष एवं उससे अधिक है उन्हें अक्टूबर महीने में ही अपना जीवन प्रमाण पत्र जमा करना है। जबकि जिन पेंशनर की उम्र 60- 80 के बीच है, उन्हें नवंबर महीने में अपना जीवन प्रमाण पत्र जमा करना है। वे चाहें तो अपने-अपने बैंको की शाखा में प्रमाण पत्र समय पर जमा कर दें। यदि किसी को कोई दिक्कत हो तो इस संगठन के कार्यालय में आकर अपनी समस्या बता सकते हैं।

# सेहत से खिलवाड़ : डालडा-रिफाइंड तेल मिलाकर बनाया जा रहा 'नकली घी'

## बिहार के डेहरी से आयी आधा दर्जन महिलाएं मिलकर कर रही यह गोरखधंधा





विमलेश कुमार

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** त्योहारी मौसम (दीपावली और छठ पूजा) में मिठाइयों और लजीज पकवान में जायका बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य वर्धक 'घी' का धड़ल्ले से इस्तेमाल होता है। लेकिन इसी त्योहार की आड़ में कुछ लोग चंद पैसे के लालच में लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने से भी गुरेज नहीं करते हैं। ऐसा ही मामला भवनाथपुर बाजार और ग्रामीण क्षेत्रों में देखने को मिल रहा है, जहां दीपावली से लेकर छठ पूजा तक में डालडा (वनस्पति घी) और रिफाइंड तेल को मिलाकर 'नकली घी' बेचा जा रहा है। यह कार्य बिहार के डेहरी से आयी आधा दर्जन महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। बढ़ती महंगाई और असली देसी घी के ऊंचे दामों के बीच यह मिश्रण लोगों को सस्ता विकल्प तो दे रहा, लेकिन उनके स्वास्थ्य को गहरा नुकसान भी पहुंचा रहा है।

### डालडा-रिफाइंड का मिश्रण

डालडा एक प्रकार का वनस्पति घी होता है, जिसे वनस्पति तेलों से हाइड्रोजनेशन प्रक्रिया की मदद से आग पर गर्म कर तैयार किया जाता है। वहीं रिफाइंड तेल वनस्पति तेल को रासायनिक प्रक्रिया से साफ कर तैयार किया जाता है। दोनों को मिलाने से एक ऐसा पदार्थ बनता है जो दिखने में देसी घी जैसा लगता है और सस्ता भी पड़ता है। यही वजह है कि कई जगह दुकानदार इसे 'शुद्ध घी' के नाम से भी बेच रहे हैं।

### फायदा और बचत

डालडा और रिफाइंड तेल के मिश्रण से तैयार यह नकली घी बाजार में असली घी की तुलना में लगभग 40 से 60 प्रतिशत तक सस्ता होता है। आम उपभोक्ता के लिए यह तुरंत उपलब्ध और जेब पर हल्का विकल्प बन जाता है। मिठाई दुकानों और छोटे रेस्टोरेंट में भी इसका इस्तेमाल बढ़ा है क्योंकि इससे उत्पादन लागत कम होती है और मुनाफा अधिक। पर भवनाथपुर सीएचसी डॉ दिनेश सिंह की मानें तो डालडा में मौजूद ट्रांस फैट और रिफाइंड तेल में मौजूद रासायनिक अवशेष शरीर में धीरे-धीरे जमा होकर दिल की बीमारियों, मोटापा, ब्लड प्रेशर और मधुमेह जैसी समस्याओं का कारण बनते हैं। लंबे समय तक इसका सेवन लिवर और पाचन तंत्र को भी प्रभावित कर सकता है। वहीं, विशेषज्ञ बताते हैं कि असली देसी घी की खुशबू प्राकृतिक होती है और यह हल्के ताप पर तुरंत पिघल जाता है। वहीं नकली या मिलावटी घी परतदार जमता है और फ्रिज में रखने पर उसमें धब्बे दिखाई देते हैं। उपभोक्ताओं को खरीदारी करते समय लेबल, ब्रांड और एफएसएसएआई मार्क की जांच अवश्य करनी चाहिए।

# एसडीएम ने आधी रात को गढ़वा जेल में की छापामारी

## मंडल कारा में सुरक्षा को लेकर की गयी सघन जांच-तलाशी

आजाद सिपाही संवाददाता



गढ़वा जेल में छापामारी करते एसडीएम सह जेल सुपरिटेंडेंट संजय कुमार।

**गढ़वा।** सदर एसडीएम सह जेल सुपरिटेंडेंट संजय कुमार के नेतृत्व में मंगलवार की देर रात गढ़वा जिला जेल में औचक छापामारी कर सघन तलाशी अभियान चलाया गया। प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त टीम ने रात करीब 11 बजे जेल परिसर में प्रवेश कर सभी वार्डों, बैरकों, कक्षों एवं अन्य हिस्सों की बारीकी से जांच की। इस दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी चिरंजीव मंडल, विभिन्न थानों के थाना प्रभारी एवं पुलिस बल (महिला एवं पुरुष) बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। टीमों को अलग-अलग हिस्सों में तैनात कर व्यापक तलाशी ली गई। हालांकि जांच के क्रम में कोई आपत्तिजनक या संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई। सभी वार्डों में कैदियों की रजिस्टर अनुसार उपस्थिति एवं हर वार्ड की आंतरिक विधि व्यवस्था की भी जांच की गई। एसडीएम संजय कुमार ने बताया कि जेल की सुरक्षा एवं अनुशासन को बनाए रखने के लिए नियमित अंतराल पर ऐसे औचक निरीक्षण किए जाते हैं। उसी क्रम में यह छापामारी डीसी एवं एसपी के निर्देश पर की गई थी। छापामारी लगभग 45 मिनट तक चली। उन्होंने कहा कि जेल में अनुशासन और सुरक्षा व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता वाला विषय होता है। इसलिए ऐसे निरीक्षणों का उद्देश्य न केवल संभावित अनियमितताओं पर रोक लगाना है, बल्कि कैदियों के साथ मानवीय व्यवहार और जेल की मूलभूत व्यवस्थाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करना भी है। उन्होंने जेल के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जेल मैनुअल के अनुसार कारागार की समस्त गतिविधियों को संचालित करने, सुरक्षा उपकरणों की नियमित जांच, प्रकाश व्यवस्था की दुरुस्ती और सीसीटीवी निगरानी, जेल के अंदर प्रवेश करने वाली वस्तुओं की सघन स्क्रीनिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने चेताते हुए कहा कि जेल से जुड़े किसी विषय में छोटी सी भी लापरवाही को क्षमा नहीं किया जायेगा। अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि भविष्य में इस प्रकार की औचक छापामारियों का सिलसिला जारी रहेगा, ताकि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि, प्रतिबंधित वस्तु या अनुशासनहीनता की किसी भी संभावना को रोका जा सके।

## मृतक बच्ची के परिजनों से मिला डालसा का प्रतिनिधिदल, मदद का दिया आश्वासन



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बुका गांव में 17 अक्टूबर को नदी में डूबने से 10 वर्षीय पुष्पा कुमारी नामक बच्ची की हुए मौत की घटी घटना के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष प्रधान जिला, सत्र न्यायधीश मनोज प्रसाद एवं सचिव निभा रंजना लकड़ा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार की चार सदस्यों की पीएलवी की टीम ने मृतक पुष्पा कुमारी के घर का दौरा किया। पुष्पा की अपने ही गांव स्थित नदी में डूबने से मौत हो गई थी। उसके पिता दशरथ पासवान जो की प्रवासी मजदूर का काम करते थे उनको गांव के लोगों से घटना की जानकारी मिली। पीएलवी के सदस्यों ने परिजनों को इस दुःख की घड़ी में हर संभव मदद करने का भरोसा दिला और आपदा प्रबंधन से मिलने वाली मुआवजा राशि के विषय में जानकारी दी। साथ ही आवश्यक कागजात बनवाने का निर्देश दिया। इस मौके पर पीएलवी सुधीर कुमार चौबे,विकास कुमार पिंटू कुमार, सबिता देवी शामिल थे।

## छठ पर्व में मांस-शराब की बिक्री पर रोक लगाने की मांग



**कांडी (आजाद सिपाही)।** भाजपा मंडल अध्यक्ष शशि रंजन दुबे एवं रामलाला दुबे ने बुधवार को थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के दौरान क्षेत्र में मांस, मछली, अंडा एवं शराब की खुलेआम बिक्री पर रोक लगाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा कि इस पवित्र पर्व के दौरान भी कई जगह बूचड़खाने और नशे के पदार्थों की दुकानें खुली हुई हैं, जिससे श्रद्धालुओं की धार्मिक भावना आहत हो रही है। पूजा-पाठ के वातावरण में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। नेताओं ने आरोप लगाया कि झामुमो सरकार का दोहरा चरित्र इससे उजागर हो रहा है, क्योंकि एक ओर लोक आस्था के पर्व की बात की जाती है, वहीं दूसरी ओर इस तरह की गतिविधियों पर रोक नहीं लगाई जा रही है। उन्होंने थाना प्रभारी से अनुरोध किया है कि अविलंब बूचड़खाने, मांस, मछली, अंडा और शराब की बिक्री पर रोक लगाई जाए और सतबहिनी झरना तीर्थ स्थल, भंडारिया से सुंडीपुर सोन नदी और सुंडीपुर से डुमासोता सोन नदी तक स्थित सभी छठ घाटों पर विशेष सुरक्षा बल की व्यवस्था की जाए, ताकि छठ पर्व शांतिपूर्ण व श्रद्धापूर्ण माहौल में संपन्न हो सके।

## सगमा में छठ घाटों पर पुलिस की नजर, थाना प्रभारी ने किया निरीक्षण

**सगमा/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** धुरकी थाना प्रभारी जनार्दन राऊत के नेतृत्व में बुधवार को सगमा प्रखंड के विभिन्न छठ घाटों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने घाटों की साफ-सफाई में जुटी पूजा समितियों से संवाद कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। थाना प्रभारी ने कहा कि छठ महापर्व न सिर्फ धार्मिक आस्था से जुड़ा पर्व है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक भी है। ऐसे में घाटों की स्वच्छता और व्रतधारियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखना जरूरी है, ताकि किसी को कोई परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि छठ घाटों पर उमड़ने वाली भीड़ को नियंत्रित रखने के लिए पूजा समिति को विशेष निगरानी व्यवस्था करनी चाहिए। साथ ही असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखते हुए किसी भी अप्रिय घटना से बचाव के लिए पुलिस तंत्र को मजबूत बनाया गया है। इस दौरान थाना प्रभारी ने प्रखंड क्षेत्र के मुखिया, प्रमुख और पंचायत प्रतिनिधियों से अपील की कि वे छठ महापर्व को शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न कराने में प्रशासन का सहयोग करें। इसी क्रम में बीरबल गांव में पूजा समिति के सदस्यों ने थाना प्रभारी जनार्दन राऊत का स्वागत किया। इस मौके पर मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा, प्रमुख अजय साह, समिति अध्यक्ष बालेश्वर यादव, सुरेंद्र कुमार, श्रीकांत यादव और रामोड प्रसाद सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# एक साल से लापता संजय कोरवा का वीडियो वायरल, दीपावली में घर में लौटी खुशियां

## मानसिक रूप से हो चुका है विक्षिप्त, घर लाने की चल रही तैयारी



संजय कोरवा के जीवित होने की खबर सुनकर भावुक होती मां लक्ष्मी देवी।

राजू सिंह

**विशुनपुरा/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** दीपावली की रोशनी इस बार विशुनपुरा प्रखंड के सुदूरवर्ती सारो गांव के लिए उम्मीद की नई किरण लेकर आई है। एक साल से लापता आदिम जनजाति समुदाय के युवक संजय कोरवा (27) का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद उसके घर में फिर से खुशियां लौट आई है। रामचंद्र कोरवा और लक्ष्मी देवी का परिवार, पिछले एक वर्ष से बेटे की तलाश में भटक रहा था। बतातें चलें कि संजय अपने चचेरे भाई महेंद्र कोरवा के साथ श्री बंशीधर नगर क्षेत्र के कोईदी गांव के ठेकेदार की मदद से राजस्थान मजदूरी करने गया था। कुछ महीनों बाद दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जिसके बाद संजय बिना किसी को बताए वहां से गायब हो गया। परिजनों ने ठेकेदार और स्थानीय लोगों की मदद से उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चला। इस बीच महेंद्र बीमारी के कारण घर लौटा और कुछ समय बाद उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिवार ने संजय की वापसी की सारी उम्मीदें खो दी थीं।

**मानव सेवा संगठन ने कराई पहचान, जागी उम्मीदें :** हाल ही में राजस्थान के एक मानव सेवा संगठन ने सड़क किनारे मिले एक विक्षिप्त युवक को नहला-धुलाकर भोजन कराते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया। वीडियो में युवक ने अपना नाम झारखंड के सारो गांव निवासी संजय कोरवा के रूप में बताया। यह वीडियो जैसे ही गांव पहुंचा, पूरे परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई।

### शादी टूटने के बाद टूट गया था मनोबल

संजय की शादी वर्ष 2021 में रंका प्रखंड के कुदरुम गांव में हुई थी, लेकिन कोरोना काल में लॉकडाउन के दौरान उसकी पत्नी ससुराल नहीं आ सकी और उसका रिश्ता टूट गया। इस घटना से मानसिक रूप से टूट चुके संजय ने घर की खराब आर्थिक स्थिति देखते हुए मजदूरी के लिए राजस्थान का रुख किया था। दूसरी ओर, संजय के पिता रामचंद्र कोरवा और मां लक्ष्मी देवी ने प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग की है, ताकि उनका बेटा सुरक्षित घर लौट सके। दोनों दंपती मजदूरी कर किसी तरह परिवार का भरण-पोषण करते हैं। परिवार की स्थिति को देखते हुए प्रखंड उप प्रमुख प्रतिनिधि अजय पाल ने आगे आकर दो हजार रुपये की आर्थिक सहयोग की। कहा कि वे हर संभव सहायता के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने इस संबंध में सीओ सह बीडीओ खगेश कुमार से भी बातचीत की। दूसरी ओर, लेबर सुपरिटेंडेंट संजय आनंद ने फोन पर संपर्क करने पर कहा कि प्रवासी मजदूर को घर वापस लाने के लिए हमारे पास कोई कोष उपलब्ध नहीं है। फिर भी हम लगातार प्रयास में लगे हुए हैं। जल्द ही संजय को राजस्थान से लाकर उसके परिजनों को सौंप दिया जाएगा। इस मौके पर बीडीसी अजय पाल, विश्वास वियार, ब्रजेश सिंह, इमामुद्दीन अंसारी, शमशेर अंसारी, वशीर अंसारी, जवुन बीवी, तमन्ना वीची, इलादुन मियां आदि मौजूद रहे।

### विधिक सेवा प्राधिकरण ने शुरू की पहल

रांची झालसा के निर्देश पर गढ़वा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने मामले में तत्परता दिखाई। पीएलवी कृष्णानंद दुबे और अरविंद तिवारी सारो गांव पहुंचे और परिजनों से पूरी जानकारी ली। उन्होंने आश्वासन दिया कि राजस्थान से संजय को जल्द रेस्क्यू कर घर लाया जाएगा।

## जंगल में लकड़ी चुनने गयी दो महिलाओं को सांप के काटा



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** केतार थाना क्षेत्र के बीजडीह निवासी धर्मेंद्र पासवान की पत्नी रीना देवी को सांप ने काट लिया, जिससे उसकी स्थिति गंभीर बतायी जा रही है। उसे ईलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सक ने उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजनों के अनुसार रीना देवी बुधवार की सुबह जंगल से लकड़ी लेने जा रही थी, तभी उसे विषैले सर्प ने काट लिया। जबकि भवनाथपुर थाना क्षेत्र के सिंघीताली निवासी अरुण कुमार की पत्नी रानी कुमारी भी सांप के काटने से घायल हो गई। रानी कुमारी भी बुधवार के सुबह जंगल लकड़ी लेने गई थी, जहां झाड़ी से लकड़ी निकालने के दौरान विषैले सर्प ने काट लिया। उसका उपचार स्थानीय सीएचसी में किया जा रहा था।

## पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी की मनायी गयी 90 वीं जयंती




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के पहले कैबिनेट मंत्री संघर्ष शील नेता रामचंद्र केसरी का 90वां जन्मदिन मनाया गया। शहर के मेन रोड स्थित, टाइटन शोरूम के पास पूर्व मंत्री केसरी असहाय एवं दिव्यांग के बीच उत्साह के साथ जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान लोगों को अंग वस्त्र एवं भोजन का पैकेट वितरित किया गया। रामचंद्र केशरी संपूर्ण जीवन लाचार, बेबस एवं जरूरतमंद के अधिकार के लिए जन आंदोलन के माध्यम से लड़ते रहे। इस अवसर पर उनके मौसेरे भाई सरजू प्रसाद केसरी, सुशील केसरी, चंदन केसरी, रीता केसरी, अलीशा केसरी, नितेश केसरी, ओमप्रकाश केसरी, कमलेश कुमार गुप्ता, उमेश सहाय, प्रत्यूष केसरी, नंदकुमार गुप्ता, विनोद कमलापुरी, संतोष कुमार, संदीप केसरी और अजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

# खलारी : हत्या के मामले का खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** हाहेतांड निवासी भूलन गंझू के पुत्र सुनील गंझु की हत्या के मामले का खुलासा करते हुए खलारी थाना प्रभारी इंस्पैक्टर जयदीप टोप्पो ने बताया कि यह हत्या चुरी-मानकी नदी किनारे आपसी विवाद के दौरान गोली मारकर की गयी थी। थाना प्रभारी ने बताया कि हत्या में शामिल लालमोहन गंझू, करमू प्रजापति, हिमांशु सिंह और रविंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि राजेंद्र यादव और करण मुंडा फरार बताये हैं, जिनकी तलाश जारी है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से मिले एक देशी कट्टा और जिंदा गोली को जब्त कर लिया गया है। अनुसंधान के क्रम में प्राप्त जानकारी के 21 अक्टूबर 2025 को भूलन गंझु ने थाने में लिखित शिकायत दी थी कि उनके बेटे सुनील गंझू को उसके छह साथी राजेंद्र यादव, करण मुंडा, करमू प्रजापति, लालमोहन गंझू, हिमांशु सिंह, रविंद्र सिंह रात में घर से बुलाकर ले गये थे। इसके बाद चुरी-मानकी नदी किनारे आपसी विवाद के दौरान सुनील गंझू को गोली मार दी गयी। गंभीर रूप से घायल सुनील को रिम्स रांची ले जाया गया, जहां उसकी 20 अक्टूबर को मौत हो गयी। पुलिस अनुसंधान में पता चला कि सभी आरोपी 9 अक्टूबर को चुरी नदी किनारे जुआ खेलने वालों को लुटने गये थे। वहीं जुये के लुटे पैसे को लेकर आपसी विवाद हुआ और उसी दौरान सुनील गंझू को गोली मार दी गयी। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

## बिजैन गांव में 31 को होगा जतरा का आयोजन



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** पिपरवार क्षेत्र के ग्राम बिजैन में बुधवार को ग्रामीणों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता पच्चु गंझू एंव संचालन रंथू गंझू ने किया। बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम बिजैन मे छठ देवठान जतरा लगाने व रात्री मे नागपुरी आर्केस्ट्रा कराने को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से शुक्रवार 31 अक्टूबर को छठ देवठान जतरा लगाने व रात्री मे नागपुरी आर्केस्ट्रा कराने पर सहमति बनी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति का भी गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष कुलदीप राम, सचिव चंद्र गंझू, कोषाध्यक्ष कैलाश राम को बनाया गया। बैठक में मुख्य रूप से कुलदीप राम, कैलाश राम, वकील गंझू, किशोर मुंडा, झरी राम, सुरेंद्र राम, बालेश्वर राम, बाबूलाल राम, दिनेश राम, देवनाथ राम, अनिल मुंडा सहित कई लोग मौजूद थे।

## अशोक परियोजना में डंपर ऑपरेटर के निधन पर शोकसभा



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** पिपरवार क्षेत्र के अशोक परियोजना के वर्कशॉप में बुधवार को शोकसभा का आयोजन किया गया। जिसमे अशोक परियोजना के डंपर ऑपरेटर राजकुमार नोनिया के निधन पर शोक प्रकट किया गया। इस दौरान उपस्थित सीसीएल अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय राजकुमार नोनिया मेहनतकश और ईमानदार व्यक्ति थे, उनका व्यवहार लोगो के लिए प्रेरणाश्रोत था। उन्होंने समाज के साथ साथ कम्पनी के लिए अहम योगदान दिया है, उनके योगदान को कंपनी कभी भी भूल नहीं सकता है। उनका निधन कंपनी के लिए अपूर्णीय क्षति है। शोकसभा में मुख्य रूप से अशोक परियोजना के परियोजना अभियंता उत्खनन मिथिलेश कुमार, अजय कुमार, दिलीप महतो, लखन साव, कामेश्वर राम, मोहम्मद शमीम, लगन महतो, बासुदेव प्रसाद, भुवनेश्वर महतो सहित गयी अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## मायापुर में स्कॉर्पियो ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, दो गंभीर रूप से घायल

**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** मैकलुस्कीगंज थाना क्षेत्र के मायापुर में मैक्लुस्कीगंज पतरातु मार्ग पर बुधवार शाम लगभग साढ़े पांच बजे एक अज्ञात स्कॉर्पियो वाहन ने विपरीत दिशा से आ रहे मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में नारायण धौड़ा खलारी निवासी शेखर सुब्बा और कल्लू बहादुर गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना मिलते ही मैकलुस्कीगंज थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। तबतक ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को तुरंत खलारी श्री राज हॉस्पिटल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उन्हें रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। शेखर सुब्बा की स्थिति अभी भी बेहद नाजुक बताई जा रही है। हादसे को लेकर ग्रामीणों में गहरा आक्रोश देखा गया। उनका कहना है कि सूचना देने के बावजूद एंबुलेंस देर से पहुंची। लगभग आधा घंटे तक उन्हें इंतजार करना पड़ा। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि जब सरकार ने आपातकालीन सेवाओं के लिए एंबुलेंस व्यवस्था की है, तो सुविधा समय पर क्यों नहीं मिली। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि मायापुर की खराब सड़कें आये दिन ऐसी दुर्घटनाओं का कारण बनती हैं। उन्होंने प्रशासन से तत्काल सड़क मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। पुलिस क्षतिग्रस्त बाइक थाना ले आई और मामले की जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

## जयपुर से दबोचा गया कुख्यात अपराधी रिंकू सेठ



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** शहर में दहशत फैलाने वाले कुख्यात अपराधी सौरभ शर्मा उर्फ रिंकू सेठ को जमशेदपुर पुलिस ने राजस्थान के जयपुर से गिरफ्तार कर लिया। रिंकू सेठ वर्ष 2024 में सीतारामडेरा में हुई गोलीकांड और हत्या के प्रयास समेत कई संगीन मामलों में वांछित था और लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस अधीक्षक (नगर) के पर्यवेक्षण में गठित विशेष टीम ने 19 अक्टूबर को जयपुर के शाहपुरा थाना क्षेत्र के हरदासवाली, अमरपूरा रोड से उसे धर दबोचा। रिंकू सेठ पर हत्या, हत्या का प्रयास, रंगदारी और फायरिंग जैसे कम से कम 5 संगीन आपराधिक मामले सीतारामडेरा, बिरसानगर, परसुडीह व बिष्टुपुर थानों में दर्ज हैं। वह अमरनाथ सिंह गिरोह का सक्रिय सदस्य रहा है और जेल से छूटने के बाद फिर से गिरोह को सक्रिय करने में जुटा था। गिरफ्तारी के समय पुलिस ने उसके पास से एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन भी बरामद किया है, जिसकी तकनीकी जांच की जा रही है।

# खूंटी: सड़क हादसे में महिला सहित तीन लोगों की मौत




**मृतकों की पहचान बंधना टोपनो, टेमना टोपनो और बांधना टोपनो की पत्नी के रूप में हुई है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी सिमडेगा मुख्य मार्ग पर मरला गांव के पास बुधवार की शाम हुए सड़क दुर्घटना में एक महिला सहित तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। मृतकों की पहचान बंधना टोपनो, टेमना टोपनो और बांधना टोपनो की पत्नी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार बंधना और टेमना टोपनो बंधना की ससुराल सुंदारी गये थे। टेमना टोपनो, बंधना और उसकी पत्नी बुधवार को सुंदारी से अपने गांव कामडारा थाना के टुरंडु लौट रहे थे। ममरला गांव के पास किसी अज्ञात टेलर ने स्कूटी को ठोकर मार दी। इससे तीनों सड़क पर गिर गये। उसी दौरान किसी अन्य अज्ञात वाहन ने तीनों को कुचल दिया। इससे तीनों की घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गयी। तोरपा थाना की पुलिस शवों को थाना ले गयी है। गुरुवार को सदर अस्पताल में तीनों शवों का पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

### इनोवा कार और बाइक की सीधी भिड़ंत में मजदूर की मौत

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी सदर थाना क्षेत्र के रेवा और बिरहू गांवों के बीच बुधवार को इनोवा कार बाइक के बीच हुई सीधी टक्कर में तमाड़ थाना क्षेत्र के कुरकुटा गांव के मजदूर शंभू सिंह मुंडा की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार इनोवा कार और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक सड़क किनारे दूर जा गिरा, जबकि उसकी बाइक कार में फंस गयी। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर खूंटी सदर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम लिए खूंटी सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक के पास मिले असंगठित मजदूर का निबंध कार्ड मिला है। दुर्घटना के बाद मौके का फायदा उठाकर कार चालक फरार हो गया है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार और बाइक को जब्त कर लिया है।

# सोहराय पर्व हमारी संस्कृति की आत्मा है: राम सूर्या मुंडा

**डूंगरा पंदनटोली में पांच दिवसीय सोहराय जतरा शुरू**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** खूंटी ज़िला की फूदी पंचायत के डूंगरा पंदनटोली में जनजातीय संस्कृति और परंपरा का सबसे बड़ा पर्व पांच दिवसीय सोहराय जतरा बुधवार को शुरू हो गया। जतरा का उद्घाटन पाहनो द्वारा विधिवत पूजा-पाठ कर किया गया। पूजा के बाद मांदर की गूंज और पारंपरिक नृत्य की थाप ने पूरे गांव को उत्सवमय बना दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में खूंटी के विधायक रामसूर्या मुंडा उपस्थित रहे। उन्होंने जनजातीय समाज की इस पुरातन परंपरा की सराहना करते हुए कहा कि सोहराय पर्व हमारी संस्कृति की आत्मा है, जो हमें प्रकृति, पशुधन और कृषि से जोड़ता है। इस पर्व के माध्यम से हम अपने जीवन को धरती माता और सृष्टि के प्रति कृतज्ञता से भरते हैं।

सोहराय पर्व को आदिवासी समाज का सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण पर्व माना जाता है, जिसे पांच दिनों तक अलग-अलग रीति-रिवाजों के साथ मनाया जाता है। इस दौरान ग्रामीण अपने देवी-देवताओं, कृषि उपकरणों और मवेशियों की पूजा करते हैं। प्रत्येक दिन का अपना विशेष महत्व है – पहले दिन गोठ पूजा में मवेशियों को स्नान कराकर सजाया जाता है, दूसरे दिन देव पूजा होती है, तीसरे दिन खुट पूजा, चौथे दिन मेला आयोजन और अंतिम दिन भोज-भात के साथ पर्व का समापन किया जाता है। मेला स्थल पर आसपास के गांवों से लोग बड़ी संख्या में पहुंचे हैं। यहां स्थानीय कारीगरों द्वारा पारंपरिक हस्तशिल्प, कृषि उपकरण, बांस के सामान, लकड़ी के खिलौने और लोक कलाओं की प्रदर्शनी लगाई गयी है। बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले, खेल और खाने-पीने की दुकानें भी आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।

जनजातीय समाज के लिए सोहराय पर्व केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, कृषि जीवनशैली और पर्यावरणीय संतुलन का प्रतीक भी है। यह पर्व मनुष्य और प्रकृति के बीच गहरे संबंध का उत्सव है। ग्रामीणों का मानना है कि सोहराय पर्व के माध्यम से वे धरती माता, पशुधन और प्रकृति के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हैं। मौके पर ज़िला परिषद सदस्य सुशील संगा, सैयूम अंसारी, प्रकाश तिर्की, चेटे सोदाग के मुखिया पतरस लकड़ा और मिघवा मुंडा समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी ने एक स्वर में कहा कि ऐसे पर्व जनजातीय संस्कृति की पहचान हैं और नयी पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का माध्यम हैं।

डूंगरा पंदनटोली का सोहराय जतरा अब पूरे क्षेत्र का आकर्षण बन गया है। पांच दिनों तक चलने वाला यह पर्व जनजातीय समाज की जीवंत संस्कृति, परंपरा और एकता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है, जहां श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का संगम दिखायी दे रहा है।

# पिपरवार में श्रद्धा के साथ की गयी मां काली की पूजा



**खिचडी महाप्रसाद में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** पिपरवार क्षेत्र और आस पास के इलाको में मां काली पूजा भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस मौके पर कोयलांचल के बचरा काली मंदिर में श्रद्धालु भक्तों द्वारा विधिवत रूप से मां काली की पूजा अर्चना की गयी। श्रद्धालु भक्त बचरा काली मंदिर जाकर दीप जलाया और मां काली की पूजा की, साथ ही क्षेत्र की सुख, शांति और खुशहाली के लिए प्रार्थना की। मंदिर कमेटी के द्वारा बारी-बारी से श्रध्दालुओं को मां काली का दर्शन कराया। काली पूजा को लेकर आयोजन समिति के द्वारा पुरे मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया था, मंदिर में की गयी विद्यूत सज्जा आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। वहीं पूजा के बाद श्रद्धालु भक्तों के बीच खीर प्रसाद का भी वितरण किया गया। काली पूजा के अवसर पर आयोजित हवन महाआरती कार्यक्रम मे पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार और उनकी पत्नी डॉ पुनम सिंह भी शामिल हुई। इस दौरान दोनों ने मां काली की विधिवत पूजा अर्चना की और क्षेत्र की सुख शांति एवं खुशहाली की कामना की। इस मौके पर पूजा कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद, सचिव भीम प्रसाद मेहता, गणेश महतो, संरक्षक गुंजन कुमारी सिंह, पिंकी सिंह, मिथिलेश शुक्ला, कमलेश मेहता, नागेश्वर राम, रवि भारद्वाज, किशन कुमार सिंह सहित कई लोग मौजुद थे। इधर आरसीएम साईडिंग और राय रेलवे स्टेशन मे भी मां काली की पूजा श्रध्दा और भक्ति के साथ की गयी। काली पूजा के अवसर पर बचरा काली मंदिर के प्रांगण में भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग पांच हजार लोगों ने खिचड़ी महाप्रसाद ग्रहण किया।

### खलारी में विसर्जन के साथ संपन्न हुई मां काली की पूजा



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी में मां काली की प्रतिमा विसर्जन के साथ काली पूजन संपन्न हो गया। बुधवार को सुबह पुजारियों ने माता का पूजन कर विसर्जन का विधान पूरा किया। श्री जानकीरमण मंदिर खलारी में पूजन के दौरान दही चूड़ा का भोग लगाया गया जिसे प्रसाद के रूप में सभी श्रद्धालुओं के बीच बांटा गया। दोपहर में प्रतिमा को नगर भ्रमण कराने के बाद गौरी डैम में विसर्जन कर दिया गया। इस दौरान भक्ति गीतों के साथ कार्यकर्ता जयकारा लगा रहे थे। वर्द्धमान (बंगाल) से आये पुजारियों ने संपूर्ण पूजन विधान संपन्न कराया। विसर्जन के बाद पुजारियों का विदायी किया गया। विसर्जन जुलूस में रंजन सिंह बिट्टू, अवधेश यादव, दिनेश पांडेय घंटू, अरूण चैरसिया, पवन चंद्रवंशी, पवनराज सिंह, कुमुद रंजन सिंह आदि अन्य शामिल थे।

## बचरा स्टेडियम में आयोजित टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

# आरसीए चैलेंजर्स ने खिताब पर जमाया कब्जा

**टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का पुरस्कार विकास कुमार को और सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का पुरस्कार अतुल सिंह को दिया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** बचरा स्वाधीनता स्वर्ण जयंती स्टेडियम मे राइजिंग क्रिकेट अकादमी बचरा के द्वारा चल रहे टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का बुधवार को समापन किया गया। समापन के दिन फाईनल मैच आरसीए चैलेंजर्स बनाम आरसीए इंडियंस के बीच खेला गया। इस मैच में आरसीए चैलेंजर्स ने आरसीए इंडियंस को 6 विकेट से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का पुरस्कार विकाश कुमार को और सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का पुरस्कार अतुल सिंह को दिया गया, जबकि मैन ऑफ दा सीरीज का पुरुस्कार अमन विश्वकर्मा को दिया गया। मुख्य अतिथि के रूप मे झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष एंव झारखंड महिला फुटबॉल एसोसिएशन की अध्यक्ष सह बचरा उतरी पंचायत की मुखिया गुंजन कुमारी सिंह और विशिष्ट अतिथि मे कांग्रेस पार्टी के चतरा जिला महासचिव अब्दुल कुदूस अंसारी उपस्थित थे। विजेता और उप विजेता टीम को अतिथियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने इस तरह के आयोजन की जमकर प्रशंसा की।

अतिथियों ने सभी खिलाड़ियों से बेहतर खेल का प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र राज्य और देश का नाम रोशन करने की बात कही। साथ ही खेल को बढ़ावा देने के लिए हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। इस मौके पर गुंजन कुमारी सिंह, अब्दुल कुदूस, रोशन गोस्वामी, दिलनवाज अंसारी, राशिद कादरी, किशन कुमार सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

## गोवर्धन पूजा और सोहराय जतरा संपन्न



**मुरी (आजाद सिपाही)।** सिल्ली मुरी और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में गोवर्धन पूजा और सोहराय जतरा धूमधाम से मनायी गयी। सिल्ली प्रखंड के रामपुर, चारलू बाजार, हाकेदाग, भूली, गाझा, आदि के ग्रामीणों ने पारंपरिक ढोल नगाड़े के साथ नित्य संगीत पर झूमे। कई लोग गोवर्धन पर्वत का आकृति बनाकर पूजा अर्चना की। गाय को पालने वाले लोगों ने गौशाला में साफ सफाई कर गाय बैलों को सजाकर उन्हें आरती उतार कर पूजा अर्चना की तथा पशुओं के प्रति अपना प्रेम प्रकट की। मौके पर ग्रामीणों ने मीठे पकवान का प्रसाद ग्रहण किया।

## सिल्ली थाना की बड़ी कार्रवाई, कोका लगाम गांव के पहाड़ पर अवैध महुआ शराब भट्ठी ध्वस्त



**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** सिल्ली थाना पुलिस ने बुधबार को कोकालगाम गांव स्थित पहाड़ के आला क्षेत्र में संचालित अवैध महुआ शराब भट्ठी पर छापेमारी की। इस दौरान बड़ी मात्रा में महुआ जावा और अवैध रूप से तैयार की जा रही शराब को नष्ट किया गया। थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस दल ने यह कार्रवाई की। मौके पर कई ड्रमों में महुआ जावा सड़ाया जा रहा था, जिसे पुलिस ने पूरी तरह नष्ट कर दिया। साथ ही शराब निर्माण में प्रयुक्त बर्तन, भट्ठी और अन्य उपकरणों को भी तोड़ा गया। थाना प्रभारी ने बताया कि यह अभियान अवैध शराब कारोबार पर रोक लगाने के उद्देश्य से चलाया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे अवैध धंधों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## तालाब से अज्ञात महिला का शव बरामद

**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** ईचागढ़ थाना क्षेत्र के रूगड़ी गांव के समीप एक तालाब से ईचागढ़ पुलिस द्वारा एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया। प्रथमदृष्टया हत्या कर शव को छुपाने के नियत से तालाब में फेंक दिया होगा। सुनसान जगह पर तालाब रहने से ग्रामीणों का नजर नही पड़ा। शव मिलते ही क्षेत्र में दहशत फैल गया। थाना प्रभारी बिक्रम आदित्य पांडे ने बताया कि रूगड़ी गांव के बाहर खेत के बीच एक तालाब से करीब 25-30 वर्षीय एक अज्ञात महिला का लाश बरामद किया गया एवं पोस्टमार्टम हेतु सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि लाश का चेहरा पानी से फुल गया है एवं सड़ गया है, जिससे चेहरा पहचान में नही आ रहा है। उन्होंने कहा कि अनुमानतः करीब 6-7 दिन पहले ही लाश छुपाने के नियत से सुनसान जगह पर तालाब में डाल दिया होगा। उन्होंने कहा कि हर पहलू पर जांच किया जा रहा है एवं लाश का पता लगाने का कोशिश किया जा रहा है।

## स्व. डोमन सिंह मुंडा को दी गयी श्रद्धांजलि




**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के इंटर कॉलेज तिरुलडीह परिसर में बुधवार को 12 वीं पुण्य तिथि के अवसर पर समाजसेवी सह पूर्व सांसद प्रतिनिधि स्व. डोमन सिंह मुंडा के प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इंटर कॉलेज तिरुलडीह के अध्यक्ष सह पूर्व शिक्षक उमाकांत महतो ने बताया कि डोमन सिंह मुंडा एक शिक्षक के रूप में 60 वर्ष तक सेवा दिया था। सेवानिवृत्त के बाद वो सामाजिक कार्य में बड़ चढ़ कर हिस्सा लेते थे। तत्कालीन सांसद सुबोध कांत सहाय के कार्यकाल में उन्हें ईचागढ़ प्रखंड का प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त किया था। उन्होंने बताया कि इंटर कॉलेज तिरुलडीह के नाम पर स्व. मुंडा ने सात एकड़ जमीन दान दिया है। उनके छोटा पुत्र नयन सिंह मुंडा सोड़ो पंचायत के मुखिया है और पुत्रवधु सुभासिनी देवी ईचागढ़ उत्तरी भाग के जिला परिषद सदस्य है। मौके पर इंटर कॉलेज तिरुलडीह के प्राचार्य उपेन चंद्र महतो, डॉ. गुरुचरण महतो, समाजसेवी राम प्रसाद महतो, प्रोफेसर हृदय रंजन महतो, मृत्युंजय महतो, अनाथ महतो, निरंजन महतो, आरूनी सिंह मुंडा, निपेंद्र महतो, गुरुपद सिंह मुंडा आनंद महतो आदि उपस्थित थे।

## डेंबुवा फुटबॉल मैदान में ग्रामीणों की बैठक



**खलारी (आजाद सिपाही)।** डेंबुवा फुटबॉल मैदान में ग्रामीणों की बैठक अशोक गंझू की अध्यक्षता में हुई। संचालन भरत गंझू ने किया। बैठक में ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर एनके पिपरवार जीएम ऑफिस और टंडवा अंचल कार्यालय में धरना देने का निर्णय लिया गया। 29 अक्टूबर को एनके एरिया जीएम ऑफिस डकरा में धरना प्रदर्शन और 31 अक्टूबर को पिपरवार जीएम ऑफिस ऑफिस में धरना प्रदर्शन और चार नवंबर को टंडवा ब्लॉक धरना प्रदर्शन होगा। भरत गंझू ने कहा कि जमीन को सीसीएल अपने नाम से मोटेशन कर रही है। हमारी जमीन और हमारी खतियान हमारी पहचान है, लेकिन सीसीएल खनन के बाद हमारा खतियान जीरो कर देगा। इससे हमारी पीढ़ी आने वाला फ्यूचर बर्बाद हो जायेगा, हम कहां जायेंगे। इसलिए सीसीएल और सरकार से मांग है कि हमारा जमीन खनन के पश्चात रैयत के नाम से रहने दिया जाये। क्योंकि सीसीएल जमीन लेने से पहले आश्वासन दिया था कि हम लीज में जमीन ले रहे हैं, लेकिन आज सीसीएल बदल गया है। इसी के विरोध में हम लोग 29 को धरना प्रदर्शन के माध्यम से हम लोग चेतावनी देना चाहते हैं। प्रबंधन को चिट्ठी के माध्यम से अवगत करायेंगे और साथ में हम लोग टंडवा ब्लॉक भी जायेंगे और ब्लॉक में धरना प्रदर्शन के माध्यम से सरकार को अवगत करायेंगे कि हमारी मांगे पूरी करें, अन्यथा हम लोग आगे पूरा एरिया बंद करने का काम करेंगे। बैठक में मुकेश गंझू, मुंद्रिका गंझु, बीसू गंझू, वासुदेव गंझु कुलेश्वर गंझू, जतरु गंझू, गजन गंझू, मोहन गंझु, महेंद्र उरांव, बालेश्वर उरांव, गजन गंझु, बिनोद उरांव, रीता उरांव, झनवा देवी, झूबरी देवी, नेहा कुमारी आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## सोहराय पर्व के अवसर पर सोनाहातू प्रखंड के कई गांवों में किया गया बरद भिड़का कार्यक्रम



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कई गावों में सोहराई पर्व के अवसर पर बरद भिड़का कार्यक्रम किया गया। बरद भिड़का कार्यक्रम में गांव के मैदान में खूंटा गाड़ कर मोटे रस्सी से बैल को बांध कर ढोल नगाड़े बजा कर नचाया जाता है। इस कार्यक्रम को गांव के हर उम्र के लोग मिलकर करते है। गांव की महिला खूंटा को विधिवत पूजन करते हैं फिर बरद भिड़का कार्यक्रम करते है। प्रखंड के पोआदिरी, सिगिद, तिलाई पिड़ी, सहित कई गांव में कार्यक्रम को उल्लास के साथ किया गया।

## लालगंज और सेमला में सोहराय जतरा में नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

# जतरा हमारी पुरखों की धरोहर, इसे बचाना हम सभी लोगों की जिम्मेदारी : सन्नी टोप्पो



कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा नेता सन्नी टोप्पो एवं अन्य।

आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** लालगंज और सेमला में सोहराय जतरा में नागपुरी सांस्कृतिक प्रोग्राम का आयोजन हुआ। लालगंज काली पूजा समिति की ओर काली मंदिर प्रांगण में आयोजित नागपुरी सांस्कृतिक मंच का भाजपा युवा नेता एवं मांडर विधानसभा के प्रत्याशी रहे सन्नी टोप्पो और ककरिया सेमला सोहराय जतरा में पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान सन्नी टोप्पो ने मां काली के समक्ष मत्था टेककर आशीर्वाद लिया। इस दौरान मेला में आए लोगों को संबोधन करते हुए कहा कि सोहराय जतरा हमारे पुरखों की धरोहर है। इससे बचाकर रखना है। यह परंपरा दिवाली, सोहराय, काली पूजा एवं गोवर्धन पूजा के उपलक्ष्य में सोहराय जतरा विरासत में मिली है। साथ ही नागपुरी लोक संगीत के माध्यम से हमारी झारखंडी संस्कृति को इन कलाकारों बने बचा कर रखा है। दूसरी ओर, मेला में दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी। मेला में ईख, खिलौना और जलेबी की खूब बिक्री रही। मुख्य कलाकार सुधाना बड़ाईक, सरिता देवी, प्रीति बारला, सूरज कुमार, नासिर अहमद और मंच संचालक प्रभात साहू ने किया। दूसरी ओर, ककरिया सेमला सोहराय जतरा में पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने नागपुरी सांस्कृतिक मंच का उद्घाटन किया। लालगंज मेला की सफलता पर काली पूजा समिति के अध्यक्ष चरकू साहू, सचिव महेश साहू, कोषाध्यक्ष कुलएक दीप साहू, संरक्षक गोपाल महली आदि ने बधाई दी। वहीं, जतरा में शांति व्यवस्था के लिए लापुंग पुलिस बल के जवान एवं थाना प्रभारी गोबिंद कुमार मौजूद थे। इस मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष नंदलाल साहू, सुखदेव उरांव, जितेंद्र नायक, विजय सिंह, कमलेश गोप, पवन आदि मौजूद रहे।

## जतरा हमारे पूर्वजों की धरोहर, हमें आने वाले पीढ़ी के लिए इसे सहेज कर रखना है: सुरेश बैठा



**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** एतिहासिक सोहराई जतरा सह रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को खिजुरटोला के घोड़ाटांगर मेला मैदान हुआ। जिसका उद्घाटन गांव के पाहन दशु पाहन ने धर्म खूंटा पर पूजा अर्चना कर किया। जतरा में बतौर मुख्य अतिथि विधायक सुरेश कुमार बैठा शामिल हुए और मेला मंच का शुभारंभ किया। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि यह जतरा हमारे पूर्वजों की धरोहर है। हमें आने वाले पीढ़ी के लिए इसे सहेज कर रखना है। वहीं जमीन मिलने पर उन्होंने स्टेडियम निर्माण कराने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन रामजतन गोप ने किया। वहीं, जतरा के सफल आयोजन में कमेटी के अध्यक्ष गिरधारी गोप, उपाध्यक्ष संजीत गोप, सचिव अशोक गोप, संरक्षक बलिंद्र गोप, उमेश गोप, गणेश गोप, दीपेंद्र गोप, शहदेव गोप आदि की भूमिका सराहनीय रही। जबकि जतरा में सुरक्षा की कमान थाना प्रभारी शुभम कुमार ने सशस्त्र बल के साथ संभाला।

# बेड़ो में दिव्यांग की हत्या के 48 घंटे बाद भी अपराधी पुलिस पकड़ से दूर

## फॉरेंसिक और डॉग स्क्वार्ड टीम की मदद से गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** प्रखंड के घाघरा टिकरा टोली गांव निवासी दिव्यांग सोमरा कुजूर (20) की हत्या की गुत्थी सुलझाने में पुलिस जोर-शोर से जुटी है। हालांकि वारदात से 48 घंटा बीत जाने के बावजूद पुलिस हत्यारों तक नहीं पहुंच सकी है। पुलिस फॉरेंसिक टीम एवं डॉग स्क्वायड की मदद से जांच कर रही है। साथ ही आधुनिक तकनीक का भी सहारा ले रही है। इस हत्याकांड के खुलासा को लेकर पुलिस मुस्तैद, सजग और प्रयासरत है। थाना प्रभारी सुजीत कुमार उरांव ने कहा कि पुलिस घटना की जांच तत्परता से कर रही है। बतातें चलें कि दीपावली की रात अज्ञात लोगों ने दिव्यांग सोमरा कुजूर की डंडे से बुरी तरह पिटाई करने के बाद जलाकर हत्या कर दी थी। इसकी जानकारी मिलने पर ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर, डीएसपी अशोक कुमार राम और इंस्पेक्टर उत्तम कुमार उपाध्याय ने घटना स्थल पहुंचकर स्वजनों एवं ग्रामीणों से बात की थी। पुलिस हत्यारों तक पहुंचने का जी तोड़ प्रयास कर रही है। इधर, हत्या को लेकर सोमरा कुजूर के पिता जयु कुजूर ने अज्ञात लोगों के खिलाफ बेड़ो थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। वहीं, ग्रामीणों ने दिव्यांग हत्याकांड की घटना में शामिल अपराधियों को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग की है।

### गमगीन माहौल में हुआ अंतिम संस्कार

दिव्यांग सोमरा कुजूर की सोमवार को दीपावली की रात हत्या होने के बाद बुधवार की दोपहर उसके शव का पोस्टमार्टम हुआ। जिसके बाद शव प्रखंड के टिकरा टोली स्थित पैतृक गांव पहुंचा। शव पहुंचते ही गांव में मातम छा गया। सभी ने नम आंखों से दिव्यांग को अंतिम विदाई दी। गांव में सीधे साधे दिव्यांग की हत्या से ग्रामीणों की आंखों के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे। वहीं, स्वजन, मृतक के भाई-बहन दहाड़े मार-मार कर रो रहे थे। इधर, बुधवार की शाम को ही गमगीन माहौल में शव का अंतिम संस्कार गांव के कब्रिस्तान में सरना रीति रिवाज से मिट्टी दिया गया। बतातें चलें कि सोमरा तीन भाईयों में सबसे छोटा था।

## जतरा हमारी पहचान और संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है : पूनम देवी



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कतरपा जरा टोली में बुधवार को 21 पड़हा के तत्वावधान में एतिहासिक सोहराई जतरा का आयोजन हुआ। जिसमें नगड़ी के कतरपा, जरा टोली साहेर, डमटोली सहित आसपास के गांवों के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस मौके पर कई गावों के आदिवासी समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा में अपने खोडहा के साथ मांदर की थाप पर नृत्य गान करते पहुंचे। इससे पूर्व मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य पूनम देवी और समाज सेवी बजरंग महतो का सोहराई जतरा आयोजन समिति और ग्रामीणों द्वारा पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। जिप सदस्य ने कहा कि जतरा हमारी पहचान हैं। जतरा संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। हमें अपने परंपरा और संस्कृति को बचाए रखना है। हमें मिलकर समाज को आगे बढ़ाना होगा। इसके लिए युवाओं को आगे आना होगा। समाज में शिक्षा को प्राथमिकता देनी चाहिए। हम जतरा के माध्यम से कहना चाहते हैं कि समाज का उत्थान और विकास का सामूहिक भागीदार से ही होगा समाज में नाशपान रूढ़िवादी परंपरा को दूर भगाना है और शिक्षा एवं आपसी एकता कायम रखते हुए नगड़ी का नाम रोशन करना है। वहीं, बजरंग महतो ने कहा कि झारखंड के विद्वान ने कहा था कि जे नाची से बाची हमें जतरा को भव्य बनाने के लिए प्रयास करना चाहिए। इस मौके पर पवन महतो, सोमरा मुंडा, शिवा कुच्छप, महती सोमरा, रविन्द्र गोप, अमित कच्छप, राज मोहन महतो, संजीत महतो, चारों मुंडा, जगेश्वर गोप, लिंगु मिज, अनिल कच्छप, सोमा मुंडा, रंजीत मुंडा, प्रकाश महतो, संजीत मुंडा, अनोज मुंडा आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## अखरा संस्कृति झारखंड की सांस्कृति पहचान है, इसे बचाने की जरूरत : जैलेंद्र कुमार

**सोहराय जतरा में अखरा संस्कृति को बचाने का लिया संकल्प**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** गेतलसूद के ब्लौरा में बुधवार को सोहराय जतरा का आयोजन हुआ। जिसमें पाहन राजेश पाहन ने पूजा अर्चना की। इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार, जबकि विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, भाजपा के महिला मोरचा की जिलाध्यक्ष नेहा सिंह, जिला मीडिया प्रभारी रामसाय मुंडा, विधायक प्रतिनिधि श्रवण कुमार मुंडा, प्रमुख दीपा उरांव, मुखिया शांति मुंडा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष एतवा उरांव, कांग्रेस नेता साकिर अंसारी, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष शिवदास गोस्वामी और छोटेलाल महतो थे। जतरा में लेंभाटोली, परासटोली, करंजटोली, भाकुटुंगरी, बजरंग चौक, ब्लौरा, रेशम, बीसा की खोरहा टीम शामिल हुई। सभी ने अखरा संस्कृति को बचाने का संकल्प लिया। जतरा में शामिल हुई सभी खोरहा टीमों को नकद एवं सरना झंडा देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेला समिति के अध्यक्ष गौरीशंकर मुण्डा एवं संचालन उत्तम महतो ने की। वहीं, जैलेन्द्र कुमार ने जतरा स्थल की पूजा कर क्षेत्र की सुख शांति के लिए प्रार्थना की। कहा कि अखरा संस्कृति झारखंड की सांस्कृति पहचान है उसे बचाने की जरूरत है। इस मौके पर सचिव रामू उरांव, कोषाध्यक्ष शिशु उरांव, शनिका उरांव, हेमंत महतो, गुलू उरांव, नटराज उरांव, बसंती कच्छप, रणवीर कुजूर, पलटू उरांव, प्रकाश कच्छप, सोनी टोप्पो, सुनामी कच्छप, सौरव कुमार, आशाराम महतो, बंधन टोप्पो, हरिहर महतो, वीचा उरांव, बालसाय मुंडा, बाबुलाल महतो, प्रेम उरांव, श्यामलाल महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

### हमारी रूढ़िवादी परंपरा को मिटाने की कोशिश की जा रही : दीपा उरांव

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** राजाडेरा पंचायत के चमघट्टी सरना स्थल में मंगलवार को सोहराई जतरा का आयोजन हुआ। जिसमें आसपास और दूरदराज से काफी संख्या में लोग पहुंचे। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख दीपा उरांव एवं विशिष्ट अतिथि आजसू के केंद्रीय सचिव पारसनाथ उरांव थे। इससे पूर्व विधिवत पाहन पूजा के साथ जतरा मेला की शुरूआत हुई। मेला में विभिन्न गांवों से आए हुए आदिवासी महिला खोड़हा समूहों ने मांदर की थाप पर पारंपरिक नृत्य गीत प्रस्तुत किए। बाद में श्रेष्ठ खोड़हा मंडली को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर पारसनाथ उरांव ने कहा कि आदिवासी रूढ़िवादी परंपरा को बनाए रखने की आवश्यकता है। वहीं, प्रमुख दीपा उरांव ने कहा कि आज आदिवासी संस्कृति पर लगातार हमले किए जा रहे है। हमारी रूढ़िवादी परंपरा को मिटाने की कोशिश की जा रही है। इसके खिलाफ आदिवासी समाज को एकजुट होना होगा। विधायक प्रतिनिधि श्रवण मुंडा एवं कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष एतवा उरांव ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मौके पर मुखिया सीमा देवी, संध्या बांडो, जानकी देवी आदि उपस्थित रहे।

## ओरमांझी में स्मार्ट मीटर से हो रही परेशानी को लेकर केंद्रीय मंत्री संजय सेठ से मिले मुखिया, उप मुखिया



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगने के बाद से उपभोक्ताओं को हो रही भारी परेशानी और अनाप-सनाप बिल से ग्रामीणों में विभाग के प्रति गहरी नाराजगी है। उपर से दीपावली जैसे प्रकाश पर्व में विभाग की ओर से बिजली का कनेक्शन काट दिए जाने के कारण ग्रामीणों में विभाग और जनप्रतिनिधियों के प्रति गुस्सा फूट पड़ा है। ग्रामीणों ने इसकी लिखित शिकायत मुखिया दीपक बड़ाइक से किया। जिसके बाद मुखिया ने विभाग के एसडीओ से मौखिक तौर पर इसकी शिकायत की थी। पर विभाग पर असर नहीं होता देख मुखिया दीपक बड़ाइक, उप मुखिया संतोष गुप्ता और पूर्व मुखिया मीणा देवी ने केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ से मिलकर अपने पंचायत सहित प्रखंड क्षेत्र में स्मार्ट मीटर के कारण उत्पन्न समस्या के निराकरण की मांग की। साथ ही बिजली के जर्जर पोल और तार को भी बदलने की मांग की। इस पर संजय सेठ ने तत्काल ही बिजली विभाग के आला अधिकारी से बात कर स्मार्ट मीटर के कारण उत्पन्न हो रही समस्या के निराकरण करने को कहा।

### छठ पूजा को लेकर युद्ध स्तर पर चल रही घाटों की साफ-सफाई

**इटकी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के बनिया टोली स्थित छठघाट तलाब के अलावे क्षेत्र के दर्जनों छठ घाटों की साफ सफाई के साथ ही घाट तक पहुंचने की सड़कों की मरम्मती कार्य व्यापक रूप से की जा रही है। प्रत्येक वर्ष की तरह लाईट, तोरण द्वार सहित कई अन्य व्यवस्था भी की जा रही है। इटकी केशरी तलाब के घाट में कई दशकों से छठव्रती पहुंचती है। यहां मेला भी लगाया जाता है। प्रखंड के इटकी केशरी तलाब के अलावे सूर्य मंदिर बाहरी तलाब, पंडरा नदी, सेमरा तलाब, मोरो पोखर आदि में पूजा होती है।

### लापुंग में करंट लगने से महिला की मौत

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत बोकरंदा पंचायत के लेटे गांव में बुधवार की सुबह खेत में धान कटनी कर रही महिला किसान की करंट की चपेट में आने से मौत हो गयी। उसकी पहचान अंजना होरो (37) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, जिस खेत में अंजना काम कर रही थीं, उसके ऊपर से 440 वोल्ट का विद्युत तार गुजरा था, जो झूलकर खेत से महज पांच फीट की ऊंचाई पर लटक रहा था। सुबह अंजना खेत में धान काटने गई थी। इसी दौरान झुके हुए तार का ध्यान नहीं रहा और जैसे ही वह खड़ी हुईं, उनका शरीर तार से सट गया। जिस कारण तार में प्रवाहित करंट की चपेट में आने से मौके पर ही गिर कर अचेत हो गयी। इसके बाद परिजनों उसे तत्काल खूंटी सदर अस्पताल ले गये, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतका के परिवार में पति अंद्रियस होरो, एक बेटी और दो बेटे हैं। उधर, पत्नी की असमय मौत से पति गहरे सदमे में हैं, जबकि बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, ग्रामीणों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि कई बार झुके हुए तार की सूचना देने के बावजूद कोई सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की जांच और मुआवजे की मांग की है।

### अब्दुल कुदुस सदर और जेयारत बनाये गये सचिव

**रातू (आजाद सिपाही)।** अंजुमन इस्लामिया बड़का टोली मस्जिद कमेटी का पुर्नगठन बुधवार को हुआ। इस दौरान सर्वसम्मति से अब्दुल कुदुस को सदर एवं जेयारत अंसारी को सेकेट्री चुना गया। वहीं, इजराइल अंसारी को उप सदर, उप सचिव तनवीर आलम एवं सिकंदर अंसारी को खजांची बनाया गया। इसके अलावा कुर्बान अंसारी, कलीम, शमशाद, आजाद, आशिक, इंजमामूल, फैजान, शमशुल, शमीम (बिट्टू सोनू, साहिल, आफताब, जुनैद, सूफियान, मनान, ऐनुल, फिरोज को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। हाजी अब्दुल गफ्फार, अब्दुल कलाम, अलीम अंसारी, जियारत अंसारी, मुस्तफा अंसारी, बेलाल अंसारी, असगर अंसारी और निजाम अंसारी को निगरा कमेटी में रखा गया है।

### ओरमांझी काली पूजा समिति ने किया महा भंडारा का आयोजन, रामटहल ने खिचड़ी वितरित की

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** काली पूजा समिति में तीन दिनों से चल रही मां काली की पूजा का प्रतिमा विसर्जन के बाद ब्राह्मण भोज और भव्य महा भंडारा के साथ समापन हुआ। महाभंडारा का शुभारंभ रांची के पूर्व सांसद राम टहल चौधरी ने खिचड़ी वितरण के साथ किया। वहीं, पूजा-कार्यक्रम को सफल बनाने में काली पूजा समिति के मुख्य संरक्षक लालू उर्फ जय गोविंद साहू, मुख्य सलाहकार सत्य नारायण तिवारी, अध्यक्ष अजय सिंह, सचिव श्याम किशोर महतो, कोषाध्यक्ष नितेश कुमार साहू, उपाध्यक्ष शंकर गुप्ता, सोरेन सिंह, शत्रुघ्न साहू, भीम मुंडा, योगेंद्र मुंडा, नरेश महतो, दिवाकर साहू, अशोक साहू, सुंदर नायक, सुनील नायक, अनिल गुप्ता, विनय दुबे, मुखिया दीपक बड़ाइक, उप मुखिया संतोष गुप्ता, देवेन्द्र वर्मा, दुर्गा शंकर साहू आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### सतीश बड़ाईक ने वृद्धों के बीच कंबल बांटा

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** ठंड को ध्यान में रखते हुए समाजसेवी सह शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सतीश बड़ाईक ने परिवार के सदस्यों अविनाश बड़ाईक, बिमला देवी, चमरी देवी एवं प्रियंका बड़ाईक संग जगन्नाथपुर मंदिर परिसर में मौजूद असहाय, निर्धन-वृद्ध व्यक्तियों के बीच कंबल का वितरण किया। कंपल पाकर लोग बेहद खुश हुए और सतीश बड़ाई को खूब आशीर्वाद दिया।

### भारत यात्रा करने निकले साइकिलिस्ट रोशन मुंशी का नगड़ी में हुआ स्वागत




**रांची/पिस्कानगड़ी।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता मेहदांनापूर निवासी साइकिललिस्ट रोशन मुंशी विगत सात अक्टूबर से भारत भ्रमण पर निकले हैं। यात्रा के क्रम में वे बुधवार को रांची होते हुए नगड़ी पहुंचे जहां उनका स्वागत नगड़ी के होटल व्यवसायी नंद किशोर प्रजापति उर्फ बाबू भाई, सागर साहू, शहीद अंसारी, विजय महतो, मनोरंजन उरांव आदि ने किया। साथ ही संयुक्त रूप से सभी ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। साइकिल यात्री रोशन मुंशी ने बताया कि भारत विभिन्नता से भरा हुआ देश है। यहां हर कदम बदलता परिवेश और सांस्कृतिक देखने को मिलेगी। पूरे भारत वर्ष में हजारों वर्षों से एक सूत्र में बंधा आपसी प्रेम सौहार्द से रहते आया हैं। हम लोगों से भोजन को बचाने की अपील के साथ ही आवश्यकतानुसार ही जल का उपयोग करने की अपील कर रहे हैं। यही यात्रा का उद्देश्य भी है। कहा कि पेयजल को बर्बाद ना करें। हर मनुष्य को अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए लगातार योग करने के लिए जागरूक करें। रोशन मुंशी कुछ समय नगड़ी में बिताने के बाद बेड़ों की ओर निकल गये। यहां से इस दिन साइकिल से गुमला पहुंचेगें और वहीं रात्रि विश्राम करेंगे।

### बिजली चोरी करने के आरोप में पांच लोगों पर कार्रवाई

**चान्हो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र में बुधवार की दोपहर दो बजे से बिजली विभाग की टीम ने चान्हो के मूरतो में छापामारी अभियान चला कर अवैध रूप से बिजली का उपयोग कर रहे पांच लोगों के खिलाफ कार्रवाई की। जांच में घरों और दुकानों में सीधे तार जोड़कर बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। विभागीय अधिकारियों ने मौके पर ही जांच कर बिजली चोरी की पुष्टि की और संबंधित उपभोक्ताओं पर जुर्माना लगाया। लगे हाथ सभी पांच लोगों के खिलाफ चान्हो थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी। अधिकारियों ने बताया कि अवैध बिजली उपयोग के खिलाफ विशेष अभियान जारी रहेगा। चेतावनी दी है कि चोरी से बिजली का उपयोग करते पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बांधगाड़ी ऋषभ स्पोर्टिंग क्लब बना बड़ाम चैंपियन ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट का विजेता

# खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर देश-प्रदेश का नाम रोशन करें : विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** प्रखंड अंतर्गत बड़ाम पंचायत के स्कूल मैदान में दीपावली सह सोहराई जतरा के अवसर पर 4एस क्लब की ओर से आयोजित पांच दिवसीय बड़ाम चैपिंयन ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच बुधवार को खेला गया। जिसमें श्रषभ स्पोटिंग क्लब बांधगाड़ी की टीम विजेता बनी। इससे पूर्व फाइनल मैच की शुरूआत मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित खिजरी विधायक राजेश कच्छप एवं विशिष्ट अतिथि कर्नल सीके चैहान के अलावा आरा पूर्व मुखिया विजय टोप्पो, बड़ाम पूर्व मुखिया अंजु कुजूर, धमेंद्र बक्सी, सीताराम तिवारी, संतोष कुमार बड़ाईक, पंचू तिर्की, सुनील कुजूर, संजीत कुशवाहा और सुरजीत भट्टाचार्य ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया। टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल मैच शहीद बिरसा क्लब जोरार बनाम ऋषभ स्पोटिंग क्लब बांधगाड़ी के बीच खेला गया। जिसमें बांधगाड़ी की टीम पेनाल्टी शूटआउट में 1-0 से विजयी रही। जबकि दूसरा सेमीफाइनल मैच एफसी चितर कोटा क्लब बनाम बंगाली ब्रदर ब्ररांबे के बीच खेला गया। जिसमें ब्ररांबे की टीम 1-0 से विजयी रहा। जबकि फाइनल मैच सेमीफाइनल जीतने वाली दोनों ही विजता टीम ऋषभ स्पोटिंग क्लब बांधगाड़ी बनाम बंगाली ब्रदर ब्ररांबे के बीच खेला गया। जिसमें ऋषभ स्पोटिंग क्लब बांधगाड़ी की टीम 1-0 से मैच जितकर टूर्नामेंट की विजेता बनी। दूसरी ओर, बालिका वर्ग में जेएसएसपीएस खेलगांव बनाम रांची फुटबॉल क्लब मोराबादी के बीच मैच खेला गया। जिसमें जेएसएसपीएस खेलगांव की टीम 1-0 विजयी रही। बालिका वर्ग में दोनों ही टीम को शील्ड एवं नगद देकर सम्मानित किया गया। इधर, बालक वर्ग में विजेता टीम ऋषभ स्पोटिंग क्लब बांधगाड़ी को एक बड़ा शील्ड एवं दो लाख 75 हजार, उपविजेता टीम बंगाली ब्रदर ब्ररांबे को एक छोटा शील्ड एवं एक लाख 75 हजार, जबकि तृतीय स्थान एफसी चितर कोटा क्लब एवं चतुर्थ स्थान पर रही शहीद बिरसा क्लब जोरार की टीम को क्रमशः एक शील्ड एवं 30-30 हजार रुपये नगद देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विधायक राजेश कच्छप ने खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन और देश-प्रदेश का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी। टूर्नामेंट के सफल आयोजन में क्लब के अध्यक्ष जकरियस गाड़ी, बड़ाम मुखिया कृष्णा लोहरा, उपाध्यक्ष सुनील गोप, कोषाध्यक्ष शंकर नायक, सचिव पितरुष तिर्की, उपसचिव कल्याण टोप्पो, उपकोषाध्यक्ष सत्यनारायण गोप, स्तानीस बिहां, रामबृत महतो, निखिल दागल, प्रकाश गोप, सुदीप्तो चौधरी, कुणाल गोप, संदीप गोस्वामी, बंधनु टोप्पो, बजरंग गोप, अमर गोस्वामी, सिमोन गाड़ी, राम कच्छप, अर्जुन मुंडा, राजकिशोर महतो, करमा लोहरा, नंदा लकड़ा, मनोज करमाली सिद्धार्थ मुंडा का सराहनीय योगदान रहा। वहीं, मैच देर शाम खत्म होने के बाद स्कूल मैदान में भव्य जतरा का आयोजन किया गया।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 23 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in



## बेटे से विवाद के बाद 71 वृद्ध ने की आत्महत्या, पुलिस ने शुरू की जांच

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** प्रखंड के सुदूरवर्ती मैलापाठ गांव में मंगलवार की रात बेटे से विवाद के बाद 71 वर्षीय वृद्ध ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी पहचान शनिचरवा उरांव के रूप में हुई है। इसकी सूचना पाकर बुधवार को मौके पर पहुंची बिशुनपुर पुलिस ने शनिचरवा उरांव का शव उनके ही घर से रस्सी के सहारे फंदे से झूलता बरामद किया। जानकारी के अनुसार मंगलवार की देर शाम शनिचरवा उरांव और उनके पुत्र पुसा उरांव के बीच किसी घरेलू बात को लेकर तीखी नोकझोंक हो गई थी। प्रत्यक्षदर्शियों और पारिवारिक सूत्रों की मानें तो विवाद काफी बढ़ गया, जिससे शनिचरवा उरांव मानसिक रूप से बेहद आहत हुए। विवाद के कुछ देर बाद दुखी शनिचरवा उरांव अपने कमरे में चले गए और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। देर रात जब परिवार के अन्य सदस्यों ने उन्हें ढूंढने का प्रयास किया, तो घटना का पता चला। उधर, घटना की सूचना पाकर बिशुनपुर थाना प्रभारी अर्जुन यादव दलबल के साथ मैलापाठ गांव पहुंच गये। पुलिस ने रस्सी के सहारे झूलते शव को नीचे उतरवाया। इस बाबत थाना प्रभारी अर्जुन यादव ने बताया कि मृतक शनिचरवा उरांव की मौत प्रथम दृष्टया में आत्महत्या का मामला लग रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस मामले को केवल आत्महत्या मानकर नहीं चल रही है, बल्कि हर संभावित पहलू की गहन जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि परिवार के सदस्यों और आस-पास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कहीं इसके पीछे कोई और कारण तो नहीं है। हालांकि अंतिम निष्कर्ष पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पहुंचा जा सकता है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने फिलहाल यूडी केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के खोरा पंचायत अंतर्गत कठियाटोली निवासी घुडू उरांव की पत्नी मुन्नी देवी (48) ने मंगलवार की देर शाम अपने घर में साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इसकी सूचना पाकर गुमला पुलिस मौके पर पहुंची और शव बरामद कर बुधवार को पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया। पता चला है कि जिस समय महिला ने घटना को अंजाम दिया, घर में उस समय कोई नहीं था। इसी का लाभ उठाकर मुन्नी देवी ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। जब परिजन घर पहुंचे तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

## बोलेरो-बाइक की टक्कर में दो युवक घायल, हालत गंभीर



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पुटो शासन टोली गांव में बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी पहचान मकांदु, टोंगरिटोली निवासी नूरुला पवरिया और भंडरा अरको निवासी तोहिद पवरिया के रूप में हुई है। है। दोनों घायलों को ग्रामीणों और परिजनों के सहयोग से घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए दोनों को गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार दोनों युवक अपने रिश्तेदार के घर पुटो गांव बाइक से आये थे। किसी काम को लेकर दोनों बाइक पर सवार होकर घाघरा जा रहे थे। जहां विपरीत दिशा से जा रहे बोलेरो से सीधे टक्कर हो गई। इस हादसे में दोनों घायल हो गए। उधर, घटना के बाद बोलेरो चालक वाहन सहित फरार हो गया। इसकी सूचना पाकर पुलिस घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच कर घायलों का हाल चाल जाना और वारदात की जानकारी ली। इसके बाद मामला दर्ज कर जांच में जुट गयी है। इस बीच पता चला है कि बोलेरो पुटो गांव की ही है।

## छठ पूजा को लेकर साफ-सफाई और पहुंच पथ बनाने में जुटे पूजा समिति के सदस्य

**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा की तैयारियां जोर-शोर चल रही है। त्योहार को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह है। प्रखंड मुख्यालय सहित संगवरिया, गोंदा, करकोमा, हासनदाग, बाना आदि गांव के विभिन्न छठ घाटों पर तैयारियों को अंतिम रूप देने में पूजा समिति के सदस्य जुटे हैं। मेराल मुख्यालय की हृदय स्थली प्रसिद्ध मां शायर देवी धाम के समीप प्राचीन शिव मंदिर तालाब छठ घाट को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। इसी तरह नेनुआ मोड़ छठ घाट तथा सभी पहुंच पथ की साफ सफाई सनराइज फैंस क्लब के सदस्यों द्वारा किया जा रहा है। साथ ही वर नदी शिव मंदिर छठ घाट, स्टेशन रोड शिव मंदिर तालाब छठ घाट एवं संगवरिया हॉस्पिटल चौक छठ पूजा समिति द्वारा छठ घाट की मरम्मती और साफ सफाई करायी जा रही है। इसकी जानकारी देते हुए छठ पूजा समिति के अध्यक्ष डॉ लाल बहादुर साह एवं वीरेंद्र प्रसाद ने कहा कि इस वर्ष भी छठ घाट को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। छठ पर कमलेश बिहारी एवं उनकी टीम द्वारा रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस मौके पर हरे राम साह, पंचानंद विश्वकर्मा, संजय साह, डॉ आयुष गुप्ता, डॉ पियूष गुप्ता, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, सुदामा चंद्रवंशी, आदर्श गुप्ता, सूरज गुप्ता, नवीन कुमार, पवन विश्वकर्मा, लक्ष्मण साव, ब्रजेश साह आदि उपस्थित रहे।

## रंका में जेसीबी से करायी जा रही साफ-सफाई

**रंका (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर रंका अनुमंडल मुख्यालय स्थित स्थानीय पुल नदी छठ घाट परिसर में मां काली युवा संघ की ओर से जेसीबी के माध्यम से साफ सफाई कराई गई। मां काली युवा संघ की ओर से पूरे छठ घाट परिसर में साज सज्जा, साफ सफाई, सुरक्षा, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के द्वारा छठी मइया के गीतों का प्रसारण एवं प्रकाश की उचित व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया है। इस कार्य में रंकाकला के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि सह समाजसेवी राजेश कुमार मद्धेशिया, मुखिया रणजीत सोनी, मां काली युवा संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार सौंडिक, कोषाध्यक्ष मोहित कुमार चौधरी, उपाध्यक्ष राजन गुप्ता, संयोजक अविनाश पटेल आदि सक्रिय रूप से कार्यरत हैं।

# 15 वर्षों से फरार पीएलएफआइ के पूर्व सदस्य सूरज को पुलिस ने दबोचा

### हत्या, आगजनी और रंगदारी जैसे आपराधिक मामलों में रहा है लिप्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** विभिन्न घृणित आपराधिक मामलों में विगत 15 वर्षों से फरार चल रहे लाल वारंटी सूरज उर्फ सूरजन उर्फ रोहित उरांव को घाघरा पुलिस ने गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया है। वह भैंस बथान गांव का रहने वाला है। इस बाबत थानेदार पुनीत मिंज ने बताया कि सूरज उरांव पीएलएफआई का सदस्य रहते हुए कई जघन्य अपराधों में शामिल था। हत्या, रंगदारी, आगजनी और आर्म्स एक्ट जैसे कई मामले दर्ज है। थानेदार ने यह भी बताया कि मलगो ग्राम में बुद्धदेव उरांव और अनिल उरांव की जमीन विवाद में हत्या, भैंस बथान बॉक्साइट माइन्स में लेवी के लिए ट्रक जलाने, जिलिंगसिरा गांव में पुलिस बल पर फायरिंग में शामिल होने के अलावा देवाकी खपरा टोली स्थित पतरा में पुलिस राइफल बरामदगी में फरार, भैंस बथान माइंस मैनेजर रामप्रवेश यादव की गोली मारकर हत्या, ग्राम सारांगो पोखरा टोली में एतवा उरांव एवं तेम्बो उरांईन की धारदार हथियार से हत्या सहित गुमला और रायडीह थाना में दर्ज विभिन्न जघन्य कांडों में भी शामिल रह चुका है। पुलिस ने उसे मंगलवार की शाम भैंस बथान से गुप्त सूचना मिलने पर छापामारी कर गिरफ्तार किया गया।



घाघरा पुलिस की गिरफ्त में सूरज उर्फ सूरजन उर्फ रोहित उरांव।

## खड़िया समाज के युवा सशक्त समाज निर्माण और शिक्षा पर दें जोर: विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता



**बसिया।** अखिल भारतीय खड़िया महाडोकलो यूथ का तीन दिवसीय सम्मेलन नवाटोली कोनवीर स्थित संत अन्ना चर्च परिसर में आयोजित हुआ। जिसका उद्घाटन अखिल भारतीय महा ढोकला के अध्यक्ष पी कुलकांत केरकेट्टा, रजत कुमार टेटे, रतिया खड़िया सहित समाज के प्रबुद्धजनों ने किया। कार्यक्रम के दूसरे दिन बुधवार को सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाडी, सिसई विधायक जिग्गा सुसारन होरो और जिप सदस्य जोसीमा खाखा विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान सभी ने खड़िया समाज के युवाओं को सशक्त समाज निर्माण और शिक्षा सहित समेकित विकास के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में खड़िया समाज से आने वाली जिला परिषद सदस्य बसंती डुंगडुंग ने समाज के युवाओं को आय सृजन करने के उद्देश्य से सरकार की ओर से चलाये जा रहे योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए उन्हें स्वरोजगार से जुड़ने का परामर्श दिया। वहीं, समाज के मंगला कुल्लू द्वारा परिवार से समाज तक महिलाओं के उत्थान और नेतृत्व क्षमता पर अपने विचार व्यक्त किया। खड़िया युवाओं के समाज के निर्माण में योगदान के संबंध में जेवियर कॉलेज सिमड़ेगा के प्रिंसिपल रहे प्रोफेसर डॉक्टर अफ्रेम बा, खड़िया युद्ध सम्मेलन की महत्ता के बारे में प्रोफेसर डॉ चंद्र किशोर केरकेट्टा, ग्लैडसन डूंगडुंग सहित खड़िया समाज के कई वक्ताओं ने समाज के विकास पर अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर फादर सिप्रियन कुल्लू, लिबनुस टेटे, यूजीन कुल्लू, एरेनियुस केरकेट्टा, कुलभूषण डूंगडुंग, मतीयस कुल्लू, इसिदोर केरकेट्टा आदि उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के प्रदेश अध्यक्ष का तीन दिवसीय बिहार दौरा तीन नवंबर से

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार नीलेश आगामी एक नवंबर को धनबाद के प्रतिष्ठित होटल बालाजी भवन में बैठक करेंगें। इस दौरान जिले की कामकाजी बैठक में संगठन विस्तार एवं गरीब कन्या की सामूहिक विवाह जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा में भाग लेंगे। इसके अलावा दो नवंबर को बोकारो जिले के फुसरो-बेरमो में स्थित बेरमो किचन क्लासिक फैमिली रेस्टोरेंट होटल में सुबह 10 बजे राष्ट्रीय तेली साहू



महासंगठन की द्वितीय प्रदेश स्तरीय कार्यसमिति की बैठक में भाग लेंगे। फुसरो में ही रात्रि-विश्राम करेंगे। वहां से तीन से छह नवंबर तक बिहार के चुनावी दौरा के क्रम में अरवल, बांकीपुर, सासाराम, मोरबा, समस्तीपुर, हसनपुर, जमुई, गोबिंदपुर और नवादा जैसे विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में अपने स्वजातीय बंधुओं को राष्ट्रहित में शतप्रतिशत मतदान कराने एवं पूरे राज्य में विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में अपने स्वजातीय उम्मीदवारों की जीत का लक्ष्य सुनिश्चित करने की योजना को अंतिम रूप देंगे, ताकि अपने समाज का एक भी वोट छूटने न पाए। इसके बाद सात नवंबर 2025 को वापस रांची लौट आयेंगें। इसकी जानकारी राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष संजय कुमार साहू ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

### एसडीओ और एसडीपीओ ने किया छठ घाटों का दौरा

## छठ व्रतियों की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहे : एसडीओ

- लिया साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर बुधवार को अपराह्न तीन बजे सदर एसडीओ राजीव नीरज और एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव के नेतृत्व में प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने शहर के सभी प्रमुख छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने घाटों की सुरक्षा, स्वच्छता और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। छठ घाटों के निरीक्षण की शुरूआत नगाफेनी स्थित छठ घाट से की गई। जहां कुछ स्थानों को असुरक्षित पाते हुए बैरिकेडिंग लगाने का निर्देश दिया गया। इसके बाद टीम ने सिसई रोड स्थित छठ तालाब और वन तालाब सहित अन्य प्रमुख तालाबों का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों ने स्थानीय कर्मियों को निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी घाटों पर सफाई कार्य तेज किया जाए। इस दौरान जलाशयों में ब्लिचिंग पाउडर का छिड़काव अवश्य करें। इस दौरान एसडीओ राजीव नीरज ने कहा कि प्रशासन छठ व्रतियों की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है। किसी भी श्रद्धालु को असुविधा न हो इसके लिए नगर परिषद, पुलिस प्रशासन और स्वच्छता कर्मियों को संयुक्त रूप से जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने कहा कि पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी। घाटों पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी और रात में अतिरिक्त लाइटिंग की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इस मौके पर थाना प्रभारी महेंद्र करमाली सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## युवती से दुष्कर्म के आरोपी को गुमला पुलिस ने आसनसोल से किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** थाना क्षेत्र में एक युवती को नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोप में गुमला पुलिस ने पश्चिम बंगाल के आसनसोल निवासी तपन कुमार घोष को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। बातातें चलें कि पीड़िता ने इस मामले में गुमला थाना में तपन के खिलाफ दुष्कर्म करने की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पीड़िता ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि उसके घर के बगल में रहने वाली एक महिला की शादी तपन घोष से हुई थी। जिसे वह 'जीजाजी' कहकर संबोधित करती थी। आरोपी अक्सर उसे पढ़ाई-लिखाई के लिए प्रेरित करता था। ऐसा कर उसने उसका विश्वास भी जीत लिया। इसी बीच विगत छह अक्टूबर को आरोपी तपन घोष युवती के हॉस्टल के बाहर पहुंचा और फोन कर उसे बुलाया। इसके बाद उसने उसे अपनी बाइक पर बैठाकर शहर के बिंदेश होटल ले गया। वहां आरोपी ने पहले उसे खाना खिलाया और फिर कोल्ड ड्रिंक पिलाई। इसी बीच कोल्ड ड्रिंक पीते ही वह पीड़िता बेहोश हो गई। जब उसे होश आया, तो उसने खुद को होटल के कमरे में पाया और उसके साथ दुष्कर्म हो चुका था। सात अक्टूबर की सुबह आरोपी ने युवती को उसके हॉस्टल के पास छोड़ दिया और फरार हो गया। घटना के बाद पीड़िता ने साहस जुटाकर पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## 'भ्रष्टाचार विरोधी मंच' करेगा जिले में बनने वाली सड़क योजना में भ्रष्टाचार की निगरानी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट एवं झारखंड नवनिर्माण दल के नेतृत्व में चलने वाली भ्रष्टाचार विरोधी मंच जिले में विभिन्न सड़क निर्माण विभाग और संवेदक द्वारा बनाई जाने वाली सड़क की निगेहबानी करेगी। विदित हो कि जिले में खासकर सेरका से हारूप गांव होते हुए जालिम तक सड़क निर्माण के लिए झारखंड नवनिर्माण दल एवं बॉक्साइट माइन्स रैयत मजदूर समिति की ओर से ग्रामीणों से मिलकर एक सार्थक पहल की गई थी। जिस कारण सड़क निर्माण को स्वीकृति मिली और टेंडर होने के बाद सड़क का निर्माण कार्य किया जाएगा। जिले में सड़क निर्माण के नाम पर हो रही भारी गड़बड़ी एवं भ्रष्टाचार को देखते हुए पार्टी ने तय किया कि सड़क निर्माण में अनियमितता को रोकने के उद्देश्य से भ्रष्टाचार विरोधी मंच द्वारा निगरानी की जाएगी। अनियमितता बरते जाने पर सरकारी स्तर पर कार्रवाई के लिए शिकायत करते हुए आंदोलन भी चलाई जाएगी। जरूरत पड़ने पर चरम पर पहुंचे भ्रष्टाचार को रोकने के लिए हाईकोर्ट में जनहित याचिका भी दायर करने का फैसला लिया गया है। बताया गया कि जिले में सड़क निर्माण होते ही टूटने लगती है, जिससे लोकधन की लूट तो हो ही रही है, आम जनता को भी जर्जर सड़क में चलने से जान माल की क्षति होती है। इसी घटिया सड़क निर्माण को देखते हुए कड़ी कार्रवाई करने की दिशा में की जाने वाली पहल का एक हिस्सा है। बहुत जल्द भ्रष्टाचार विरोधी मंच का जिला स्तरीय बैठक की जाएगी, जिसके जरिए सभी सड़क निर्माण करने वाली विभाग से जानकारी प्राप्त करते हुए आगे की रणनीति बनाई जाएगी। उक्त जानकारी झारखंड नवनिर्माण दल मजदूर यूनियन के गुमला जिला प्रभारी शंकर उरांव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

## बिशुनपुर के टिटही में सोहराय जतरा का शुभारंभ

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के टिटही गांव स्थित चड़री टोंगरी में बुधवार को पारंपरिक सोहराय जतरा का भव्य शुभारंभ हुआ। यह जतरा लगभग 30 वर्षों बाद दोबारा आयोजित हुआ है। जिससे पूरे क्षेत्र में उल्लास और उत्सव का माहौल है। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थाना प्रभारी अर्जुन कुमार यादव, बिशुनपुर विकास भारती के महेंद्र भगत, विजय कल्याण पदाधिकारी गणेश राम महतो, हेलता मुखिया सुशील मुंडा और उप प्रमुख चंदन कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान जतरा स्थल पर पारंपरिक उत्सव



की झलक देखने को मिली। कुल 20 खोड़ा दलों ने अपने-अपने ढोल-नगाड़ों की गूंज और पारंपरिक नृत्य के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। प्रत्येक दल ने अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। महिलाएं, पुरुष और बच्चे सभी रंग-बिरंगे परिधानों में नाच-गान में शामिल हुए। पूरे दिन वातावरण में ढोल की थाप, गीत और उत्सव की ऊर्जा बनी रही। अंत में सभी खोड़ा दलों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं, ग्रामीणों ने इस आयोजन को हर साल मनाने की मांग की, ताकि आदिवासी संस्कृति, एकता और परंपरा को निरंतर प्रोत्साहन मिल सके।

## मिशन बदलाव के सदस्यों ने जरूरतमंदों के लिए रक्तदान कर दिखायी मानवता

**गुमला (आजाद सिपाही)।** मिशन बदलाव के सदस्यों ने जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए रक्तदान कर मानवता की मिशाल पेश की। संस्था के शुभम सिंह और रक्तदान प्रभारी सुशील इंदवार ने बताया की पालकोट (ढोलवीर) एवं गुमला के कालरा सोरेंग की महिला अनीता सेवा सदन अस्पताल में भर्ती हैं, जिनके बच्चेदानी का ऑपरेशन होना था। इसके लिए तीन यूनिट रक्त की जरूरत थी। परिजनों ने कई लोगों से खून देने की अपील की, लेकिन त्योहार



होने के कारण किसी ने रक्तदान में रुचि नहीं दिखाई। ऐसी परिस्थिति में सुभम सिंह ने मानवता का परिचय देते हुए तुरंत अस्पताल जाकर रक्तदान किया। सुभम सिंह ने कहा कि उसके जीवन का सबसे बड़ा पर्व आज का दिन था, क्योंकि उसकी वजह से किसी की जान बच सकी और उसके चेहरे पर मुस्कान आयी। मिशन बदलाव के रक्तदान प्रभारी ने कहा कि टीबी मरीज को रक्त की अत्यंत आवश्यकता थी। जिसको ध्यान में रखते हुए तुरंत रक्तदान किया। सुशील ने अपील की कि युवाओं को नशा से बचना चाहिए और लोगों के जीवन को बचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए।

## ट्रैक्टर पलटने से दबकर चालक की हुई मौत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के जोराग रोड में ट्रैक्टर पलटने से उसके नीचे दबकर 22 वर्षीय एक युवक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान अभिनव कुजूर के रूप में हुई है। वह बरिसा के आनंदपुर का रहने वाला था। घटना बुधवार की शाम चार बजे की बतायी जा रही है। जानकारी के मुताबिक ट्रैक्टर चालक जोराग रोड की ओर किसी काम से जा रहा था तभी अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे गड्ढे में पलट गया। इससे ट्रैक्टर का स्टेरिंग चालक की छाती में आकर दब गया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से ट्रैक्टर को सीधा कर अभिनव को बाहर निकाला गया। लगे हाथ इसकी सूचना गुमला थाने को दी गयी। खबर पाते ही कुछ देर बाद पुलिस मौके पर पहुंच गयी। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने चालक को सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर असीम मिंज ने जांच के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक अभिनव पुग्गू निवासी चुयु नामक व्यक्ति का ट्रैक्टर चलाता था। उधर, घटना के बाद पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है। साथ ही मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सदर अस्पताल में गर्भाशय का सफल ऑपरेशन

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** सदर अस्पताल में डॉ संजीव कुमार प्रसाद, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ द्वारा बुधवार को 50 वर्षीय मिनहाज बीबी, पति नसीम खान, निवासी हुसैनाबाद, थाना जपला, जिला पलामू का बच्चेदानी निकालने का ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया। इस संबंध में डॉ संजीव कुमार ने बताया कि मरीज पिछले एक वर्ष से बच्चेदानी बाहर आने की समस्या से अत्यंत परेशान थीं। उन्हें पेशाब करने में कठिनाई होती थी और कई जगह से उपचार की सलाह भी ली थी। सदर अस्पताल में बेहतर रुप से निःशुल्क ऑपरेशन की जानकारी मिलने के बाद अंततः वह अपने कलाली बगान में रहने वाले दामाद के सुझाव पर सदर अस्पताल पहुंचीं और डॉ संजीव कुमार से परामर्श लिया। जांच के उपरांत उन्हें ऑपरेशन की सलाह दी गयी तथा 22 अक्टूबर 2025 को उनका ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। ऑपरेशन टीम में निश्चेतक विशेषज्ञ डॉ राजकुमार सिंह, ओटी असिस्टेंट श्री मदुसूदन मरांडी तथा स्टाफ नर्स सिस्टर क्रिस्टीना क्लेप्सन का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। डॉ संजीव ने बताया कि ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति संपूर्ण रूप से सामान्य है और वे स्वास्थ्य लाभ की अवस्था में हैं। साथ ही बताया कि इस ऑपरेशन की यह एक सुरक्षित और प्रभावी प्रक्रिया है, जिससे गर्भाशय बाहर आने जैसी समस्या से महिलाओं को स्थायी राहत मिलती है।

# सीआइएसएफ और पुलिस ने कोयला खदान के अवैध मुहाने को किया बंद

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास।** कोयला चोरी और अवैध खनन पर लगाम लगाने के उद्देश्य से बीसीसीएल एरिया 3 की सीआइएसएफ और स्थानीय पुलिस ने बुधवार को संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चला कर सोनारडीह ओपी क्षेत्र के भागा बस्ती के समीप एक सक्रिय अवैध कोयला मुहाने को चिन्हित कर बंद कराया।

सूत्रों के अनुसार, सीआइएसएफ को लंबे समय से इस क्षेत्र में अवैध खनन की सूचना मिल रही थी। इसलिए सीआइएसएफ और सोनारडीह पुलिस की टीम ने उक्त क्षेत्र में छापेमारी की और अवैध रूप से संचालित किये जा रहे कोयला मुहाने की पहचान की। तत्पश्चात खदान को पूरी तरह से मिट्टी और पत्थरों से भरकर बंद कर दिया गया। संयुक्त कार्रवाई से अवैध खनन में शामिल गिरोह के बीच हड़कंप मच गया है। इस कार्रवाई को लेकर क्षेत्र में चर्चा है कि यदि इसी तरह की नियमित और सख्त कार्रवाई होती रही, तो अवैध कोयला कारोबार पर अंकुश लगाना संभव हो जायेगा।

# बीएसएल प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए दे रहा है निःशुल्क कोचिंग सुविधा

आजाद सिपाही संवाददाता




**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र अपने परिधीय क्षेत्रों के स्थानीय एवं विस्थापित समुदायों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करते हुए कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत महेन्द्रा एजुकेशन प्रालि के साथ किये गये समझौते के अंतर्गत बोकारो के आसपास के क्षेत्रों के 300 युवाओं को बैंक, एसएससी, रेलवे सहित विभिन्न सरकारी सेवाओं एवं प्रतिष्ठित निजी संस्थानों में रोजगार प्राप्ति हेतु निःशुल्क कोचिंग प्रदान कर रहा है। अब तक इस कार्यक्रम के तहत तीन बैचों का संचालन प्रारंभ हो चुका है, जिनमें परिधीय क्षेत्रों के कुल 100 विद्यार्थी शामिल हैं। इनमें 24 महिला अभ्यर्थियों की सहभागिता इस पहल को और भी सशक्त बना रही है। आने वाले समय में और भी नये बैच प्रारंभ किये जाने हैं। यह कोचिंग पूरी तरह निःशुल्क है, जिसमें छह माह की अवधि में पाठ्यक्रम पूरा कराया जा रहा है। सप्ताह में छह दिन ऑफलाइन या ऑनलाइन मोड में कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। साथ ही, छात्रों को निःशुल्क अध्ययन सामग्री, वाई-फाई सुविधा से युक्त आधुनिक अध्ययन कक्ष, नियमित मॉक टेस्ट तथा मेंटॉरशिप सपोर्ट जैसी सभी आवश्यक शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं। बीएसएल का यह प्रयास विस्थापित युवाओं के लिए अत्यंत लाभकारी है, जो उन्हें जीवन में स्थिरता, आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास की दिशा में अग्रसर करने में सहायक है। गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण और मार्गदर्शन के माध्यम से बोकारो इस्पात संयंत्र के परिधीय क्षेत्रों के युवा प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर एक उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकेंगे। नामांकन से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं अन्य विवरण हेतु इच्छुक विद्यार्थी बीएसएल के सीएसआर विभाग अथवा महेन्द्रा एजुकेशन प्रालि की स्थानीय शाखा से संपर्क कर सकते हैं।

# आंगनबाड़ी केंद्र में स्वास्थ्य और जागरूकता शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट और भारतीय स्टेट बैंक के संयुक्त प्रयास से बुधवार को नूतनडीह के आंगनबाड़ी केंद्र में बुधवार को एक विशेष स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य शहरी क्षेत्र से दूर रहने वाले बच्चों, युवाओं और परिवारों को स्वास्थ्य सेवाओं और जागरूकता से जोड़ना था। इस शिविर में लोगों के लिए फिजियोथेरेपी ऑक्युपेशनल थैरेपी क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट द्वारा परामर्श समेत अन्य स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करायी जायेगी। इस पहल के अंतर्गत गरीबी रेखा से नीचे परिवारों के लोगों को निःशुल्क इलाज और परामर्श दिया गया। अब धनबाद के लोगों को इलाज के लिए अन्य शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी–सारी सेवाएं धनबाद में ही उपलब्ध होंगी। इस शिविर में कई वरिष्ठ शिक्षकों, थैरेपिस्टों और हमारे सेवा भागीदार इंडियन थेरेपी सेंटर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और बच्चे शामिल हुए और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी परामर्श एवं थैरेपी सेवाओं का लाभ मिला। इस कार्यक्रम के माध्यम से धनबाद में स्वास्थ्य और जागरूकता की एक नयी लहर आयी है। यह पहल विशेष रूप से मध्यमवर्ग और गरीब परिवारों के लिए राहत लेकर आई है। यह शिविर नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट, एसबीआई और आईटीसी के संयुक्त प्रयास से समाज को स्वास्थ्य एवं जागरूकता के क्षेत्र में एक नयी दिशा देने का प्रयास है।

# गोवर्धन पूजा महोत्सव में यदुवंशियों का महाजुटान

**गोवर्धन पूजा प्रकृति और समाज के प्रति आस्था का प्रतीक : मनोज कुमार यादव**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** सेक्टर 4 एफ सूर्य मंदिर के समीप लालू मैदान में गोवर्धन पूजा के अवसर पर श्री कृष्णा गोवर्धन पूजा आयोजन समिति की ओर से भव्य महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें यदुवंशी समाज के लोगों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि गोवर्धन पूजा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि यह प्रकृति और समाज के प्रति आस्था का प्रतीक है। भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की कथा हमें सामूहिकता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती है। झामुमो महानगर अध्यक्ष मंटू यादव ने कहा कि यह पर्व हमें धरती, जल और पर्यावरण संसाधनों के महत्व का स्मरण कराता है। वहीं, राजद जिला अध्यक्ष बुद्ध नारायण यादव ने कहा कि श्रीकृष्ण ने यह सिखाया कि सामाजिक एकजुटता ही समाज की असली ताकत है और हमें सामूहिक प्रयासों से अपनी रक्षा करनी चाहिए। इस अवसर पर गौ पूजा, दंगल और पशु समागम का आयोजन हुआ, जिसमें विजेताओं को मेडल, पीतल की बाल्टी और नगद पुरस्कार प्रदान किये गये। महोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भक्ति और उत्साह का वातावरण बना दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बहादुर गोप ने और संचालन जितेंद्र यादव ने किया।

मौके पर योगेंद्र यादव, बुद्ध नारायण यादव, गजेंद्र प्रसाद हिमांशु, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष भरत यादव, सदानंद गोप, सविता गोप, अशोक यादव, अवधेश यादव, रामजीत यादव, राज विजय यादव, गोपेश्वर यादव, पूनम यादव, सुदामा यादव समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु, जनप्रतिनिधि और समाजसेवी मौजूद रहे।

# डीसी, एसएसपी और झरिया विधायक ने ऐतिहासिक राजा तालाब का किया निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** लोक आस्था का महापर्व छठ पर्व को लेकर धनबाद उपायुक्त आदित्य रंजन, धनबाद एसएसपी प्रभात कुमार ओर झरिया विधायक रागिनी सिंह ने झरिया के ऐतिहासिक राजा तालाब का निरीक्षण किया। धनबाद उपायुक्त ने सभी कर्मियों को निर्देश दिया कि हरहाल में पूजा से पहले साफ-सफाई, जमीन का समतलीकरण हो जाना चाहिए। जो भी कचरा नदी व तालाब में जमा होगा, उसे तुरंत हटायें। लाइटिंग की भी व्यवस्था दुरुस्त की जाये। झरिया विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि आस्था का पर्व छठ पूजा है। इसलिए प्रत्येक छठ घाट का जायजा लिया जा रहा है। पर्व में कहीं कोई दिक्कत किसी व्रती को ना झेलना पड़े, इसका ख्याल रखा जा रहा है। सुरक्षा को लेकर धनबाद उपायुक्त से मांग की गयी है। छठ के दौरान राजा तालाब में पुल ओर गहरे पानी में बैरिकेडिंग की व्यवस्था श्रद्धालु, विशेषकर बच्चे, गहरे पानी में जाने से रोकने और किसी भी दुर्घटना से बचने के लिए की गयी है, खासकर बच्चों और बुजुर्गों के लिए। इसका मुख्य उद्देश्य डूबने से बचाव है, ताकि छठ पूजा के दौरान कोई हादसा न हो। निरीक्षण के दौरान धनबाद एसडीएम राजेश कुमार, सिंदरी डीएसपी आशुतोष कुमार सत्यम, जोरापोखर सर्किल इंस्पेक्टर आशुतोष कुमार, झरिया थाना प्रभारी शशि रंजन कुमार, बोरागढ़ ओपी प्रभारी निरंजन कुमार सिंह सहित पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

## गिरिडीह में शुरू हुई सूर्यदेव की आराधना



**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** गिरिडीह में छठ पूजा की तैयारियां जोरों पर हैं। दिवाली के बाद से ही महिलाएं गेहूं धोने और चावल चुनने की परंपरा के साथ इस पर्व की विधिवत शुरूआत कर चुकी हैं। इस वर्ष छठ पूजा 25 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक मनायी जायेगी, जिसमें 36 घंटे का निर्जला व्रत रखा जायेगा। शालिनी बैसखियार के मेट्रोस गली स्थित आवासीय परिसर में सूर्यदेव की भव्य प्रतिमा स्थापित की जा रही है, जिसकी पूजा-अर्चना चार दिनों तक चलेगी और पारण के दिन शाम को विसर्जन किया जायेगा। छठ पूजा सूर्य देव और छठी माई को समर्पित है, जो परिवार के सुख-समृद्धि और संतानों की दीघार्यु के लिए किया जाता है। इस पर्व में महिलाएं पूरे उत्साह और भक्तिभाव के साथ व्रत की तैयारियां आरंभ करती हैं, और घर-आंगन में पवित्रता और भक्ति का वातावरण बना रहता है।

## सीसीएस नियमावली एवं वार्षिक संपत्ति विवरण विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बुधवार को सीएसआइआर - सिंफर, बरवा रोड परिसर, धनबाद में सीसीएस (आचरण) नियमावली, 1964 सीसीएस (सीसीए) नियमावली, 1965 एवं वार्षिक संपत्ति विवरण विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सिद्धार्थ दे, प्रशासन नियंत्रक के नेतृत्व में चंद्रेश कुमार एवं श्री आमोद कुमार, अनुभाग अधिकारी द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक कुमार राहुल, उपसचिव, सीएसआईआर मुख्यालय, नयी दिल्ली ने विस्तृत रूप से उक्त विषय पर अपनी जानकारी प्रदान की। सीसीएस (आचरण) नियमावली, 1964 के तहत किन बातों पर विशेष ध्यान रखनी चाहिए एवं किन बातों से बचना चाहिए के संबंध में भी सरल शब्दों में उदाहरण सहित जानकारी प्रदान की गयी। सीसीएस (सीसीए) नियमावली, 1965 एवं वार्षिक संपत्ति विवरण से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर अपना ज्ञान कार्मिकों के बीच साझा किया। जिसमे उन्होनें अनुशासनात्मक कार्यवाही एवं वार्षिक संपत्ति विवरण के संबंध में विस्तार पूर्वक बताया। कार्यक्रम का संचालन सुनील कुमार, अनुभाग अधिकारी (सा.) द्वारा किया गया।

## बाघमारा में अवैध जुआ का बोलबाला

**बाघमारा (आजाद सिपाही)।** बाघमारा थाना क्षेत्र के चर्चित छठ तालाब के समीप अवैध जुआ का कारोबार जोरों पर है। सूत्रों के अनुसार, यह गैरकानूनी गतिविधि पूर्व मुखिया और वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि की देखरेख में संचालित हो रही है। '3 पत्ती' नामक इस जुआ गेम में रोजाना सिंडिकेट द्वारा लाखों रुपये की कमाई की जा रही है, जबकि दर्जनों स्थानीय लोग इसमें फंसकर अपनी जिंदगी बर्बाद कर रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि छठ तालाब के आसपास यह जुआ अड्डा पिछले कई दिनों से चल रहा है। रोजाना दर्जनों लोग यहां जुआ खेलने आते हैं, जहां 'नाल' (जुआ की एक शब्दावली) उठाने वाले सिंडिकेट सदस्य बड़े पैमाने पर पैसे ऐंठते हैं। कई परिवारों ने शिकायत की है कि उनके सदस्य जुआ की लत में पड़कर आर्थिक रूप से तबाह हो चुके हैं, जिससे घरेलू हिंसा और गरीबी की समस्या बढ़ गयी है।

# छह साल से आवास के लिए भटक रही महिला

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** पूर्वी टुंडी प्रखंड के सिंगरायडीह गांव की पार्वती देवी की जिंदगी आज भी बुनियादी जरूरतों के लिए जद्दोजहद से भरी हुई है। छह साल पहले पति का निधन, विकलांग दो बच्चों की जिम्मेदारी और अब सिर पर छत तक नहीं–यह कहानी है उस महिला की, जो हर दिन अपने हौसले से जीवन की लड़ाई लड़ रही है। पार्वती देवी एक आदिवासी विधवा हैं, जो स्कूल में खाना बनाकर अपने तीन बच्चों का पेट पालती हैं। इनमें एक बेटा नेत्रहीन है और दूसरा बोलने और चलने में असमर्थ। उनके पास न रहने के लिए घर है, न ही पर्याप्त आमदनी। जिस झोपड़ी में वह कभी रहा करती थीं, वह अब पूरी तरह ढह चुकी है। बीते छह वर्षों से वह अपने भाई के घर में किसी तरह रह रही थीं, लेकिन अब वहां से भी निकलने को मजबूर कर दी गयी हैं।

**हम कहां जाएं :** पार्वती देवी की आंखें बार-बार यही सवाल करती हैं। वे कहती हैं, हमने कई बार सरकारी आवास के लिए आवेदन दिया, लेकिन हर बार बस आश्वासन ही मिला। बच्चों के साथ दर-दर भटकना अब असहनीय हो गया है। उन्होंने बताया कि उनके पति छोटका किस्कू की मौत के वक्त उनका नाम प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में दर्ज था, लेकिन आर्थिक तंगी और इलाज के खर्च के कारण वह उस समय योजना का लाभ नहीं ले सकीं। अब जब वे बार-बार ब्लॉक और जिले के कार्यालयों के चक्कर काट रही हैं, तब भी कोई ठोस समाधान नहीं मिला है। उनके बेटे हेमंत किस्कू, जो दिव्यांग हैं, बोल भी ठीक से नहीं पाते। वह बड़ी मासूमियत से कहते हैं, अगर हमें एक घर मिल जाये तो हम बहुत खुश होंगे।

### राशन नहीं, छत नहीं—फिर कैसे जियें?

पार्वती देवी को आज तक सरकारी राशन नहीं मिला। उनका कहना है कि उनके बच्चों को कभी-कभी स्कूल से मिलने वाला अनाज ही उनका सहारा है। हालांकि, उन्हें विधवा पेंशन मिलती है, लेकिन उससे न तो घर बन सकता है और न ही बच्चों की जरूरी देखभाल हो सकती है। स्थानीय निवासी दामोदर किस्कू कहते हैं, ‘पार्वती की स्थिति बेहद खराब है। सरकार को इस पर तुरंत ध्यान देना चाहिए। उनके पास जमीन है, बस एक घर की जरूरत है। एक छत उनकी जिंदगी को थोड़ा सुकून दे सकती है।

### प्रशासन ने दिया आश्वासन

पूर्वी टुंडी प्रखंड के प्रभारी बीडीओ विशाल कुमार पांडे ने कहा कि जब भी अगली बार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रक्रिया शुरू होगी, पार्वती देवी का नाम प्राथमिकता सूची में रखा जायेगा। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि एक-दो दिनों में उन्हें सरकारी राशन भी उपलब्ध कराया जायेगा। लेकिन सवाल यह है—क्या तब तक पार्वती देवी और उनके दिव्यांग बच्चे खुले आसमान तले यूं ही रातें बिताते रहेंगे? एक अपील, एक उम्मीद यह केवल एक महिला की कहानी नहीं, बल्कि उस तंत्र का आईना है, जहां जरूरतमंदों को सालों तक अपने हक के लिए लड़ना पड़ता है। पार्वती देवी को सिर्फ एक पक्की छत चाहिए—सरकार से, समाज से, व्यवस्था से। क्या यह बहुत बड़ी मांग है?

# बोकारो में छठ महापर्व की तैयारियां अंतिम चरण में



दीपक कुमार

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में छठ महापर्व को लेकर आवश्यक तैयारियां अंतिम चरण में हैं। एक ओर जहां जिला प्रशासन और बोकारो स्टील प्रबंधन मिलकर घाटों की साफ-सफाई, सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे रहे हैं। वहीं , दूसरी ओर व्रती एवं श्रद्धालु भी छठ व्रत को लेकर अपनी तैयारियों में लगे हुए हैं। महापर्व की शुरूआत 25 अक्टूबर को नहाय-खाय से होगी और यह 28 अक्टूबर को उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य (उषा अर्घ्य) देने के साथ संपन्न होगा। इसे देखते हुए बोकारो स्टील प्रबंधन ने शहर के विभिन्न छठ घाटों की साफ-सफाई का काम शुरू कर दिया है। इसके अलावा जिला प्रशासन ने भी चास नगर निगम को छठ घाटों की सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। प्रशासन ने सुरक्षा के लिए कई इंतजाम किये हैं। घाटों पर पानी में रस्सी और बांस-बल्ले लगाकर खतरनाक इलाकों को चिह्नित किया जा रहा है, साथ ही गोताखोरों की तैनाती की भी योजना है। जानकारी के अनुसार छठ महाव्रत को लेकर बोकारो नगर, चास और चंदनक्यारी में कुल 48 छठ घाटों को मुख्य रूप से चिन्हित किया गया है। इनमें 7 ऐसे घाट हैं जहां गहरा पानी है या पानी का तेज बहाव है। इन घाटों पर गोताखोरों की टीम लगायी जायेगी। बाकी 41 छठ घाटों पर गोताखोर तो नहीं रहेंगे लेकिन दंडाधिकारी और पुलिसकर्मी अवश्य मौजूद होंगे। इन सब की निगरानी जिला नियंत्रण कक्ष से होगी। व्रतियों की सुविधा के लिए घाटों पर रोशनी का इंतजाम किया जा रहा है तथा स्थलों को समतल कर मोरम डालने का काम भी हो रहा है। इस कार्य में कई स्वयंसेवी संस्थाएं भी बढ़ चढकर आगे आ रही हैं। कई छठ घाटों पर मिट्टी और सीमेंट से पक्के घाट बनाने का काम चल रहा है, कुछ जगहों पर श्रद्धालु भी अपने-अपने घाट बना रहे हैं। महापर्व की तैयारियों की समीक्षा के लिए उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक द्वारा अधिकारियों के साथ बैठकें भी की गई हैं।

# बोकारो डीसी ने बेरमो के छठ घाटों का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** बेरमो अनुमंडल क्षेत्र के हिन्दुस्तान पुल छठ घाट एवं करगली फिल्टर छठ घाट का बुधवार को उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि छठ पर्व नेम-निष्ठा, स्वच्छता और पवित्रता का प्रतीक है तथा प्रशासन का उद्देश्य है कि श्रद्धालुओं को इस पर्व के दौरान सुविधाजनक और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जाये।

उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) एवं बीडीओ/ सीओ को निर्देश दिया कि दोनों प्रमुख घाटों पर स्थायी छठ घाट निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार कर जिला को भेजें। उन्होंने कहा कि आगामी वर्ष छठ पर्व से पूर्व घाट का स्थायी निर्माण कार्य सुनिश्चित किया जाये, जिससे व्रतियों और श्रद्धालुओं को दीर्घकालीन सुविधा प्राप्त हो। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि छठ पर्व से पूर्व घाटों की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था एवं सजावट की पूरी तैयारी की जाये। उन्होंने कहा कि वॉलंटियर्स की प्रतिनियुक्ति, पुल और घाट क्षेत्र की रोशनी और सजावट तथा सुरक्षा की सुदृढ़ व्यवस्था सुनिश्चित की जाये ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कहा कि छठ पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि लोक आस्था और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आपकी भक्ति एवं श्रद्धा में हमारी आस्था है। प्रशासन पूर्ण निष्ठा के साथ यह सुनिश्चित करेगा कि श्रद्धालु स्वच्छ, सुरक्षित और पवित्र वातावरण में व्रत एवं पूजा-अर्चना संपन्न कर सकें। उन्होंने स्थानीय पब्लिक सेक्टर यूनिट एवं स्वयंसेवी संस्थाओं और पूजा समितियों से अपील की कि वे छठ पर्व की तैयारी में प्रशासन का सहयोग करें। उपायुक्त ने सभी पीएसयू - छठ पूजा समितियों को अपने क्षेत्र अंतर्गत प्रतिनियुक्ति वॉलिंटियर्स को परिचय पत्र देने का निर्देश दिया। वहीं, तेनुघाट डैम प्रमंडल पदाधिकारियों के साथ एसडीओ बेरमो को पानी छोड़ने वाले बिंदु पर बैठक करने का निर्देश दिया। मौके पर एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ, बीडीओ बेरमो मुकेश कुमार, सीओ बेरमो संजीत कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, सीसीएल करगली - ढ़ोरी के प्रतिनिधि समेत विभिन्न पूजा समितियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## देशव्यापी विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर हुआ मंथन

# 2026 में चुनाव होने वाले राज्यों में पहले होगा एसआइआर

- अगले वर्ष पश्चिम बंगाल, असम, केरल, पुद्दुचेरी और तमिलनाडु में होना है चुनाव




आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** देशव्यापी विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर चुनाव आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मुलाकात की है। इस बैठक में आगामी चुनावों से पहले मतदाता सूचियों को दुरुस्त करने और देशव्यापी एसआइआर पर योजना को अंतिम रूप देने पर मंथन हुआ।

एसआइआर का मुख्य उद्देश्य पुराने और गलत रिकॉर्ड हटाकर मतदाता सूची को अद्यतन करना है। इसमें खासतौर पर अवैध विदेशी प्रवासियों के नामों की पहचान और उन्हें सूची से हटाने पर जोर दिया जायेगा। आयोग इस बार यह अभियान चरणबद्ध तरीके से शुरू करने पर विचार कर रहा है।

**किन राज्यों में पहले चलेगा अभियान :** चुनाव आयोग की योजना है कि एसआइआर की शुरुआत उन राज्यों से की जाये जहां 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। इन राज्यों में असम, केरल, पुद्दुचेरी, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल शामिल है। इनके अलावा कुछ और राज्यों को भी पहले चरण में शामिल किया जा सकता है। वहीं जिन राज्यों में फिलहाल स्थानीय निकाय चुनाव चल रहे हैं या होने वाले हैं, वहां यह अभियान बाद में शुरू होगा ताकि स्थानीय चुनावी मशीनरी पर अतिरिक्त दबाव न पड़े।

### पुरानी मतदाता सूची बनेगी आधार

हर राज्य में पिछली बार हुए एसाआइआर के रिकॉर्ड को इस बार के अभियान का आधार बनाया जायेगा। जैसे, बिहार में आखिरी एसआइआर 2003 में हुआ था और हाल ही में वहां 7.42 करोड़ मतदाताओं की अंतिम सूची 30 सितंबर को प्रकाशित की गयी। दिल्ली में आखिरी बार गहन पुनरीक्षण 2008 में हुआ था। जबकि उत्तराखंड में 2006 में। वहीं, ज्यादातर राज्यों में पिछली एसआइआर 2002 से 2004 के बीच करायी गयी थी। अब राज्यों ने मौजूदा मतदाताओं का मिलान उस पुरानी सूची से लगभग पूरा कर लिया है।

## एआइ कंटेंट पर अब लगेगा लेबल

# डीपफेक पर लगाम को लेकर आइटी नियमों में संशोधन का प्रस्ताव पेश




आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने डीपफेक और एआइ-जेनरेटेड फर्जी कंटेंट से होने वाले नुकसान को रोकने के लिए आइटी नियमों में बदलाव का प्रस्ताव पेश किया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा तैयार किये गये इस मसौदे में कहा गया है कि अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को एआइ या सिंथेटिक कंटेंट को स्पष्ट रूप से चिन्हित करना होगा, ताकि यूजर असली और नकली सामग्री में फर्क कर सकें।

### क्या हैं नये नियमों के प्रमुख प्रावधान

प्रस्तावित संशोधन के अनुसार, फेसबुक, इंस्टाग्राम और एक्स (पूर्व में ट्विटर) जैसे बड़े सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को यह सुनिश्चित करना होगा कि यदि कोई कंटेंट एआइ या कंप्यूटर-जनित है, तो उस पर लेबल या मार्कर लगाया जाये। यह लेबल विजुअल कंटेंट में कम से कम 10 फीसदी हिस्से पर दिखाई देना चाहिए, जबकि ऑडियो में शुरुआती 10 फीसदी अवधि तक सुनाई देना जरूरी होगा। साथ ही प्लेटफॉर्म को यह भी जांच करनी होगी कि यूजर द्वारा अपलोड किया गया कंटेंट असली है या सिंथेटिक। इसके लिए तकनीकी उपाय अपनाने और यूजर से डिक्लेरेशन लेना अनिवार्य होगा।

### डीपफेक से बढ़ रहा खतरा

मंत्रालय ने कहा कि हाल के महीनों में डीपफेक ऑडियो और वीडियो तेजी से वायरल हुए हैं, जिनसे गलत जानकारी फैलाने, राजनीतिक छवि बिगाड़ने, धोखाधड़ी करने और लोगों की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के मामले सामने आये हैं। वैश्विक स्तर पर भी डीपफेक तकनीक को लेकर चिंता बढ़ी है, क्योंकि यह तकनीक असली लगने वाले झूठे वीडियो और फोटो बनाकर समाज में भ्रम फैलाने में सक्षम है।

### फीडबैक के लिए खुला है मसौदा

आइटी मंत्रालय ने इस ड्राफ्ट पर जनता और विशेषज्ञों से 6 नवंबर 2025 तक सुझाव और टिप्पणियां मांगी हैं। सरकार का कहना है कि इन बदलावों का उद्देश्य यूजरों को जागरूक बनाना, फेक कंटेंट पर अंकुश लगाना और साथ ही एआइ इनोवेशन के लिए एक सुरक्षित वातावरण तैयार करना है।

# ट्रंप के साथ वार्ता स्थगित, पुतिन ने रूसी परमाणु बलों को दिया तैयारी का आदेश



एजेंसी

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को देश की रणनीतिक परमाणु सेनाओं के बड़े युद्धाभ्यास का आदेश दिया है। इसमें मिसाइल प्रक्षेपण का अभ्यास भी शामिल है। यह कदम ऐसे समय पर आया, जब यूक्रेन पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ प्रस्तावित शिखर बैठक को टाल दिया गया।

**तीनों विभागों ने किया परमाणु अभ्यास :** क्रेमलिन के मुताबिक इस अभ्यास में रूस की संपूर्ण परमाणु त्रयी (थल, जल और वायु आधारित परमाणु क्षमता) शामिल रही। इसके अनुसार थल से- आरएस-24 यार्स अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल को रूस के उत्तर-पश्चिमी इलाके में स्थित प्लेसेत्स्क लांच केंद्र से दागा गया। जल से- आर -29आरएमयू सिनेवा आइसीबीएम को बारेंट्स सागर में तैनात पनडुब्बी से छोड़ा गया। आसमान से- टुपोलेव टीयू-95 बमवर्षक विमानों ने लंबी दूरी की क्रूज मिसाइलें दागीं।

**बैठक को लेकर पुतिन-ट्रंप का बयान :** क्रेमलिन के बयान में कहा गया कि इस अभ्यास के जरिये सैन्य कमान की तैयारियों और परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की अनुमति की प्रक्रिया का परीक्षण किया गया। रूस के जनरल स्टाफ के प्रमुख जनरल वैलेरी गेरेसिमोव ने वीडियो लिंक के जरिये पुतिन को रिपोर्ट दी। पुतिन ने कहा कि यह अभ्यास पहले से तय था, लेकिन इसका समय ट्रंप के एलान के कुछ घंटों बाद आया। ट्रंप ने मंगलवार को कहा था कि वह हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में पुतिन से जल्दी बैठक नहीं करना चाहते क्योंकि यह समय की बर्बादी होगी।

**मार्को रुबियो और सर्गेई लावरोव के बीच बातचीत :** इससे पहले अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो और रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के बीच बातचीत हुई थी। लावरोव ने साफ कर दिया था कि रूस यूक्रेन में तत्काल युद्धविराम के पक्ष में नहीं है।

### शिखर बैठक के तैयारी जरूरी: क्रेमलिन

बुधवार को क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि दोनों देशों के बीच शिखर बैठक तभी होगी, जब पूरी तैयारी हो। उन्होंने कहा, कोई भी अपना समय व्यर्थ नहीं करना चाहता, न राष्ट्रपति ट्रंप और न ही राष्ट्रपति पुतिन। दोनों नेता प्रभावी ढंग से काम करने के आदी हैं और इसके लिए अच्छी तैयारी जरूरी होती है।

### बंगाल में एसआइआर से पहले एक हजार बीएलओ को चुनाव आयोग के नोटिस

**कोलकाता (आजाद सिपाही)।** पश्चिम बंगाल में चुनाव संबंधी निर्देशों का पालन न करने के आरोप में करीब एक हजार बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) को कारण बताओ नोटिस जारी किये गये हैं। यह कार्रवाई जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के तहत की गयी है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि संबंधित सभी बीएलओ ने निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (इआरओ) की बार-बार अपील के बावजूद इआरओ-नेट पोर्टल पर अपने नाम दर्ज नहीं कराये थे। इसी को आधार बनाते हुए नोटिस जारी किये गये हैं। अधिकारी ने कहा, नोटिस में कहा गया है कि ऐसा न करना जानबूझ कर की गयी लापरवाही और कर्तव्य की गंभीर उपेक्षा है, जो जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 32 के उल्लंघन के बराबर है। इस धारा के तहत निर्वाचन कार्य में नियुक्त सभी अधिकारियों को चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है। अधिकारी ने बताया कि तय समय सीमा के भीतर जवाब न देने की स्थिति में यह माना जायेगा कि संबंधित अधिकारी के पास कोई वैध कारण नहीं है, और फिर विभागीय नियमों के तहत कार्रवाई की जायेगी।

# मेहुल चोकसी के प्रत्यर्पण पर भारत ने कसी कमर

- बेल्जियम कोर्ट में आर्थर रोड जेल की तस्वीरें पेश कीं

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत ने बेल्जियम की अदालत में मेहुल चोकसी के प्रत्यर्पण मामले में आर्थर रोड जेल की बैरक 12 की विस्तृत वास्तुशिल्प तस्वीरें प्रस्तुत की हैं। ये चित्र नवीनीकृत इकाई की मानवीय हिरासत स्थितियों को दर्शाते हैं, जिसमें 46.5 वर्ग मीटर का क्षेत्र, आधुनिक सुविधाएं, सीसीटीवी निगरानी और अंतरराष्ट्रीय मानकों का अनुपालन शामिल है, ताकि भारत में जेल की खराब स्थितियों संबंधी चिंताओं को दूर किया जा सके। मुंबई की उच्च सुरक्षा वाली आर्थर रोड जेल, जहां भगोड़े व्यवसायी मेहुल चोकसी को प्रत्यर्पित किये जाने पर रखा जायेगा, के विस्तृत वास्तुशिल्प चित्र और आंतरिक चित्र, मानवीय हिरासत स्थितियों का आश्वासन देने वाले भारत के हलफनामे के हिस्से के रूप में बेल्जियम की एक अदालत के समक्ष प्रस्तुत किये गये हैं। ये चित्र, 'जेल की स्थितियां बैरक 12, आर्थर रोड जेल, मुंबई' शीर्षक वाले छह तकनीकी पत्रों के एक सेट का हिस्सा हैं, जिन्हें केंद्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार किया गया था और भारतीय अधिकारियों द्वारा जेल सुविधाओं की पर्याप्तता और सुरक्षा को प्रदर्शित करने के लिए दायर किया गया था।

चित्रों के अनुसार बैरक संख्या 12, जिसे चोकसी के लिए इकाई के रूप में नामित किया गया है, लगभग 46.5 वर्ग मीटर (लगभग 500 वर्ग फुट) में फैला है, जिसमें एक मुख्य कमरा, मार्ग, धुलाई क्षेत्र और शौचालय शामिल हैं। यह सुविधा हवादार खिड़कियों, मच्छरदानी, सुरक्षा के लिए ग्रिल वाले दरवाजों, सीसीटीवी निगरानी, सीलिंग फैन और ट्यूबलाइट से सुसज्जित है। इसमें वॉश बेसिन और बहते पानी के साथ शॉवर, साथ ही बेहतर स्वच्छता के लिए पीवीसी फर्श और दीवार टाइलें भी हैं। बीम स्तर पर एक मोबाइल जैमर लगाया गया है और निरंतर निगरानी सुनिश्चित करने के लिए वेंटिलेटर के पास एक सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। हलफनामे में इस बात पर जोर दिया गया है कि इस इकाई का हाल ही में नवीनीकरण किया गया है और यह अंतरराष्ट्रीय हिरासत मानकों का अनुपालन करती है। यह प्रस्तुतिकरण भारत सरकार द्वारा बेल्जियम की अदालत में दिये गये एक आधिकारिक हलफनामे का हिस्सा है, जहां मेहुल चोकसी ने अपने प्रत्यर्पण का विरोध करते हुए अपनी जान को कथित खतरे और भारत में जेल की स्थिति को लेकर चिंताओं का हवाला दिया है।

# पीएम मोदी का बिहार दौरा आज, रैलियों को सफल बनाने के लिए भाजपा रेस



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल 23 अक्तूबर से बिहार में चुनावी जनसभाओं की शुरुआत करेंगे। पीएम मोदी भाजपा के सबसे बड़े नेता हैं और उनकी चुनावी रैलियों से पूरी चुनावी हवा बदलती रही है। इसे देखते हुए भाजपा ने पीएम की रैलियों को सफल बनाने में पूरी ताकत झोंक दी है। पार्टी के चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के साथ बिहार भाजपा की टीम ने इन जनसभाओं को सफल बनाने की जिम्मेदारी संभाली है। पीएम की हर जनसभा से आसपास की लगभग एक दर्जन विधानसभा सीटों पर असर पड़ने की संभावना है। लिहाजा हर रैली में आसपास के इलाकों से लोगों को लाकर जनसभाओं को सफल बनाने की रणनीति अपनायी गयी है।

पार्टी सूत्रों के अनुसार पीएम की रैलियों को लगाने में दो अहम कारकों पर ध्यान दिया गया है। पहला पार्टी जिन क्षेत्रों में अपेक्षाकृत कमजोर स्थिति में है, उनमें पीएम की जनसभाएं कराकर पार्टी की पकड़ मजबूत करने की कोशिश की जा रही है। लेकिन इसके साथ-साथ जिन क्षेत्रों में पार्टी की पकड़ बेहतर है, वहां पीएम की जनसभाओं से आम जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भरने की योजना है। पीएम की रैलियों में भारी संख्या में लोगों के पहुंचने के लिए पूरा इंतजाम किया गया है। पार्टी ने हर जनसभा के लिए सैकड़ों की संख्या में बसें लगाकर लोगों को रैली स्थल तक पहुंचाने की योजना बनायी है। जिस क्षेत्र में पीएम की रैली होगी, उनके आसपास के प्रत्याशी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मंच पर उपस्थित रह सकते हैं। पीएम जनता से उन प्रत्याशियों को जिताने की अपील करेंगे। ऐसे में इन सभी प्रत्याशियों के विधानसभा क्षेत्रों से भारी संख्या में लोगों को लाकर जनसभाओं को सफल बनाने की रणनीति अपनायी गयी है।

**दूसरे नेता संभालेंगे ये जिम्मेदारी**


पीएम मोदी के साथ-साथ भाजपा ने जिन 40 स्टार प्रचारकों की सूची चुनाव आयोग को सौंपी है, उनमें दूसरे नेता भी अपने-अपने कार्यक्रमों के अनुसार चुनाव प्रचार में उतरेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, हेमंत बिस्वा सरमा, देवेंद्र फडणवीस और रेखा गुप्ता की रैलियों को उन इलाकों में लगाया जायेगा, जहां वे पार्टी के लिए प्रभावी हो सकते हैं। इसके अलावा गायक मनोज तिवारी और निरहुआ के कार्यक्रम लगाकर जनता को एनडीए गठबंधन के पक्ष में मतदान कराने की अपील की जायेगी।

### पीएम की रैलियों का पूरा कार्यक्रम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार में पहली जनसभा 23 अक्तूबर को करेंगे। इस दिन वे सासाराम, गया और भागलपुर में तीन जनसभाओं को संबोधित करेंगे। इसके बाद 28 अक्तूबर को भी वे दरभंगा, मुजफ्फरपुर और पटना में तीन रैलियों को संबोधित करेंगे। इसी तरह एक नवंबर को छपरा, पूर्वी चंपारण, समस्तीपुर में और तीन नवंबर को पश्चिमी चंपारण, सहरसा और अररिया में मोदी जनता को संबोधित करेंगे।

### अमित शाह भी मैदान में

पीएम की तरह गृह मंत्री अमित शाह भी इस दौरान बिहार में चुनावी दौरे पर होंगे। हालांकि, वे लगातार बिहार में चुनावी कार्यक्रमों में हिस्सा ले रहे हैं। लेकिन 23 अक्तूबर को वे एक बार फिर बिहार पहुंचेंगे और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं-कार्यकर्ताओं से राज्य के चुनावी हालात पर बातचीत करेंगे। 24 अक्तूबर को वे सीवान और बक्सर में जनसभा करेंगे। 25 अक्तूबर को गृह मंत्री शाह नालंदा, मुंगेर और खगड़िया में तीन जनसभाओं को संबोधित करेंगे।
















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक*** **:** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**